एवं योवर्ततेराजा पौरजानपदेष्विह अनुभूये ह भद्राणि प्राप्नोतीन्द्रसलोकताम् ३४ इतिश्रीमहाभारते राजधर्मेष्वैकेयोपाख्यानम् ७८

हे राजन् इसप्रकारजो राजा अपने नगरविषे और देशविषे ध
र्म मर्यादाको पालनकरताहै सो राजा इसलोकमो यशकीर्ति
संयुक्त सुख भोगकर्के इंद्रलोकको इंद्रसमान स्वर्गसुखकोभो
गताहै ३४ इति श्री महाभारते शान्तिपर्वणि राजधर्म षट्सप्त
तितमोध्यायः ७८ ॥

युधिष्ठिरउवाच व्याख्याता राजधर्मेण वृत्तिरापत्सु भारत कथं स्विद्वैश्य धर्मेण संजीवेद्ब्राह्मणो नवा १ ॥

युधिष्ठिर उवाच हे भारत अप
ने ब्राह्मणको आपदा कालमो राजधर्मकर्के वृत्तिकहीहै ऐसी
वृत्तिकर्के आपदामों ब्राह्मणजीवे तो राजाको ब्राह्मणकी ऐसी
विकर्मस्थता कर्के पापनही होता जो क्षत्री वृत्तिसे शस्त्रादिधार
णक्षत्रीवृत्तिसेभी अधिक आपदा प्राप्तहोयतो ब्राह्मणवाणिज्या
दि वैश्यवृत्तिसेभी जीविका करे अथवा नकरे ऐसा संशयमेरा
आपनिवृत्तकरो १ ॥

भीष्म उवाच अशक्तः क्षत्रधर्मेण वैश्यधर्मेण व
र्तयेत् कृषिगोरक्षमास्थाय व्यसने वृत्तिसंक्षये २
भीष्म उवाच हे राजन् जो ब्राह्मण अति आपदामें शस्त्रादिधा
रणकर्के क्षत्री वृत्तिसे जीविका नही करसकेतो कृषिगोरक्षा
वाणिज्य वृत्तीरूप वैश्यधर्म कर्के भी जीविकाकरे २ ॥
युधिष्ठिर उवाच कानि पण्यानि विक्रीय स्वर्गलोका
न्न हीयते ब्राह्मणो वैश्यधर्मेण वर्तयन्भरतर्षभ ३
युधिष्ठिर उवाच हे भरतर्षभ ब्राह्मण जोहै सो आपदाकालमें
वैश्यवृत्तिकर्के जीविका करेतो विक्रयकरणेयोग्य कौनको
न पदार्थोंको विक्रयकर्के स्वर्गलोककी प्राप्तीसे हीन नही
होतायह मेरी शंका मेरीआप निवृत्तकरो ३ ॥
भीष्म उवाच सुरां लवणमित्येव तिलान्केसरिण
पशून् ऋषभान्मधुमांसंच कृतान्नंच युधिष्ठिर ४
भीष्म उवाच हे युधिष्ठिर मद्यको लवणको ब्राह्मण अवश्य
विक्रयनहीकरे तिलोंको और केशरी जो ग्रीवा गतवालधारी
अश्वादि पशु और ऋषभ जोहै वृषभ और मधुको मांसको
और पक्वान्नको ४ ॥
सर्वास्ववस्थास्वेतानि ब्राह्मणः परिवर्जयेत्
एतेषां विक्रयात्तात ब्राह्मणो नरकं व्रजेत् ५
अति संकटवाली सर्वप्रकारकी आपदामें भी विक्रयकरणा
अवश्य वर्जनकरे जो इनको विक्रयकरे तो इनके विक्रयसे
ब्राह्मण नरकको जाताहै ५ ॥
अजोऽग्निर्वरुणो मेषः सूर्योऽश्वः पृथिवी विराट्
धेनुर्यज्ञश्च सोमश्च न विक्रेयाः कथंचन ६
अजापशु विक्रयके निषेध हेतु कहते है अजाजोहै सो अग्नि
देवताहै मेषजो है सो वरुणदेवताहै अश्वजोहै सूर्यदेवता
है और पृथिवी जोहै विराट् प्रजापतिदेवताहै धेनुजोहै गो
उसोयज्ञपुरुष और सोमदेवताहै यह पशुब्राह्मणने कदापि
विक्रयनहीकरणे ६ ॥
पक्वेनामस्य नियमं न प्रशंसंति साधवः नि
यमेत्पक्वमांसेन भोजनार्थाय भारत ७ ॥
पक्वअन्नका विक्रयनिषेधसेआमजो अपक्वजो अन्नहै उसके
विक्रयका निषेधनहीहै पक्व अन्नके विक्रयकर्के आमअन्न

श्री·
रा·ध·
टी·
३८

का खरीदनेसे पक्वअन्नको विक्रयकरणेसे पक्वान्न विक्रय कर
णेहारा दोषको प्राप्तहोताहै आम अन्नदेकर्के पक्वअन्नको भोज
नार्थ खरीदे तो दोषनहीहै लाभवास्ते नही विक्रयकरे ७ ॥
वयंसिद्धमशिष्यामो भवान्साधयितामिमं
एवं समीक्ष्यनियमं नाधर्मोस्ति कथंचन ८
हेराजन् भोजनार्थयहव्यवहार प्रसिद्धहै अति क्षुधाकालमे
मो एसाबनताहै हे भाई हमसिद्ध अन्नभोजनकरेंगे तो हमा
रेको इस आम अन्नको सिद्धकरदे पक्वकरदे एसेव्यवहार
विषे पक्वअन्नका दोषकदापि नहीहोता ८ ॥
अत्रते वर्नयिष्यामि पुराधर्मः सनातनः व्य
वहारप्रवृत्तानां तन्निबोध युधिष्ठिर ९ ॥
हेयुधिष्ठिर एसेव्यवहारविषे जो पुरातन धर्मबनाहै इसका
उदाहरण दृष्टांत मै कहताहूं इसको आपजानलेवो ९ ॥
भवतेहं ददानीदं भवानेतत्प्रयच्छतु रुचि
तो वर्ततेधर्मो नबलात्संप्रवर्तते १० ॥
व्यवहार मार्गके दानग्रहणमो एसीमर्यादा बनीहै मे तुम
को यह अन्नादिदान देताहूं एसा दानकालमो प्रथमनिवे
दनवचन होताहै इसको अंगीकारके वचनको उत्तर वचनहो
आप इस अन्नादि दानको देवो व्यवहारधर्म रुचिसे प्रमाणहो
ताहै बलसे नही प्रवृत्त होता १० ॥
इत्येव संप्रवर्तंते व्यवहाराः पुरातनाः ऋषी
णामितरेषांच साधुवैतद संशयम् ११ ॥
इसीप्रकार पुरातन व्यवहारधर्म प्रवृत्तभये चले आवतेहै
ऋषी जनोंके और व्यवहारी संतजनोंकेभी व्यवहार धर्मसा
धुभावसे बनेहै ११ ॥
युधिष्ठिर उवाच अथतात यदासर्वाः शस्त्रमाददी
ते प्रजाः व्युत्क्रामंति स्वधर्मेभ्यः क्षत्रस्यक्षीयते बलं
युधिष्ठिर उवाच हे नराधिप धर्म कर्मकी ग्लानि ॥ १२
शास्त्र ग्रहणकरे सभही अपने धर्मो से उल्लंघित हो जावेगे क्ष
त्रीका तेजो बल क्षीण होजावेगा १२ ॥
राजात्राता तलोकस्य कथंचस्यात्परायणम्
एतन्मे संशयंब्रूहि विस्तरेणनराधिप १३

राजा प्रजा लोकका त्राताहे ऐसेधर्मवचनका पात्रक्षत्री कैसे
होवेगा ऐसे मेरे संशयको आपविस्तारसे उत्तरवचनकहो १३
भीष्मउवाच दानेन तपसायज्ञै रद्रोहेण दमेनच
ब्राह्मण प्रमुखावर्णाः क्षेममिछेयु रात्मनः १४
भीष्म उवाच हे राजन् ब्राह्मणादिक सभही वर्णदानकर्कै त
पकर्कै यज्ञोकर्कै और द्रोह हिंसाकी परित्यागकर्कै और इंद्रियो
के दमकर्कै सभही राजासे अपने क्षेमकी वांछासदाकरे १४
तेषांयेवद वलिनस्तेभ्युस्यायसमंततः रा
ज्ञोबले वर्द्धयेयु र्महेंद्रस्येवदेवताः १५ रा
ज्ञोपिक्षीयमाणस्य ब्रह्मैवाङ्गःपरायणं तस्
माद्ब्रह्मबलेनैव समुत्थेयं विजानता १६
जो राजाको कछु अरिष्टआपदाका संभवहोवनेतो ब्राह्मणही
शांतिविधान कर्कै रक्षाकरणेहारेहे ताते राजाने विचारक
कै ब्रह्मबलकर्कैही अपना उदयकर्तव्यहे १६ ॥
यदाभुवि नयीराजा क्षेमंराष्ट्रेभि संदधेत् त
दावर्णायथाधर्मं निविशेयुःकथंचन १७
जवराजा पृथिवी विषे मंत्रयज्ञादि ब्रह्मोपायकर्कै और दंड
नीत्यादि क्षत्रधर्मकर्कै जयको प्राप्तहोताहे तब सभही वर्ण
अपनी धर्ममर्यादाविषे स्थिर होतेहे राजा विना कदापि म
र्यादा नही होती १७ ॥
उन्मर्यादे प्रहत्तेत दस्युभिः संकरेकृते सर्वे
वर्णानदुष्येयुः शास्त्रवंतो युधिष्ठिर १८ ॥
जवराजाकी रक्षाविना लोकमर्यादाके उन्मादको प्राप्तभये १८
तवशास्त्र ज्ञानवाले वर्णभी अधर्म दोषयुक्तक्यों नही होवेगे
युधिष्ठिरउवाच अथचेत्सर्वतःक्षत्रं प्रदुष्येद्ब्राह्म
णंप्रति कस्तस्यब्राह्मणस्त्राता कोधर्मःकिंपरायणं १९
युधिष्ठिर उवाच हे तात जो सर्वप्रकारसे क्षत्रीब्राह्मणको दो
षारोपकर्कै अनादरकरे तो ब्राह्मणको रक्षाकरता कोनहो
वे और ब्राह्मणको क्या धर्महोवेगा रक्षाकैसेहोवेगी १९ ॥
भीष्मउवाच तपसाब्रह्मचर्येण शस्त्रेनच वलेन
च अमायया माययाच नियंतव्यं तदाभवेत् २०
भीष्म उवाच हे राजन् तव ब्राह्मणोने अपने रक्षानपकर्कै
करणी ब्रह्मचर्यके शास्त्रविद्या केवलकर्कै रक्षाकरणी कदावि

न् माया त्यागकर्के सत्यधर्मसे रक्षा करणी कदाचित् मायाछल कर्के भी करणी २॰ ॥

क्षत्रियस्याभिद्रुतस्य ब्राह्मणेषु विशेषतः ब्रह्मैव सन्नियंतृस्यात्क्षत्रंहि ब्रह्मसंभवे २१ ॥

जो कदाचित् क्षत्री दुर्जनहोवे ब्राह्मणोके प्रतिविशेषकर्के दुष्टहत्ति होवे तोभी ब्राह्मणकर्केही उसकी दुष्टहत्ति निवृत्तहोतीहे जैसे वेणराजाकोभी ब्राह्मणोनेउद्धार कियाहे क्षत्री ब्रह्म धर्म तो ही उत्पन्न भयाहे २१ ॥

अद्भ्योग्निर्ब्रह्मतः क्षत्र मश्मनोलोहमुत्थितं तेषां सर्वत्रगंतेजः स्वासुयोनिषुशाम्यति २२

जलोंसे अग्निउत्पन्नभयाहे ब्रह्मधर्मसे क्षत्रधर्म उत्पन्नभयाहे पाषाणसे लोहा उत्पन्न भयाहे इन्होंनेको बलतेज सर्वगतही तोभी अपनी उत्पत्ती स्थानमों प्राप्तहोकरशांत होजाताहे २२ ॥

यदाछिनत्त्ययोश्मान मग्निश्चापोभि मर्षति क्षत्रंच ब्राह्मणंद्वेष्टि तदानश्यंति तेत्रयः २३

जबलोहा पाषाणको छेदन करताहे अग्निजलको जबदाहकरताहे और क्षत्री ब्राह्मणको द्वेषकरताहे तबलोहा अग्नि क्षत्री अपनी योनिके विरोधसे तीनो शांतहो जातेहे २३ ॥

तस्माद्ब्रह्मणि शाम्यंति क्षत्रियाणां युधिष्ठिर समुदीर्णान्यजेयानि तेजांसिच बलानिच २४

ताते हे राजन् क्षत्रियोके तेजो बल अति उग्रहहे और अजितभी सो सभही ब्रह्मतेजविषे शांतहोजातेहे २४ ॥

ब्रह्मवीर्येमृदूभूते क्षत्रवीर्येचदुर्बले दुष्टेषु सर्ववर्णेषु ब्राह्मणान्प्रतिसर्वशः २५ ॥

हे राजन् ब्राह्मणोके अवमानसे ब्रह्मतेज शांतहोगया और उसीदोषसे क्षत्रीयोका तेजोबलभी शांतहोगया तो सभही वर्ण ब्राह्मणोविषे दुष्टबुद्धि होजातेहे २५ ॥

येतत्रयुद्धंकुर्वंति त्यक्त्वाजीवितमात्मनः ब्राह्मणान्परिरक्षंतो धर्म मात्मान मेवच २६ ॥

हे राजन् क्षत्री विनाभी और वर्ण जो युद्धविषे ब्राह्मणोकी रक्षा लिये अपनेजीवितकोभी त्यागकरतेहे सोवर्ण धर्मको भी रक्षण करतेहे और अपने आत्माको नरकभयसेरक्षाकरतेहे २६ ॥

मनस्विनो मन्युमंतः पुण्यलोका भवंतिते ब्राह्मणार्थेहि सर्वेषां शस्त्रग्रहण मिष्यते २७ ॥

ऐसी मनस्वी लोकधर्म रक्षावास्ते अधर्मीजनोविषेक्रोधकरते
हेब्राह्मणोंकी रक्षावास्ते सर्ववर्णोंको शस्त्रग्रहण धर्मशास्त्रोवि
षे कहाहे २७ ॥

अतिस्विष्टमधीतानां लोकानति तपस्विनां
अनाशकाग्नौ विशतां शूरायांति परांगतिं २८

जोनसी अतियज्ञोकके अतिवेदाध्ययनसे अतितपकर्केभी जो
उत्तमलोकप्राप्तिसेहोतीहे और मासोपवासादि अन्नत्यागव्रतक
र्के और अग्निविषे स्वशरीर होमसे होतीहे ऐसी उत्तम ब्राह्मणध
र्मकी रक्षावास्ते शूरमालोकजो रणविषे शरीरत्यागकरणे हारे
हें उन्हको सोगतिप्राप्तिहोतीहे २८ ॥

ब्राह्मण स्त्रिषु वर्णेषु शस्त्रं गृह्णन्न दुष्यति
एवमेवात्मनस्त्यागा नान्यं धर्मं विदुर्जनाः २९

जो क्षत्रियादि तीनोवर्ण धर्मलोपकरे तो ब्राह्मण तीनोवर्णों
को दंडकरणेवाले शस्त्रग्रहणकरेतो उसको हिंसादोषरूपी वि
कर्ण धर्मकरणादोषनहीहोता इसप्रकारसे जो आत्मदेहत्याग
करेतो इससे परे और धर्म कर्म नहीहे २९ ॥

तेभ्योनमश्च भद्रंच येशरीराणि जुह्वते ब्रह्म
द्विषो नियच्छंतस्तेषांनोस्तु सलोकता ३० ॥

हे राजन् ऐसे उत्तम धर्मवाले जनोको सदानमस्कारपूजाकरते
यहे जोपुरुष धर्मरक्षावास्ते अपने शरीरके आहुती रणयज्ञमो
करतेहे और ब्रह्मधर्मकीद्वेषी अधर्मी जनोंके धर्म दंडसे वधक
रतेहे उन्हको जो उत्तमलोक प्राप्तिहोतीहे सोईहमलोकोको
भी प्राप्तहोवे ऐसी परमगति अति दुर्लभहे ३० ॥

ब्रह्मलोकजितःस्वर्ग्यान्वीरांस्तान्मनुरब्रवीत्
यथाश्वमेधावभृथे स्नाताःस्नताभवेन्नृप ३१

ब्रह्मलोककोजीतनीहारे स्वर्गलोक सभही रणधर्मके वीरो
को मनुप्रजापतीने कहीहे जैसे अश्वमेधके अभिषेक स्नान
मो सभही पापकारी पवित्रहोतेहे और पापकर्मके फलकाभी
नाशहोताहे तैसेरणयज्ञविषेभी सन्मुखयुद्धकरणेहारे सूरमा
लोकभी शस्त्र प्रहारसे अपने शरीरके रुधिर धाराके अभिषे
ककर्के सकलतीर्थोके स्नान जैसे पवित्रहोतेहे हिंसादिपाप
कर्मका नाशहोताहे और देहांतकालमो सूर्यमंडलकोभेदकर
ब्रह्मलोकसे ऊर्ध्वगतीको प्राप्तहोतेहे ३१ ॥

भवत्यधर्मो धर्मोहि धर्माधर्मावुभावपि कारणा
द्देशकालस्य देशकालः स तादृशः

देशकालस्य देशकालः स तादृशः ३२ ॥
रणविषे हिंसारूपी अधर्म परमधर्मके फलको देताहै हेराज
न् धर्म और अधर्म देशकालकी अवस्थासे अधर्म धर्मरूप हो
तेहै अधर्म धर्मफलको करताहै और धर्मफलको करताहै ३२
मैत्राः क्रूराणि कुर्वन्तो जयन्ति स्वर्गमुत्तमम् ध
र्म्याः पापानि कुर्वाणा गच्छन्ति परमां गतिम् ३३
यहत्तम धर्म अधर्मकी फलविपरीतताहैषो मैं अजोहै धर्महामि
वाले अनेक पराशरादिकसो क्रूरकर्मोको सर्पराक्षसादिविनाश
के यज्ञको करतेभये सोधर्म फलको प्राप्तहोतेभये और धर्मसे
विपरीत हनिवाले क्षत्रियादि सो रणविषे शत्रुवधादिपापकोंक
रतेहै सो पृथिवीकी रक्षाकरणेसे पुण्यफलको प्राप्तहोतेहै ३३ ॥
ब्राह्मणस्त्रिषु कालेषु शस्त्रं गृह्णन्न दुष्यति आ
त्मत्राणे वर्णदोषे दुर्गस्य नियमेषु च ३४ ॥
भी तीनकालो विषे शस्त्रग्रहणकरताहै सोभी हिंसादोषको नही
प्राप्तहोताहै अपने शरीरके रक्षाकालमो और वर्णधर्मके रक्षाकाल
मो और दुष्टपुरुषके मारणकालमो पापकर्मके दोषको नही प्रा
प्तहोताहै ३४ ॥
युधिष्ठिर उवाच अभ्युत्थिते दस्युबले क्षत्रार्थे वर्णसं
करे संप्रमूढेषु वर्णेषु यद्यन्योऽभिभवेद्बली ३५
युधिष्ठिर उवाच हे महाराज जो चोरबलउदेहोवे और क्षत्री धर्मकेवा
स्ते प्रजापालनवास्ते और धर्ममार्गकी विपरीततासे वर्णसंकरहो
वष्टहतहोवे और क्षत्री लोकप्रजापालनमो समर्थनही होवे तव
जो और वर्णवाला धर्मरक्षावास्ते शस्त्रग्रहणकरे ३५ ॥
ब्राह्मणो यदि वा वैश्यः शूद्रो वा राजसत्तम दस्यु
भ्यो ऽथ प्रजा रक्षेद् दण्डं धर्मेण धारयन् ३६ ॥
ब्राह्मणवैश्य अथवा शूद्रचोरादिकोंसे प्रजाको रक्षणकरे और शा
स्त्रविधिसे दंडधारणभीकरे ३६ ॥
कार्यं कुर्यान्न वा कुर्यात् संवार्यो वा भवेन्न वा तस्मा
च्छस्त्रं गृहीतव्यमन्यत्र क्षत्रबन्धुतः ३७ ॥
और राजधर्मकरे अथवानकरे इसको मान्यजानकर पूजाकर्तव्य
है अथवानहीकर्तव्यहै और वर्णोंकी धर्मसंकरताविषे क्षत्रीबंधु
विना इतरजाती कोभी शस्त्रग्रहणकरणा अपनेकहाहै ३७
भीष्म उवाच अपारे यो भवेत्पारमप्लवे यः प्लवो भ
वेत् शूद्रो वा यदि वाप्यन्यः सर्वथा मानमर्हति ३८

भीष्म उवाच अपारजो अप्लवः समुद्र इसविषे जो रत्नाकर्के पार
करदेवे अगाधजोजलस्थान उसविषे नरोंका उपाय नौका जे
सा तारणेहारा होवे इसीप्रकार धर्मरत्नाकरणेहारा शूद्रहोय
म्लेच्छचंडालादिभी होय सर्वप्रकारसे मानपूजा योग्यहोताहे ३८

यमाश्रित्य नरा राजन् वर्तयेयुर्यथासुखं अ
नाथाः परिकाल्यन्तो दस्युभिः परिपीडिताः ३९

हेराजन् जिसकोआश्रयकर्के सभही प्रजाके मनुष्ययथा सु
ख अपने धर्मकर्मविषे प्रवृत्तहोवे अनाथहोकर चौरादिको
की पीडापाइकर पीडा निवृत्तिकी आशाको जिसकेवलकर्के
प्राप्तहोवे ३९ ॥

तमेव पूजयेयुस्ते प्रीत्या स्वमिव बांधवं अभी
रभीक्ष्णं कौरव्य कर्तासन्मान मर्हति ४०

सो सभही अनाथलोक अपनी पालना करणेहारेको जैसे
अपने रहस्वामी कर्तव्यहे तैसे अपने पालककी मानपूजा
करे हेकौरव्य अत्यंत अभयसे रक्षाकरणे हारा महापूजा स
न्मानकरणेयोग्यहोताहे ४० ॥

किं तैर्येनडुहो नोह्याः किं धेन्वा वाप्यदुग्धया
वंध्यया भार्यया कोर्थः कोर्थो राज्ञाप्यरक्षता ४१

ऐसे हृषभोकर्के क्या सिद्धहोताहे जोनसे भारवाह नेमो अयो
ग्यहोवे ऐसी धेनूकर्के क्या अर्थहोताहे जो धेनुअदुग्धाहोवे औ
र वंध्याभार्याकर्के क्याअर्थहोताहे तैसे जोराजा अरक्षकहै उ
सराजाकर्के क्या सुखहोताहे ४१ ॥

यथा दारुमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः यथा
ह्यनर्थः षंढोवा पार्थक्षेत्रं यथोषरं ४२ ॥

जैसे काष्टमय हस्ती अर्थकारी नहीहे जैसे चर्म मय सिंहादि
मृग हथाहे जैसे नपुंसकपति हथाहे जैसे ऊषर क्षेत्रनिष्फ
लहे ४२ ॥

एवं विप्रोनधीयानो राजायश्च नरक्षिता मे
घो नवर्षतेयश्च सर्वथाते निरर्थकाः ४३

इसी प्रकार वेदाध्ययन विनाविप्र निष्फलहे तैसेअरक्षक रा
जा निष्फल हे और वर्षारहित मेघनिष्फल यह सभही सर्वप्र
कारसे निष्फलहे ४३ ॥

नित्यं यस्तु सतो रक्षेदसतश्च निवर्तयेत् सप

व राजा कर्तव्य स्तेन सर्वमिदंधृतम् ५४ इतिश्री म
हाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मे सप्त सप्ततितमो
जोतस्या सूरमा होकर संतजनोकी धर्मकी रक्षाक ध्यायः ७७
रे अधर्मी असंतजनोको दंडशासनाकरे सोई बलवान राजाकर्ते
व्यहै इसीविषे जगतकी मर्यादाका सर्वविद्यमानहै इसीने अपने
बलकर्के जगत संहरण धारण कियाहै ५४ इति श्री महाभार
ते शांतिपर्वणि राजधर्मे सप्तसप्तति तमोध्यायः ७७ ॥
युधिष्ठिरउवाच कसमुत्थाःकमंशीला ऋत्विजःस्युः
पितामह कथंविधाश्च राजेंद्र तद्ब्रूहि वदतांवर १
युधिष्ठिर उवाच हे पितामहजी राज्यके स्वामी अमात्य सुहृदकोश
राष्ट्र दुर्गबल इसप्रकारके सप्त अंग अपने कहेहै यहसातोही
राजप्रकृतिहै तिन्होविषे स्वामीरूपाप्रकृति तीन भेदकीहै ति
न्होविषे प्रथम मुख्य पुरोहित रूपा स्वामी प्रकृतिहै निरूपण
कीतीहै इसके अनंतर प्रधानरूपास्वामी प्रकृति राजाहै सो
भी निरूपण कियाहै और तीसरी स्वामी रूपा प्रकृति ऋत्विज
है सो ऋत्विक कौन निमित्तसे कहेहै उन्हकाकौन कर्म करने
का शीलवालेहै संख्यामे केतेहोवे उन्हके स्वरूप लक्षण कैसे
होवे हे वदतांवर आपनिर्णय करकहो १॥
भीष्म उवाच प्रतिकर्म पराचार ऋत्विजांस्मविधीय
ते छंदःसामादिविज्ञाय द्विजानां श्रुतमेवच २
भीष्म उवाच हे राजन् ऋत्विगकैसे होवे एक एककर्मके प्रति
परम आचरण परायण होवे जैसे योगशास्त्रमो मैत्री मुदिता क
रुणा उपेक्षा शांति आदिक वृत्तियोका प्रत्येकसाधन क्रमकहा
है तैसे राजालोकोके शांतिक पौष्टिकादि कर्मकी प्रयोगशुद्धि
निमित्त एक एक कर्मप्रति ऋत्विज कर्तव्यहै इसविषे अपने
दृढनिश्चय आचार शीलहोवे वहोऊकैसे होवे छंदजोहै ऋ
ग्वेदकी सामकी मंत्रसंहिताकेवेत्ता होवे वहोउ ब्राह्मणोमश्रुत
जो यज्ञमंत्र और मीमांसाशास्त्रके कर्मनिष्ठाके ज्ञानवाले होवे
ये त्वेकायनयो नित्यं वीराणां प्रियवादिनः परस्प
रस्य सुहृदः सर्वेतास्समदर्शिनः ३ ॥ २
वहोऊकैसे ऋत्विजहोवे एकयजमानके कार्यसिद्धिमो एकप्री
तिवाले होवे और कर्म निष्ठावाले वीरलोकोके प्रियवादी होवे
क्रोध अमर्षरहितहोवे परस्परविषेभी सुहृदहोवे सर्वप्रकार
से समदर्शीहोवे ३ ॥
अनृशंसा सत्यवाक्या अकुसीदाअपर्जवः अद्रो

ह्रोनभिमानश्च ह्रीःतितिक्षा दमः शमः ४ ॥
वहोइ केसेहोवे दोषारोपरहितहोवे सत्यवादी दस्माहद्विरहित
होवे और शुद्ध आचारहोवे द्रोहे अभिमानसे रहितहोवे वहोउ
क्रूर शीलके लज्जायुक्तहोवे और क्षमाशीलहोवे इंद्रिय भोगवा
सनाके दमनशीलहोवे और मनकी चंचलता रहितहोवे ४ ॥
धीमान्सत्यव्रतोदान्तो भूतानामविहिंसकः अ
काम द्वेष संयुक्त स्त्रिभिः शुक्लैः समन्वितः ५
हे राजन् ब्रह्म ऋत्विज ब्रह्माहोताहे सो केसाहोयधीमान् शास्त्र
ज्ञान संपन्न कर्मनिष्ठाके ज्ञानवालाहोय व्रतनिष्ठाकी सत्यनिष्ठा
वान होवे इंद्रियोकी चपलता रहितहोवे दांतहोवे और भूतोंकी
हिंसाहनि रहित होवे और द्वेष रहितहोवे त्रिशुक्लशुद्धिवाला
होवे जिसको शास्त्रश्रवण ज्ञानशुद्धहोवे और जिसका आचार
हतिशुद्धहोवे जिसकावंशाभीशुद्धहोवे ५ ॥
अहिंसको ज्ञानतृप्तः सब्रह्मासन महति यते
महर्त्विजस्तान सर्वेमान्या यथार्हतः ६ ॥
और हिंसा रहितहोवे और शास्त्र ज्ञानके आनंदसे तृप्तहोवे सो
यज्ञविषे ब्रह्मासनवरणके योग्यहोता हे राजन् यह ऋक साम
अथर्वकेब्रह्मादिक ऋत्विज हे सो यज्ञकर्मके सहचारी ऋत्वि
जहे सो सामान्य यज्ञविषे अवश्यहोतेहे और सहायज्ञविषे स
दस्यादिक उपऋत्विजभी होतेहे सो सभही पूर्वोक्तलक्षण संप
न्नहोवे यथायोग्यसभही मान पूजा योग्यहे ६ ॥
युधिष्ठिरउवाच यदिदं वेदवचनं दक्षिणास्त्रविधीयते
इदंदेयमिदंदेयं नक्वचिद्व्यवतिष्ठते ७ ॥
युधिष्ठिरउवाच हे महाराज जोनसा यहयज्ञादि वेदवचनहे द
क्षिणा दान निमित्तसे सफल संपूर्णकहाहे इसकी यहद्रव्यद
क्षिणादेयहे इसकर्मे यहएद्रव्यदक्षिणा दानव्यहे ऐसीनियम
व्यवस्था कही नहि बनती ७ ॥
नेदंप्रतिधनंशास्त्र मापद्धर्मानुशासनः आ
ज्ञाशास्त्रस्य घोरेयं नशक्तिं समवीक्षते ८ ॥
यहदक्षिणादानशास्त्र शक्त अशक्त धनप्रति आपदा धर्मके अ
नुसार धर्मशास्त्रमे दृष्टनहीहोता और वेदकी आज्ञाऐसे हेजो
एक एक ऋत्विजप्रति दश दश शत शत सहस्त्र सहस्त्र गौद
क्षिणाप्रति गोदान प्रति वस्त्रदान सुवर्णादि दानबहोतसंख्या
के कहेहे तोऐसी वेदकी आज्ञाशक्त अशक्त धनकी व्यवस्थान

नही कही जो वेदकी दक्षिणा दान आज्ञा प्रतिबोधहै ८ ॥
श्रद्धावतश्च यष्टव्यं मित्येषा वैदिकी श्रुतिः मि
थ्या येनस्य यज्ञस्य किन्नु श्रद्धा करिष्यति ९
और यहभी वेदवाक्यहै जो श्रद्धा वालेने यज्ञकर्तव्यहै सो श्रद्धा पू
र्णा दक्षिणादानसे सिद्धहोतीहै जो ऐसी कल्पना दरिद्र पुरुषोंहोवे
गो दक्षिणाके स्थानमे दरिद्रोंने चरुमात्रदेनातो ऐसी मिथ्या क
ल्पनासे यज्ञ संपूर्ण फलनही करना ऐसे मिथ्याचारसे श्रद्धाका
करेगी इसको आपनिर्णयकरके कहो ९ ॥
भीष्मउवाच नवेदानां परिभवा न्नशाठ्येनन माय
या कश्चिन्महदवाप्नोति मानेभूद्बुद्धिरीदृशी १०
भीष्मउवाच हे राजन् जोतेने प्रश्नकियाहै इसको अवस्थासे उत्तर
कहेतेहै ऐसी कष्टकल्पनाकी बुद्धिविचारणा मतहोवेजो वेदवा
क्यको अनादरसे महापदको कोई प्राप्तनही होता वित्तशाठ्य क
के नही प्राप्तहोता छलकर्के मायाकर्के महापदको कोईभी महा
पदको नही प्राप्त होता ऐसी बुद्धितर्क वितर्क वाली मतहोये १०
यज्ञांगंदक्षिणातात वेदानां परिबृंहणम् न
यज्ञा दक्षिणाहीना स्तारयंति कथंचन ११ ॥
यज्ञका अंगदक्षिणा दानकरणा यहवेदवाक्य प्रमाणहै यज्ञयागा
दिककर्म दक्षिणा दानहीनहोवेजो यज्ञकर्ताके तारकनहीहोते ११
शक्तिस्तु पूर्णपात्रेण संमिता नसमाभवेत् अ
थपतानयष्टव्यं त्रिभिर्वर्णैः यथाविधि १२ ॥
जो शक्ति होवेतो दक्षिणायथाविधि दानव्यहै नही शक्ति होवेतो
पूर्णपात्रदानकर्के दक्षिणापूर्णहोतीहै जैसे आपदाकालमे अ
शक्त पुरुषको एक अश्वमात्र सकृदान अश्वमेध यज्ञसेभी अधि
कपुण्यदेताहै तैसे दरिद्र पुरुषको पूर्णपात्र दान द्वादश गोश
तदान समान होताहै १२ ॥
सोमोराजाब्राह्मणानामित्येषा वैदिकी स्थितिः
तंचविक्रेतु मिच्छंति नवृथावृत्तिरिष्यते १३ ॥
अबसोमलताके विक्रयदोषकापरिहार विचार कहतेहै हे राजन्
सोमजो चंद्रमा देवता सो ब्राह्मणोका राजाहै उसको विक्रय कर
णे ब्राह्मण इच्छा करतेहो सोवृथा सोमविक्रयनहीकरे यज्ञवालेसो
मकाविक्रयकहाहै उपजीवकावास्तेसोमविक्रयनहीकहा १३
तेन क्रीतेन यज्ञेन ततोयज्ञः प्रतायते इत्येवं
धर्मतो ध्यात ऋषिभिः धर्मवादिभिः १४ ॥
सोमखरीदनेसे सोमयागकहाहै उसीकर्के सोमयागहोताहै ऐ

से सोम विक्रयका निर्णय धर्मवादि ऋषिजनोने कहाहे १४ ॥

प्रमान्यात्तस्य सोमस्य न्यायहृतो पराभवेत् अ
न्यायहृतः पुरुषो नपरस्य नचात्मनः १५ ॥

हे राजन् यज्ञकर्ता पुरुष और सोमयागादियज्ञ और सोमलता
यह न्यायहृतिसे होवेतो यज्ञका फलहोताहै अन्यायहृतिहोवे
पुरुषतो अपने को फलनही करता यज्ञकरावणे हारे कोफल
नही करता १५ ॥

शरीरहृत्तमास्थाय इत्येषाश्रूयतेश्रुतिः ना
स्तिसम्यक्प्रणीतानि ब्राह्मणानांमहात्मनां

जोदेहपोषण मात्रसे प्रवृत्तभये जो ब्राह्मण तिन्होने १६ ॥
प्रवृत्त किये जो प्रणीतापात्रा सादानादि स्रुवक अग्निस्थापनादि
होमविधीके यज्ञादिकर्म सोसम्यक् हिंसा प्रधानतासे शुभफ
लको नही करते १६ ॥

तपोयज्ञादपिश्रेष्ठं इत्येषापरमाश्रुतिः तत्ते
तपः प्रवक्ष्यामि विद्वंस्तदपिमेशृणु १७ ॥

ब्राह्मणोको यज्ञादि कर्मसे तपकरणाही परमश्रेष्ठहे ऐही
परम श्रेष्ठश्रुती प्रमाणहे ताते तुमको तपकर्तव्यताकी निष्ठा
कों कहतेहे तुमभीधर्मतत्वके वेत्ताहोकर तपोयज्ञकी कर्तव्य
ताको श्रवणकरो १७ ॥

अहिंसा सत्यवचन मानृशंस्यंदमोघृणा एत
त्तपोविदुर्धीरा नशरीरस्य शोषणं १८ ॥

ब्राह्मणोको अहिंसा धर्महे सत्यवचन धर्महे और अकठोरताध
र्महे और इंद्रियोका दमन धर्महे सर्वभूतदया धर्महे यही
ब्राह्मणोका सौम्यतपहे सो यज्ञकर्मसे श्रेष्ठहे केवल उपवासा
दिकर्के देहका वृथा शोषण तपोभी धर्मनहीहे १८ ॥

अप्रमाणंच वेदानां शास्त्राणां चाभिलंघनं
अव्यवस्थाच सर्वत्र तद्वैनाशन मात्मनः १९

हे राजन् वेदवाक्योका अप्रमाणकहना शास्त्रोक्तधर्ममर्यादाका
लंघनकरणा और सर्वप्रकारके आचार विचारमो अव्यवस्था नही
माननी एतेलक्षण आत्मनाशकारीहे १९ ॥

त्रिदोषदशाहोतृणां विधानेपार्थ्यपादशाम
विदिःस्रुकचितिमाश्च पवित्रज्ञान मुत्तमम

हे राजन् शास्त्रज्ञानवालेको यज्ञादिकर्मभी ज्ञानके ॥ २० ॥
साधनकहे हे दशहोता यागवालेको विति तत्व स्रुक रूपहे चि
त्तरूप आज्यरूपहे पवित्रधारणरूप उत्तम मंत्रार्थ ज्ञानरूपहे २०

श्री॰
रा॰ ध॰
टी॰
५३

सर्वं जिह्मं मृत्युपदमार्जवं ब्रह्मणः पदम् एता
वान् ज्ञानविषयः किं प्रलापः करिष्यति २१
सर्वत्र कपटता मृत्युरूपहै और शुद्धासंपन्न आर्जवहीतो ब्रह्मपदहै
एतन्मात्र ज्ञानविषयहै यज्ञविधिके ज्ञानविषयविना केवलना
म कल्पनावाला यज्ञधर्म फल क्या करेगा हथ्या वाचारंभणाजै
साहै २१
इतिश्री महाभारते शांतिपर्वणि राज
धर्मे अष्टसप्ततितमोऽध्यायः ७८ ॥
इतिश्री महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मे अष्टसप्ततितमोध्यायः ७८
युधिष्ठिरउवाच यदप्यल्पतरं कर्म तदप्येकेन दुष्करं
पुरुषेणासहायेन किमु राज्यं पितामह १ ॥
इसप्रकार पुरोहित राजा ऋत्विक तीनप्रकारसे स्वामीरूप त्रिप्रका
र स्वामी भावके प्रकृतिका निरूपणभया अब अमात्यरूप प्रकृति
ज्ञानवास्ते राजाका प्रश्नहै युधिष्ठिरउवाच हे पितामहजी जो स्व
ल्पमात्र उद्यमकाभी व्यवहारकार्यहै सोभी एकाकी पुरुषको
दूसरे सहायविना करणाकठिनहै ऐसा महाप्रयत्न संपदावा
ला राज्यशासनारूपी महाकर्म सो सहाय संपदाविना एकाकी
पुरुषसे कैसेबननाहै १ ॥
किंशीलः किं समाचारो राज्ञोथ सचिवो भवेत्
कीदृशे विश्वसेद्राजा कीदृशे नच विश्वसेत् २
तातें अबमोको अमात्यके अधिकारी पुरुषके लक्षणकहो रा
जाको मंत्री अमात्य कैसे शीलवालाहोवे कैसे आचारविचारवा
लाहोवे कैसे शीलवाले मंत्री विषे राजा विश्वासकरे और कैसे
दोषजानकर्के मंत्री विषे विश्वासनहीकरे २ ॥
भीष्मउवाच चतुर्विधानि मित्राणि राज्ञां राजन्भ
वंत्युत सहार्थो भजमानश्च सहजः कृत्रिमस्तथा
भीष्मउवाच हे राजन् चारप्रकारके राजालोकोके सहा
यकारी मित्रहोतीहै ॥ ३ उन्हके लक्षणभेदवास्ते नामभेदभीकहते
है एकतो सहार्थहोताहै इसका अर्थप्रयोजन अपनेसाथ बरा
बरहोताहै अपनेमातापिताके भ्राताभगिनीका पुत्रादिकहै और
एक मित्रभजमान होताहै सो पितृ पितामहादि क्रमसे सेवा
कालमेसखा मित्र होताहै और एक सहज होताहै शत्रुकोजी
तने वाले शत्रुराज्यको अर्धार्धभाग ग्रहण वास्ते कियाहै उस
की तुल्यहीभी अपने साथ एक प्रयोजनकालमेही दानमा
नकर्के कल्पन कियाहै ३ ॥
धर्मात्मा पंचमस्त्वापि मित्रं नैकस्य नद्वयोः
यतो धर्मस्ततो वा स्याद् मध्यस्थो वा ततो भवेत् ४

औेर धर्मात्मा मित्र पंचम होताहै सोजहां धर्म प्रवृत्ति विद्यमानहै
तहां मित्रताकों करताहै न एकपत्तका हितकारीहै न उभयप
त्तका हितकारीहै जहां धर्महोय तहां हितकारीहै सो ग्रधर्म
प्रवृत्तिको मित्रताको त्यागकरजाताहै ४ ॥

यत्स्यार्थोनरोचेत तत्तस्य प्रकाशयेत्
धर्माधर्मेण राजान ग्रंतिविजिगीषवः ५

ऐसी शंका मतकरो जोनसा ग्रर्थ धर्म प्रसंगसे रहितहै
उस ग्रर्थको ग्रापभी त्यागकर्तव्यहै हे राजन् जौनसे राजा लो
क विजयकी वांछावालेहै सो विजयवास्ते धर्ममार्ग करके ग्र
धर्ममार्गकर्के जैसे ग्राचारकर्के विजयहोवे उसी ग्राचारण
सेयत्ननकरतेहै ५ ॥

वत्तुर्णां मध्यमा श्रेष्ठा नित्यशंक्या तथापरौ
सर्वेनित्य शंकितव्याः प्रत्यन्ते कार्य मात्मनः ६

हे राजन् जो प्रथमचार मित्रहै जोनसा ग्रपनेपित्रमहादि क्रमसे से
वा करताहै सो भजमानहै ग्रेर जोनसा ग्रपना सहजहै ग्रपने माता
पिताके संबंधवाला भानजा भतीजादिक यह दोनों पांचोमित्रोवि
षे श्रेष्ठहै ग्रेर सहार्थ्य जोहै सो शत्रुजयवास्ते शत्रुके राज्यके ग्रर्थ
भागको ग्रहण करण प्रमाणसे कियाहै जो ग्रापबलवान हो
वेगा संपूर्ण शत्रुराज्यको ग्रापही ग्रहण करलेवेगा ग्रेर धनदा
नादिसे मित्रकियाहै सो जहां धनलाभ ग्रधिकहोवेगा तहांमि
त्राई करेगा यह पांचो प्रकारके मित्रोंका ग्रपने गूढमंत्र कार्य
कालमों विश्वासनही कर्तव्यहै ६ ॥

नहिराज्ञा प्रमादोवै कर्तव्यो मित्ररक्षणे प्र
मादेनहिराजानंलोकाःपरिभवंत्युत ७ ॥

राजाने मित्राई करणेमो प्रमाद विश्वासका कदापि कदापि नही
करणा जो राजा विश्वासकरके प्रमादी होताहै उसको ग्रपने परा
ये सभही लोक ग्रवज्ञाकरतेहै ७ ॥

ग्रसाधुःसाधुतामेति साधुर्भवतिदारुणः ग्र
रिश्चमित्रं भवति मित्रंचापि प्रदुष्यति ८ ॥

राजाके विश्वासकर्के सभही लोभ मनकी चंचलतासे मित्रताकों
त्यागकर देतेहै कोई ग्रसाधुहै सो साधुहोकर ग्रतिदारुण शत्रु
विश्वाससे होताहै जो तसा ग्ररि विश्वासकर्के मित्रहोताहै सोभी
विश्वासपा इकरपरमशत्रुहोताहै ८ ॥

ग्रनित्यचित्तः पुरुषः तस्मिन्कोजातुविश्वसेत्
तस्मात्प्रधानंयत्कार्यं प्रत्यक्षंतत्समाचरेत् ९

पुरुषकी प्रकृति ग्रनेक चित्तवृत्तिवालीहै ऐसा कौनमूढ जने

श्री॰
रा॰ य॰
टी॰
४४

हे अपने विश्वासकों परवशकरदेवेताते जो प्रत्यक्षदृश्यमान प्रधानका यहे इसकेवास्ते सभसे प्रयत्नविश्वास दानमानादि द्वाराकरे ९ ॥

एकान्तेन हि विश्वासः कृत्स्नो धर्मार्थनाशकः
अविश्वासश्च सर्वत्र मृत्युनाच विशिष्यते १०

जौनसा एकांत संपूर्ण विश्वासहे सोराजाके संपूर्ण धर्मार्थकों नाशकरताहे और जौनसा साधुजनोका अविश्वासहे सोभी मृत्युके समानहे विशेष कार्यका विनाशकारीहे १० ॥

अकालमृत्युर्विश्वासो विश्वसन्हि प्रपद्यते य
स्मिन्करोति विश्वास मिच्छतस्तस्य जीवति ११

हे राजन् विश्वासभी अकालमृत्यु जैसाहेजिस अकाल मृत्युको यह पुरुष विश्वासकर्केही प्राप्तहोताहे जोपुरुष किसीके विश्वासको करताहे सो आपइसके अधीन जीवताहे ११ ॥

तस्माद्विश्वसितव्यंच शङ्कितव्यंच केषुचित्
एषानीति गतिस्तात लक्ष्याचैव सनातनी १२

ताते हेराजन् कही विश्वासकर्तव्यहे कदाचित् अपने जनोंकाभी अविश्वासकदाचित् परायेका विश्वास कदाचित् प्रथमकदाचित् पश्चात् कदाचित् वर्तमानकालविषे एहीनीतिकीगतीहे सो सनातन एसीही इलेख्यवनीहे इसको विचारयत्नसे लक्षितकर्तव्यहे १२

यंमन्येत ममाभावा दिममर्थागमंस्पृशेत्
नित्यंतस्माच्छङ्कितव्य ममित्रं तद्विदु र्बुधाः १३

जिसको राजा जाने मेरेविना यह राजा होवेगा ऐसे पुत्रभ्रातादिको सोभी विश्वास शंकाकर्तव्यहे उसकोभी अपने शरीरजीवनेका शत्रुमानतेहे १३ ॥

यस्य क्षेत्रादप्युदकं क्षेत्रमन्यस्य गच्छति न
तत्रा निच्छतस्तस्य भियेरन्सर्वसेतवः १४

हे राजन् और भी अमित्रलक्षण तोको दृष्टांतगाथा द्वारसे कहतेहैं जिसका महानद्वारा केवल बंधसमीपक्षेत्रसे सोनहो जलबंधके सतको रक्षाकरतीहे तोइसके आसपासके क्षेत्रविषे मर्यादासे जलप्राप्तिहोतीहे इसकर्के सो सभही क्षेत्रसम्यक् फलसंपदावाले होतेहे जोनद्वारा समीप क्षेत्रपति नडागसेतूंको तो डदेवेतो सभहीसेतजलप्रवाहसे नष्टहोतेहैं १४ ॥

तथैवात्यदकाद्भीत स्तस्यभेदनमिच्छति य
मेवंलक्षणं विद्या त्तममित्रं विनिर्दिशेत् १५

तैसे महाशत्रुकी सीमापालराजा जोहे सो जबसीमाकोंयत्नसे रक्षाकरतेहे तो महानगरसे उत्तम उत्तम क्रय विक्रयके धन पदार्थ अपने राज्यमो चले आवतेहे जो सीमाकी रक्षाको यत्नसे नही रक्षण

करेतो शत्रुसेना उसके द्वारा प्रवेशकर्के राज्यकेदेशको लूटकराले
तीहे ताते शत्रुके कोपप्रसादज्ञानवास्ते सीमा पालकाभी अतिविश्वा
स विचारसे करणा १५ ॥

यैंस्वल्पमात्रेण त्यजेद्दीनतरोभवेत् एत
उत्तम मित्रस्य निमित्त मिति वर्त्तते १६ ॥

अबमित्रके लक्षणोकों कहतेहें जोनसा पुरुष अपनी दिनो दिन
वृद्धीसे संतोषसे तृप्तनहीहोवे नित्यप्रति अतिसंपदा वृद्धिचाहे
और स्वल्पमात्रभी संपदाक्षयकर्के अति दीनतासे क्षीणहोताहे यह
उत्तम मित्रके निमित्तलक्षणहे १६ ॥

यन्मन्येत ममाभावा दस्याभावो भवेदिति त
स्मिन् कुर्वीत विश्वासं यथापितरि वैतथा १७

जो मित्रजाने मेरे मित्रके अभावसे मेराभी अभावहो जावे ऐसा जि
सकों दृढप्रीतिभावहे उसको विषे पितासेभी अधिक विश्वासमाने १७

नेशक्त्या वर्धमानस्य सर्वतः परिहर्षयेत् नित्य
त्वमाहारयति योधर्मेष्वपि कर्मस १८ ॥

ऐसे मित्रको आपसो धनशक्ति सामर्थ्यकर्के वर्धमान होवे तो मित्र
कोंभी अपनी संपदासेभी अधिवर्धमानकरे मित्रको जो नित्य प्रति
दुखदानसे धर्म कर्मो विषेभी वारणकरताहे १८ ॥

व्रताद्दीनंविजानीया दुत्तमं मित्रलक्षणं येन
स्य त्यक्तुमिच्छंति तेनस्यारिपवः स्मृताः १९ ॥

और मित्रकों दुःखक्लेशसेभयभीतजानकर आपप्राणोंसे यत्नकर
केभी दुखक्लेशनिवृत्तिकरणे चाहताहे सो उत्तम मित्रका लक्षणहे
जोनसे मित्रहोकर मित्रके खेदमो प्रसन्नहोतेहें सो उसके शत्रुकहेहे १९

व्यसनान्नित्यभीतोयः समृद्ध्यायोन दुष्यति य
स्मादेवंविधंमित्रं तदात्मसममुच्यते २० ॥

और जोनसा मित्रके आपदा व्यसनसे भयभीत होताहे और संपदा
प्राप्तीमों दुःखदूषणनही मानता ऐसाजो मित्रउसको अपनी समा
नही प्रियजाने २० ॥

रूपवर्णस्वरोपेत स्तितिक्षरनसूयकः कुली
नः कुलसंपन्नः सतस्मात्प्रत्यनंतरः २१ ॥

जोनसा मित्रअपनी सुखसंपदाको देषकर सुंदररूप वर्णविकास
वालाहोताहे और स्वरकर्के हर्षसंपन्नहोवे दिनोदिनो दिनवृद्धीको
सहारे अपराध होजावे उसविषे क्षमाकरे कदापि किसीप्रकारसे
अपनेविषे दोषदृष्टिनहीकरे उत्तमकुलकाहोय और कुलीन भा

भी॰
रा॰ ध॰
टी॰
४५

45

चारहत्तसंपन्नहोवे सो केवलनामरूपमात्रसे किंचितमात्र भेदरूप
होताहै २१ ॥

मेधावी स्मृतिमान्दक्षः प्रकृत्याचानृशंस्यवान्
योमानितोमानितोवा नच दुष्येत्कदाचन २२

व्यवहारज्ञानमों महाबुद्धि संपन्नहोय और पूर्वापरज्ञानकी स्मृतिवाला
होवे स्वभावकरकेही क्रूरतादोषदृष्टि रहितहोवे मान अपमान दशा
मो कदापिदोषनही मानता २२ ॥

ऋत्विग्वा यदिवाचार्यः सखावात्यंत संमतः ग
हेवसेदमात्यस्ते सःस्यात्परम पूजितः २३ ॥

ऐसा ऋत्विगहोय अथवा आचार्य होय अथवा मित्रसखाहोय अथ
वा मंत्री पुरोहितादिक कोई ऐसा अधिकारी होवे सो अपने विशेषग
हविषे निवासकरे और परम उत्तम मानपूजाको यथायोग्य जाति
वर्ण गुणबल पराक्रमसे पावे २३ ॥

सतेविद्यात्परं मित्रं प्रकृतिं चार्थ धर्मयोः वि
श्वासस्ते भवेत्तत्र यथापितरि वैतथा २४ ॥

हे राजन् ऐसा उत्तम कुल आचारके अभिमानवाला पुरुषहोवे सो
तेरे मंत्रके स्वभावके और अर्थ धर्मके विश्वासको पावे पिताके स
मान मानपूजाकोपावे २४ ॥

नैव द्वौ नत्रयःकार्या नमृष्येरन्परस्परम् एका
र्थेष्वेवभूतानां भेदो भवति सर्वदा २५ ॥

परंतु हे राजन् ऐसे परम प्रीति धर्म विद्या सत्पात्रभी होवे तोभी
एकअधिकारस्थानमों दो अधिकारी कदापि नहीकरणे और तीनभी
नहीकरणे दो तीनहोवे तो अपने अपने पृथक् पृथक् प्रीतिपात्र वि
श्वासके अधिक अभिमानसे परस्पर विगड़नही जावे हे भारत एक
अर्थ सिद्धकरणेमों सभकी भेदबुद्धि सदाहोतीहै २५ ॥

कीर्तिप्रधानोयस्तुस्यात् यश्चस्यात्समयेस्थितः
समर्थान्यश्चनद्वेष्टि नानर्थान्कुरुते चयः २६

हे भारत जोपुरुष अपनी स्वामीकी कीर्तिकोप्रधानकरे उसीहारे अ
पनी कीर्ति भी प्रधानकरे और कार्यके अधिकारके अनुसार धर्म कर्म
की मर्यादामो स्थितहै जो दूसरा उसकार्यके साधनमो समर्थहै उस
का द्वेषनहीकरे आपभी अभिमानसे अथवा उदासीनतासे कार्यको
सिद्धीमों अनर्थ कल्पनाको नहीकरता २६ ॥

योनकामाद्भयाल्लोभा त्क्रोधाद्वाधर्ममुत्सृजेत
दक्षः पर्याप्तवचनः सतेस्यादग्रणीर्नरः २७

और जौनसाकामसे भयसे लोभसे अथवा क्रोधसे स्वामीके आज्ञाधर्मको
त्यागनहीकरे और कार्यकी सिद्धि असिद्धीके गुणदोषज्ञानसंपन्नही
जिसको पुरुषार्थके अनुसार सत्य प्रतिज्ञा वचनहे हे राजन् ऐसापु
रुष तेरा प्रतिनिधी होकर राजधर्मके अधिकारको करे २७ ॥
कुलीनःशीलसंपन्न स्तितिक्षुरविकत्थनः शू
रश्चार्यश्च विद्वांश्च प्रतिपत्ति विशारदः २८ ॥
जो कोई पुरुष कुलीनहोवेकार्यके यश अपयशमो कुलका अभि
मानी होवेकार्यसाधनेमो शीलसंपन्नहोवे कार्यप्रयत्नके खेदभार
को सहारणेहाराहोवे और अपनीमहत्वको वृथानही कहे और शूर
माहोवे धीरहोवे और मनकी उदारता संपन्नहोवे और कार्यज्ञानके
भेदकावेत्ताहोवे और कार्यसिद्धीकी सफलता करणेहाराहोवे २८
एते ह्यमात्याः कर्तव्याः सर्वकर्मसु दक्षिताः
पूजिताः संविभक्ताश्च सुसहायाः स्वनुष्ठिताः २९
हे राजन् ऐसेराज्यकार्यसिद्धीको करणे हारे तमने मंत्री कर्तव्यहे
सर्व कर्मोविषे दृढस्थितकरणे योग्यहे मान प्रतिष्ठासे पूजितहो
वे और धन संपदासे संपन्नाकयेहोवे ऐसे अधिकारी सुंदर सहा २५
य सामग्री संपन्नकर्तव्यहे जिन्हका कर्मसुंदर अनुष्ठान संयुक्तहोवे
कृत्स्नमेते विनिक्षिप्ताः प्रतिरूपेषु कर्मसु यु
क्ता महत्सु कार्येषु श्रेयांस्युत्पादयंत्युत ३०
संहरणी विधिसंपन्न करके अपने यथोचित कर्मो विषेस्थापनकिये
हे और बी जो महाकार्यहे धनकी आमदन खरचादि विचारकार्य
और शत्रुजयादि कार्यतिन्होविषे मुख्यअधिकारी जानमहात्मा कि
येहे स्वामीके कल्याणकार्योका उदय करदेनेहे ३० ॥
एते कर्माणि कुर्वंति स्पर्द्धमाना मिथः सदा अ
नुतिष्ठंति चैवार्थं माचक्षाणाः परस्परम् ३१
हे राजन् ऐसे यह अधिकारी उत्तमपुरुषजोहे सो अपने अपने
यत्नकी अधिकतासे अन्योन्यस्पर्धाकरनेहे स्वामीकार्यकोही दिनरा
त्र सिद्धकरनेहे परस्पर अपनी अधिकताको नहीकरनेहे ३१ ॥
ज्ञातिभ्यश्चैव बुद्ध्येथा मृत्योरिव भयं सदा उप
राजेव राजर्द्धिं ज्ञातिर्न सहते सदा ३२ ॥
और अपनेजाती संबंधीजोहे उन्हसेभी तमने मृत्युके भयसमान
सदाचित्तमो शंकाकर्तव्यहे अपनी जातिका जोउदितभया है सो
अपनेको समीपवर्ती उपराजोके समान मानताहे मुख्यस्वामी
कर नही मानता अहो यह राजा कहासेबडाहे हम इसकेस्थान
और किसीभाई बंधकोराजाकारस्थानलेवेगे इसमो हमसे जयप

श्री॰
रा॰ प॰
टी॰
५८

46

द् मात्रही अधिकहे हम और कोही जयशब्दका अधिकारलेवेगे ३२
अक्रोधनो वदान्यस्य ह्रीमतः सत्यवादिनः ना
सौज्ञाते महाबाहो विनाशमभिनंदति ३३
जो राजाजाति विश्वासकर्कै सुखी हतिवाला होताहे और क्षमाशील
होताहे और संपदादेनेमों उदार होताहे और जातीके अनादरमो ल
ज्जाकरताहे जो किसीको दानप्रदानवचनकहा उसको तत्कालही
विचारविना सत्यकरदेताहे उसके विनाशको अपनी जातिके पुरु
षविना कोई शुभनही मानता ३३ ॥
अज्ञातिनोपि न सुखं नावज्ञेयास्ततः परे अ
ज्ञातिमंतं प्रकुर्वं परेवाभिभवंत्युत ३४ ॥
हे राजन् जो अपनी जातिवालेको और जातीवाला अनादरकरे तो
दोनोसे अपनेको सुखनही होता जिसराजाको अपनी जातिका ब
लनहीहे उसको अवर जातिके सुखेनजीत लेतेहे ३४ ॥
निकृतस्य नरेंद्रस्य ज्ञाति रेवपरायणं नान्ये
निकारं सहते ज्ञातिःज्ञातेः कथंचन ३५ ॥
जौनसा और जातिवालेसे अनादरको प्राप्तभयाहे उसको अपनी जा
तीवालाही उद्धारक रावाहताहे जैसे तुमने गंधर्वोसे दुर्योधनको
उद्धार कियाहे अपनी जातिवाला अपनी वालेके अनादरको नही
सहासकताहे ३५ ॥
आत्मानमेवजानाति निकृतंबांधवैरपि ते
षुसंतिगुणाश्चैव नैर्गुण्यं चैवलक्ष्यते ३६ ॥
जो अपने जातिसाथ विरोधभी होवे तोभी जातीवाला अपने जाती
के अवमानसे अपनेही अवमानको मानताहे ३६ ॥
नाज्ञातिरनुगृह्णाति नेवाज्ञातिर्नमस्यति
उभयंज्ञातिवर्गेषु दृश्यते साध्वसाधुच ३७
ताते जातिवालेके उदयमों गुणभीहे अवगुणभी लक्षणीयहे
और जातीका अपनी जातिवालेको आपदासे निकासतानहीहे
और अज्ञातिको माननाभी नहीहे हे राजन अपनी जातिवर्गमों
साधुगुणभीहे असाधुगुणभीहे ३७ ॥
संमानयेत्पूजयेच्च वाचा नित्यंच कर्मणा कु
र्याच्च प्रियमेतेभ्यो नाप्रियं किंचिदाचरेत ३८
ताते जातिवर्गका संग्रहभीकरणा और विश्वासभी नही करणा
दोनोभावयत्नसे कर्तव्यहे अपने जातिवालेको मानभीकरे वा
णीकर्कै सदामानकरे और कर्म कर्कैभी मानकरे जो प्रियकार्यक

हे सोकरदेवे उन्हका कहा अप्रियकछुभी कदानहीकरे ३८ ॥
विश्वस्त वदविश्वस्तस्ते ष्ववेतैन सर्वदा न
ह्रिदोषोगुणोवेति नित्र्युष्मस्तेषु दृश्यते ३९
विश्वासवान् जैसा अविश्वासकरणोहारा सदावर्तमा नहोवे उन्हो
विषे अविश्वासके दोष गुण प्रगटनही दर्शनकरावे ३९ ॥
अथैवे वर्तमानस्य पुरुषस्याप्रमादिनः
अमित्राःसंप्रसीदंति तथामित्री भवंत्यपि ४०
हे राजन् इसप्रकार विश्वासके गुणदोषोके बुद्धिज्ञान संपन्नजो
राजाहे अेर अभिमान क्रोधादिप्रमादसेरहितवर्तमानहे उसवि
षे अमित्रलोकभी प्रसन्नहोतेहे मित्रभी होजातेहें ४० ॥
यएवं वर्तते नित्यं ज्ञातिसंबंधि मंडले मि
त्रेष्वमित्रे मध्यस्थे चिरं यशासि तिष्ठति ४१
इति श्री महाभारते शतसहस्त्र संहितायां
शांतिपर्वणि राजधर्मे एकोनाशीतितमोध्या
जो राजा अपनी जा यः ७९ ॥ ती अज्ञाती मंडलमो भाव
यानतासे वर्तमान होताहे मित्रोविषे अमित्रोविषे अेर उदासी
न मध्याके मंडलविषे चिरकाल यशोभागी स्थितहोताहे ४१ ८१
इति श्री महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मे एकोनाशीतितमोध्यायः
युधिष्ठिरउवाच एवमप्यात्केनस्मिन् ज्ञातिसं
बंधि मंडले मित्रेष्व मित्रेष्वपि चकथंभावो वि
भाव्यते १ ॥ युधिष्ठिरउवाच हे पितामहजी इसप्रकार
ज्ञातिमंडलभी वशावर्ती नही होता अेर मित्रोविषे अमित्रोविषे
एकको मानता एकको कोपहोजाता एकको नहीमाना तो सभ
एकको मानता एकको कोपहोजाता एकको नहीमाना तो सभ
काकोपहोजाताहे इसप्रकारकोई मित्रभी अमित्रहोजातेहे स
भका चित्तवशीकारभाव कैसे वनताहे ऐसेभावको आपकहो १
भीष्मउवाच अत्राप्युदा हरंतीम मितिहासं पु
रातनं संवादं वासुदेवस्य सुरर्षे र्नारदस्य च २
भीष्मउवाच हे राजन् तुम्हारेप्रश्नमो एकपुरातन इतिहासको
उदाहरण कहतेहें वसुदेवजीका नारदजीका संवादभयाहे
उसको आपश्रवणकरो २ ॥
वासुदेवउवाच नासुहृत्परमंमंत्रं नारदार्हतिवे
दितुं अपंडितो वापिसुहृत्पंडितोवाप्यनात्मवा
न् ३ ॥

वासुदेवउवाच हे नारदजी जो सुहृदनहीहे सो मंत्र विश्वासस्था नको जानने योग्यनहीहे जोगुरुषसुहृदहे सो मंत्रभेद विज्ञान का पंडितनहीहे ताते सोभी विश्वासका पात्रनही हे और जो मंत्र विज्ञान भेदका ज्ञाता पंडितहे सो स्थिर बुद्धिनहीहे ताते सोभी विश्वास पात्रनहीहे ३ ॥

सते सौहृदमास्थाय किंचिद्वक्ष्यामिनारद कृत्स्नबुद्धिबलंप्रेक्ष्य संपृछेत्रिदिवंगम ४ ॥

ताते मे आपको अपना विश्वास पात्रसुहृदज्ञानी जानकर्के जानकर्के अपने बुद्धीका संपूर्ण विचारबल देखकरके अपने चित्तका संदेह मंत्रकहताऊं आपस्वर्गलोककी गतिवालेहे पृथिवीके ज्ञानविचारवाले पुरुषोसेभी अधिकज्ञानवालेहो आप के प्रति अपने कर्तव्यताके विचारको मे पूछकरताऊं ४ ॥

दास्यमैश्वर्यवादेन ज्ञातीनां नकरोम्यहं अर्धंभोक्तास्मिभोगानांवाग्दुरुक्तानि चक्षमे ५

मे अपने ऐश्वर्यवादकर्के अपने ज्ञाती वालेका दास्यभावकरताऊं जो मेधनार्जना करताऊं इसका अर्धभाग ज्ञाती वाले संबंधी जनोको विभाग बांटकर इसका अर्धआपभोगताऊं और ज्ञाती वालेको दुष्टकूरवचनभी सहारताऊं इसप्रकार दासभाव सभ ज्ञातीके संबंधिजनोका करताऊं ५ ॥

अरणी मग्निकामोवा मथ्नातिहृदयंमम वाचादुरुक्तंदेवर्षे तन्मे दहति नित्यदा ६ ॥

यहदासभाव मेरेहृदेको अग्निके मथन कामनावाले अरणी काष्ठ समानदग्ध करताहे इसी कर्के वाणी कर्के कहे दुष्टकठोर वचनको सहारताऊं बंधजनोका त्याग और विश्वासदोनो कार्य महा कठिनहे मेरे मनका विश्वासपात्र ज्ञाती संबंधी कोई नहीहे ६ ॥

बलं संकर्षणे नित्यं सौकुमार्यं पुनर्गदे रूपेणमत्तः प्रद्युम्नः सो सहायोस्मि नारद ७

हमारे ज्येष्ठभ्राता बल देवहे इसको अपने बलका अभिमान हे और हमारे गदनामवाले भाईविषे अपने शरीरकी सुकुमारताका अभिमानहे और प्रद्युम्ननामक पुत्रविषे अतिसुंदरतापनाका मदहे ऐसाम आहुक अक्रूर नामवाले यादवकेसराजाके मंत्रकरता प्रथमबनेरहे इन्हके सांत्ववचनकर्के वशकरणेविषे असहाय भयाऊं ७ ॥

अन्येहि सुमहाभागा बलवंतो दुरुत्सहाः

निग्रोमयानेनसंपन्ना नारदांधकवृष्णयः ८
हे नारदजी ओरभी यादवमुख्यहमारे बंधुजन महाभाग्यवाले हे बल
वानहे किसी के अभिमानको सहारते नहीहे नित्यही अपने पराये
साध्यप्रवृत्यात्रामो उद्यमवालेहे ८ ॥
यस्यनस्युर्नचस्युःस्या यस्यस्युःकृत्स्नमेवतत्
द्वाभ्यां निवारितोनित्यं वृणोम्येकतरंनच ९
जिसको सभही खोटे होवेतो उसको सभका त्याग हितबनताहे जि
सको सभही उत्तम स्नेहकारी होवे उसको सभका विश्वास मान कर
णा बनताहे यह आहुक अक्रूरदोनो यादव मुख्यहे इन्हके विश्वास
अविश्वासकर्के दोनो नेमोको रोकाहे एकके वारणेमो दूसरेका को
पहोताताहे एसे भयकर्के मेव्याकुल चित्तभयाहुं ९ ॥
स्यातां यस्याहुकाक्रूरौ किंनुदुःखतरं ततः य
स्यवापिनतौस्यातां किंनुदुःखतरंततः १० ॥
जैसे दोमदमत्त महेसे परस्पर युद्धकरतेहे इन्हके मध्यस्थ पुरुष
को इन्हकेवारणकरणेमो दुखहोताहे तेसे आहुक अक्रूर दोनोहमा
रे ज्ञाति संबंधवालेहे इन्हके परस्पर अभिमानकी अधिकताका वि
रोधहे उसको मे निवारण शंकासे व्याकुलभयाहुं यहदोनो परस्पर
विरोध त्यागकर्के मेरे वशनही होते इससे परेमोको अधिकचिंताउ
त्पन्नहीहे जो इन्हको त्यागकरें तो जिसके पास एसे बुद्धिसंपन्न
पुरुषार्थी ज्ञानवाले यह दोपुरुषवीर नही होवे उसको अधिक दुख
चिंता ओर क्याहे १० ॥
सोहं कितवमातेव द्वयोरपि महामुने एक
स्य जयमाशासेन द्वितीयस्य पराजयं ११ ॥
हे नारद सोमे जैसे दो जो द्यूतक्रीडाकरणेहारे पुरुष इन्होदोनोकी ए
कमाता जोहे सो दोनोके जयकोके जयको नही चाहते ओर दोनो पुत्रो
को पराजयकोभी नही चाहती तेसे आहुकके अक्रूरके दोनोके जयप
राजयकी संदेह चक्रमों आरूढभयाहुं दोनो अपनी ज्ञातिके प्रियसं
बंधी हे ११ ॥
ममैवंक्लिश्यमानस्य नारदोभयतःसदा वक्
महसियच्छ्रेयो ज्ञातीनामात्मनस्तथा १२ ॥
हे नारद इसप्रकार इन्होके जयपराजयकी संदेह चक्रमों दुखी भ
योको जैसे मोकों सब कल्याणहोवे एसी बुद्धिके उपायको तमकहो
जैसे मेरे जीतीवाले जनोको ओर मोकोभी शुभकर्तव्य उपायको उप
देशकहो १२ ॥
नारदउवाच आपदो द्विविधाकृष्णबाह्याश्चाभ्यंतरा
श्चह प्रादुर्भवंतिवार्ष्णेय स्वभावाद्यदिवान्यतः १३

श्री॰
रा॰ प॰
टी॰
५८

नारदउवाच हेकृस्नजी समही चेतनपुरुषोकोदो प्रकारकी आपदा प्रा
महोतीहे एकवाह्यआपदाहे सोप्रत्यक्ष सभको दृष्टहोतीहे ओर एक
मानसीचिंताकी आपदाहे सोआंतरीयहे बाह्यदृष्टनहीहोती १३ ॥

सोयमाभ्यंतरस्तुभ्यमापत्कृछ्रात्स्वकर्मजा
अक्रूरभोजप्रभवाः सर्वेह्येते तदन्वयाः १४

हे कृस्न सो यहतुमको आपदा आंतरीय प्राप्तभईहे अपने अवि
चारकर्मजन्यहे अक्रूरयादव भोजयादवसोतो तुम्हारी जातीकेहे १४

अर्थहेतोर्हि कामाद्वा वाचाबीभत्सयापिवा
आत्मनाप्राप्तमैश्वर्य मन्यत्र प्रतिपादितम् कृ
तमूलमिदानींत ज्ञातिशब्दं सहायवान् १५
नशक्यंपुनरादातुंवांतमन्नमिवत्वया १६

उन्होको तुमने उग्रसेनकी राज्यसंपदादीनीहे सोअपने अर्थहे तुसे
दीनीहे किसीकार्यकी कामनासे दीनीसे अथवा अपनी वाणीकी प्रति
ज्ञासे अथवा लोकनिंदाके भयसेदीनीहे यहसर्व तुमने अविचा रि
तही कार्यकियाहे अवपश्चात्तापचिंताकर्तव्यनहीहे १५ प्रथम जो
ज्ञातिशब्दसे राज्यदियाहे आपज्ञातिशब्दके सहायवान् भयेहे अवव
होइ उन्हसे राज्यसंपदा पलटनेको शक्यनहीहे ज्ञातिशब्दका राज्य
पद दृढमूल होगयाहे पलटलेनेको अयोग्यहे जैसे वमनकिया
अन्नवहो पलट लेनेको अयोग्यहोताहे १६ ॥

बभ्रूग्रसेन योराज्यं नाप्तंशक्यं कथंचन ज्ञा
तिभेदभयात्कृस्न त्वयाचापिविशेषतः १६

हेकृस्न बभ्रूयादवको उग्रसेनको तेने राज्यदियाहे सो अवतोको व
होउ फलटनेको तुमको अशक्यहोगयाहे ज्ञातिजनोको भेदभयसे
तुमनेभी विशेषकर्के अप्राप्त होगयाहे १७ ॥

तच्चेत्सिध्येप्रयत्नेन कृत्वाकर्मसु दुष्करम्
महाक्षयंव्ययोवास्या द्विनाशो वापुनर्भवेत् १८

जो तुमको अवपलटनेकी वांछाहोवेतो अव महादुस्कर कर्मकर
णेकर्के होताहे मनुष्योकामहाक्षय रणमो होताहे ओर द्रव्यकाभी
क्षयवहोत होताहे फेर अपनेवंशका नाशवहोतहोताहे १८ ॥

अनायसेन शस्त्रेण मृदुनाहृदयछिदा जि
ह्वामुद्धरसर्वेषां परिमृज्यानुमृज्यच १९ ॥

अव इसकाप्रयत्न अलोहरूपी शस्त्रकर्के होताहे अलोहशस्त्रके
साहे समाकर्के मृदुही कठोर नहीहे ओर हृदयके मानको ओर चिं
ताको छेदकारीहे अवसभको सांत्ववचने सभकी दोष दृष्टिको नि

हन्नकर्के और विचारकर्के सभकी निंदा दोषकरणेहारी जिह्वाको अपने
कर्णोके श्रवणत्यागकरके और वाणीकीवाच्यताको मोनकर्के प्रतिबंध
करो १९ ॥

वासुदेवउवाच अनायसं मृदुशस्त्रं मृदुर्विद्यामहं क
थं येनैषामुद्धरे जिह्वां परिमृज्यानुमृज्य चः २०

वासुदेवउवाच हे नारदजी अलोहमय शस्त्रकहाहे उसको हमकैसे
जाने जिसको मार्जन प्रक्षालनसे शुद्धकर्के ऐसे कोमल शस्त्रकर्के सभ
की जिह्वाका छेदन कैसेबनेगा उसका स्वरूप साधन कहो २० ॥

नारदउवाच शक्त्यान्नदानं सततं तितिक्षार्जवमा
र्दवैः यथार्हप्रतिपूजा च शस्त्रमेतदनायसं २१

नारदउवाच हे कृष्णजी जोनसा अलोहमयकोमलशस्त्र सभकीजि॰
ह्वाछेदकारी है उसका तो यथाशक्ति सभको अन्नदान करणा और त
माकरणी मृदुवचनकहना मायाकपटत्यागकरणा यथाधिकार स
भकी मानपूजा करणी यहअलोमय कोमल शस्त्रहे २१ ॥

ज्ञातीनां वक्तुकामानां कटुकानि लघूनि च गि
रां च हृदयं वाचं शमयस्व मनांसि च २२ ॥

अपनी जातीके पुरुष कटुवचनोको कहने हारेहे उन्हकी कटुवाक्य
वाणी वाणीको और मनकी कटुहानिको क्षमाकर्के शांतवचनोकर्के
शांतकरोगे तो तुम्हारा अलोहमयशस्त्र अपनी शुद्ध मृदुता कर्के श
मनकरेगा २२ ॥

नामहापुरुषःकश्चिन्नानात्मानासहायवान्
महतीधुरमादत्ते तामुद्यम्योरसावह २३ ॥

हे कृष्णजी जिसमहात्मा जनोके उत्तम शीलरूपी भारको लघुचित्तवा
ला कोई पुरुष अजितेंद्रियपुरुष और असहाय पुरुष नही धार श
कताऐसे उत्तम उदार शीलताके भारको तुमहृदय विचारके प्रयत्न
कर्के धारणकरो २३ ॥

सर्वएवगुरुंभारं मनड्वान्वहते समे दुर्गे
प्रत्येकःसुगवो भारं वहति दुर्वहं २४ ॥

हे महाराज मदानकी समभूमि विषे सभही वृषभ महाभारी भार
को उठायसकतेहे पर्वतके दुर्गम मार्गमो उत्तम शिक्षाशील संपन्न
सुंदर बलवान् वृषभही अपने बलकर्के अतिभारी बोझाको ओही
वृषभ उठाइसकताहे २४ ॥

भेदाद्विनाशः संघानां संघमुख्योसि केशव
यथात्वांप्राप्यनोत्सीदेदयंसंघस्तथाकुरु २५

भेदबुद्धिकर्के उत्तम पुरुषोकासमानबिगडजाताहे और तुम उत्तम

शां॰
रा॰ ध॰
टी॰
४९

49

जनोके समाजके मुख्यहो ताते जैसे समाजका भेदनही होवे सभकी प्र कमती समकार्यमोहोवे यही दो कार्यतुम तत्कालही करो २५ ॥

नान्यत्र बुद्धिक्षांतिभ्यां नान्यत्रेंद्रियनिग्रहात् ना न्यत्र धनसंत्यागाद् गणः प्राज्ञेवतिष्ठते २६ ॥

हे महाराज बुद्धि विचार और क्षमा इन्हसे विना और अपने इंद्रियोके म नकी चंचलताके जयविना और धनसंपदाके त्यागविना और उत्तमज नोके ज्ञानी जनोके सन्मानविना प्राज्ञज नविषें और क्या उत्तम गुणहो ने प्राज्ञजनोविषे ऐसे गुणसदा विद्यमानहोतेहे २६ ॥

धन्यंयशस्यमायुष्यंस्वपक्षोद्भावनं सदा ज्ञा तीनामविनाशःस्यात् यथाकृष्ण तथाकुरु २७

हेकृष्ण अपने जातीवालीका पक्ष अपना पक्षहोताहे उसको जो धन संपदामानप्रजासे प्रसिद्धकरणा ऐसागुणय जगतविषे धन्यहे जश हद्धिको करताहे आयुषाकी स्थिरता सफल ताको करताहे ताते जै से अपनी जातिवालेका हथानाशनहीहोय तैसा यत्नतुमकरो २७

आयत्यांचतदात्वेच नतेस्त्यविदितंप्रभो षाड्गु ण्यस्य विधानेन यात्रायां नविधौतथा २८

राज्यके षड्गुण विधानविषे यात्राप्रयाणकी विधीविषे अंतकेपरि णामकालविषे और वर्तमान कालकी कर्तव्यताविषे जो हानिहद्धि आदिक दोषगुणहे सो तुमको सभही विदितहे जैसे सभही तुम्हारी वशावर्ती होवे तैसेही तुमविचारसे करो २८ ॥

यादवाः कुकुराःभोजाःसर्वेचांधकवृष्णयः त्वय्यासक्ता महाबाहो लोकालोकेश्वराश्चये २९

हे महाबाहो कुकुरभोज अंधक वृष्णियहजेते यादवहे सो सभही और लोकोके ईश्वरभी तोको सेवाकरतेहे २९ ॥

उपासंतेहितद्बुद्धि मृषयश्चापि माधव त्वंगु रुःसर्वभूतानां जानासित्वंगतागतम् ३०

हे माधव संहरी ऋषिगणभी तुम्हारी बुद्धिके ज्ञानके सदा उपास न करतेहें तुमसर्वभूतोंके गुरुहो त्रैकालका सर्वभूतोकागम आगम आपही जानतेहो ३० ॥

त्वामासाद्ययदुश्रेष्ठ मेधंतेयादवाः सुखम् ३१

इतिश्री महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मे॰ वासुदेव नारद संवादे अशीतितमः ८१ ॥

सर्वभूतोकी वशीकारवृत्ति जोहे उसको दानमान सत्कारसे जैसे जैसी बने उसकोही आप अपनी बुद्धिके विचारसे करो ३१ इतिश्री

महाभारते शान्तिपर्वणि राजधर्मे वासुदेव नारदसंवादे अशीतित
मोध्यायः ८० ॥

भीष्मउवाच एषा प्रथमतो वृत्तिर्द्वितीयां शृणु भा
रत यः कश्चिज्जनयेदर्थं राज्ञा रक्ष्यः सदा नरः १

भीष्मउवाच हे भारत जो राजाको प्रथम वृत्तिकर्ने वह वृत्ति बंधुजनो
के वशीकारवृत्ती सो कहीहै अब अमात्य जनजोहै अधिकारीलोक
उन्हके वशीकारवृत्तिको कहतेहै उसको श्रवणकरो हे युधिष्ठिर
जैसे बंधुवर्गको मिष्टानदानक्षमा अकपटता अक्रूरता सन्मान
करके मंत्री अधीकारी लोकोकोभी वशीकारकरणा योग्यहै और
कोशखजानेकी वृद्धिकरणेहारेको सभसे अधिक माननेयोग्यहै १ ॥

ह्रियमाणममात्येन भृत्यो वा यदि वा स्वतः
यो राजकोशंनश्यन्त माचक्षीत युधिष्ठिर २

जोनसा पुरुष राजाके कोशखजाना हरणेहारे मंत्री अधिकारीको रा
जाके प्रतिकहै सोभी राजाने वृत्तिदानकर्के पोषणकियाहोवे अथ
वानही पोषण कियाहै २ ॥

श्रोतव्यमस्य च रहो रक्ष्यश्चामात्यतो भवेत् अ
मात्या ह्युपहन्तारो भूयिष्ठं घ्नन्ति भारत ३ ॥

हे भारत उसका वचन राजाने सभसे रहस्य एकांतविषे श्रोतव्य
है और उस पुरुषको मंत्री अधिकारी जनोसे यत्नसे रक्षणीयहै जो मं
त्रीलोक राजधनको हरणकरनेहै सो अनेक यत्नोकर्के उस पुरुष
को मारदेनेहै ३ ॥

राजकोशस्य गोप्तारं राजकोशविलोपकाः स
मेत्य सर्वे बाधन्ते स विनश्यत्यरक्षितः ४ ॥

जोनसा पुरुष राजाके कोशखजानेकी रक्षाकरताहै उसको राज
कोशकोलूटनेहारे सभही लोकसंमतिकर्के बाधाकरतेहै जो राजा
से उसकी रक्षानही बनेतो राजकोशका रक्षाकारी जन विनष्टहोजा
ताहै ४ ॥

अत्राप्युदाहरन्तीम मितिहासं पुरातनम् मु
निःकालकवृक्षीयः कौशल्यं यदुवाच ह ५

अब इहां एक पुरातन इतिहासको उदाहरणकहतेहो एककाल
कवृक्षीय मुनिभयासो कौशल्य राजाको जोवृत्तांतको कहताभया उ
सको सावधानतासे सुनो ५ ॥

कोशलानामाधिपत्यं संप्राप्ते क्षेमदर्शिने
मुनिःकालकवृक्षीयः आजगामेति नः श्रुतं ६

श्री॰
रा॰य॰
टी॰
प॰

50

हे भारत कोशल्यराजा अपनेराज्यव्यवहारके क्षेमकल्याणको दर्शन
वांछा इसको कालकहती यमुनि आइप्राप्तहोताभया यहहज्ञान
हमने सर्वसुनाहै ६ ॥

सकाकंपंजरेबद्धा विषयंक्षेमदर्शिनः सर्वं
पर्यचरद्युक्तव्यवहारार्थे पुनःपुनः ७ ॥

सो मुनि एक काकको पंजरेमो वंधककें क्षेमदर्शीना मवाली
कौशल्य राजाके संपूर्ण देशकी व्यवहारहत्विज्ञानवास्तेवारंवार
विचरताभया ७ ॥

अधीधंवायसीविद्यांशंसंतिममवायसाः
अनागतमतीतंच यच्चसंप्रतिवर्तते ८ ॥

सो मुनि काकसंयुक्त पंजराको साथ लेकर सर्वत्र सर्वलोकोंको
कहताभया जिसको त्रिकाल ज्ञानकी इच्छाहोवे सो सभही काक
भाषकी विद्याको अध्ययनकरो यह मेरा काकजोहै सो भूत भवि
ष्यत वर्तमानके संपूर्णज्ञानको कहदेताहै ८ ॥

इतिराष्ट्रेपरिपतन् बहुभिःपुरुषैःसह सर्वे
षां राजयुक्तानां दुष्कर्म परिदृष्टवान् ९

इस प्रकारसो मुनि कहताहै सर्वत्र विचरताहै कौतुकदर्शी बहुत
जनसे युक्तहोताहै जेते राजकार्य नियोगवाले अधिकारीलोक है
उन्हकेराजद्रव्यहरणा दुष्टकार्यको सर्वप्रकार से सर्वत्रजानताभया ९

स बुद्धानस्य राष्ट्रस्य व्यवसायांहि सर्वशः रा
जयुक्तापचारांश्च सर्वान्बुद्धानन्ततः १०

संपूर्ण राज्यके व्यवहार व्यवसायको जानकर और राजाके नियोगीज
नोविषे राज्यद्रव्याप हारादि उपचारोकोभी जहां तहांसे जानकर १०

ततः सकाकमादाय राजानंद्रष्टुमागमत् स
र्वज्ञोस्मीतिवचनं ब्रुवाणःसंशितव्रतः ११

इसके अनंतर सो मुनी राजाके नगरको आवताभया राजानव इ
सको कौतुक देषणेको आवताभया इसीका कालमो इंद्रियोके
संयम युक्त सो कहताभयामें त्रिकालज्ञानका सर्वज्ञहूं ११ ॥

स स्म कौशल्यमागम्य राजामात्यमलंकृतं
प्राहकाकस्यवचनाद मुत्रेदं त्वयाकृतं १२

हे राजन् सो काकपक्षी संयुक्त मुनी कौशल्य राजा समेत बेठे संप
राशोभा युक्तराजमंत्रीको कहताभया यहमेराकाककहताहै तेने
अमुकस्थानमो पना धनराजाकाचोरी कियाहै इसमो मेरावचन
अन्यथा नहीहै १२ ॥

अशौवासौचजानीते राजकोशस्त्वयाहृतः
एवमाख्याति काकोयं तच्छीघ्रमनुगम्यतां
यहकाकहै पही इसवार्ताको जानताहै जो तेने राजा ॥ १३ ॥
काकोशखजानालियाहै इसप्रकार यहकाककहताहै तेने कोश
खजाना राजाका जहांधराहै तहांसे शीघ्र इहां प्राप्तकरो १३ ॥
तथान्यानपि सप्राह राजकोशहरांस्तदा न
चास्यवचनं किंचिद्वितथं श्रूयते क्वचित् १४
हे राजन् इसीप्रकार और बीजो राजाके कोशहारी मंत्रीजनहै ति
न्होंकोभी कहताभया उसकावचनकहाकही कोईभी मिथ्यानही
श्रवणहोता १४ ॥
तेन विप्रकृताः सर्वे राजप्रकाः करोद्दरु त
मस्याभि प्रसमस्य निशिकाक मवेदयन् १५
हे कुरुश्रेष्ठ उसमुनीते काकवचनसे सभही राजाके अधिकारी
अपने प्रतिबिगाडदिये जब अंधेरी रात्रिमो निद्राको प्राप्तभया
तबरात्रिमोही उसके काक पंछीको पंजरामोही बाणकर्के वेद
करतेभये काककोबाणकर्के मारदेतेभये १५ ॥
वायसं त विनिर्भिद्य दृष्ट्वा बाणेन पंजरे प्र
भाते ब्राह्मणो वाक्यं क्षेमदर्शनमब्रवीत् १६
प्रातकालमो मुनिकाकको पिंजरामो बाणकर्के वेधा देखकर्के
सर्वोक्तकालमो राजा क्षेमदर्शीको सोमुनिवचनको कहताभया १६
राजंस्त्वा मभयं याचे प्रभुं प्राणधनेश्वरं अनु
ज्ञातस्त्वया ब्रूयां वचनं भवतो हितं १७ ॥
हे राजन् तुम सभके प्राणधनोके ईश्वरहो प्रभुहो मै तुमसे अभ
यदानयाचनकरताहूं आप आज्ञाकरो जो मै आपका हितवचनको
कहताहूं १७ ॥
मित्रार्थं मभिसंनम्रो भक्त्या सर्वात्मनागतः
अयं तवार्थो क्रियते योब्रूयादक्षमान्वितः १८
राजा सभको प्राणधनकी पालनेसे मित्रहोताहै ऐसे जगतके मि
त्रभूत राजाकी भक्तिकर्के अपना सभही अर्थत्याग कियाहै इस
प्रकारसे जोकोई तुमको आपप्राप्तहोवे आनकरकहे यहतस्कर
अर्थी हर लियाहै इसप्रकार द्रव्यहरणेकी क्षमात्यागकर्के कहता
है उसविषे क्षमा कोई नहीकरता १८ ॥
संबुबोधयिषुर्मित्रं सदश्वमिव सारथिः अ

तिमन्युप्रसक्तोहि प्रसह्यहितकारणात् १८
सोकैसे सर्वले खोटे मित्रोको भेदबुद्धिकरणचाहताहे जैसेउन्मत्तघो
डेको सारथीखोटे मार्गसे शुभमार्गविषे प्रवृत्तकरणचाहताहे ऐसा
पुरुष सभके प्रतिकोपसंयुक्तहोताहे उसने सभसेहठकर्के स्वा
मीका हितकहाहे १९ ॥

तथाविधस्यसुहृदा हितकामस्यविजानता ऐ
श्वर्यमिच्छतानित्यं पुरुषेणावमर्षिता २०
उसविषे सुहृतजानकर स्वामीने अपनी हितकी नित्यवांछाक
र्के क्षमाकरणेयोग्यहे काककी न्याई प्रमादकर्के उसको और अप
ने अविचारी मित्रहे उन्हको नहीं घातकरणेयोग्यहे यत्नसे उस
की रक्षाकर्तव्यहे और हितवचन उसका श्रोतव्यहे २० ॥

तंराजाप्रत्युवाचेदं यत्किंचिन्मांभवान्वदेत्
कस्मादहंनक्षमेयमाकांक्षन्नात्मनोहितं २१
हे युधिष्ठिर ऐसावचन सुनकर क्षेमदर्शी राजा कौशल्य उसमुनी
को वचनकहताभया जो आपमित्रताके हितसे ऐसेवचनकोह
मारे बांधवोके प्रतिभी कहोतो अपनेहितकी वांछासे तुम्हारे ऐ
से वचनको सुनकरतुमको क्यों क्षमानहीं करोंगा २१ ॥

ब्राह्मण प्रतिजानेते प्रब्रूहि यदिच्छसि करि
ष्यामिहितेवाक्यं यदस्माद्विप्रवक्ष्यसि २२
तुमब्राह्मणहो मे तुमको हितवचन कहनेकी आज्ञाकरताहूं
जो तुममोको हितवचनकहोगे उसवचनको मे हित जानकरो
गा हे विप्र आप अर्थीकहो करकहो २२ ॥

मुनिरुवाच राजन्जानन्नहंश्चापि भृत्यानांतेभया
निव भयाहंतिसमायातो भवतोंतिकमागमं २३
मुनिरुवाच हे राजन् मे तेरे भृत्योकोपापवृत्ति अपाप वृत्तिजानक
र पापीभृत्योसे तोकोभययोगोकी प्राप्ति जानकर पापीभृत्योकी वृ
त्तिकहनेको तुम्हारे समीपको आयाहूं जोइहांवृत्तांतभयाहे ऐ
से वृत्तांतसे मोको राजसेवी जनोकादोषस्मरणभयाहे जोतमा श्रा
हे ऐसी गतिलोको राजाकी सेवाप्रनाहत्तिजैसी पराऽन्नभोजनवृत्तीहे
श्रागेवोक्तस्तदोषोयमाचार्यैर्नृपसेविनो अग
तीकागतिस्त्वेषा पापाराजोपसेविना २४ ॥ २३
जिसको राजसेवाकीवृत्तिहे उसको राजारूपी राजमंत्रीरूपी सर्पो
के साथनित्यसमागमबनाहे जोनसेराजालोकहे तिन्हकेबडुतमि
त्रजैसे अमित्रशत्रुसदा आसपासहोतेहे और हितकारी मित्रभी आ

सपाससदाहोतेहे २४ ॥

आशीविषेष्वनत्याङ्गः संगमेयस्यराजभिः
बहुमित्राश्चराजानो बहुमित्रास्तथैवच २४

हे राजन् राजसेवी जनोके राजाके मित्रोसे अमित्रोसे सभसे सदाभय
होताहे २४ ॥

नेभ्यःसर्वेभ्यएवाङ्ग भयंराज्ञोभिजीविनाम्
नेषेवा राजतोराजन् मुहूर्तादेवभीर्भवेत् २५

और सभकोही राजासे भयमुहूर्तमात्रसेभी होताहे जबराजा आ
ज्ञाकरेतत्कालही प्राणांतकारी भयहोजातेहे २५ ॥

नैकान्तेनाप्रमादोहि शक्यःकर्तुं महीपतौ
नतुप्रमादःकर्तव्यः कथंचिद्भूतिमिच्छता २६

राजाने एकभृत्याविषे अथवा सर्वभृत्योविषे सदाएकांत प्रमाद
जो विश्वासापनहोकर गुणदोषज्ञानहीनतही प्रवृत्तहोना और
सदेवभृत्योविषे प्रसन्नतासे प्रसादभी नहीकरणा अपनी यथा
प्रयत्नसेसंपदाकी वांछाकर्के प्रमादमो २६ ॥

प्रमादाद्धिस्खलेद्राजा स्खलितेनास्तिजीवितं
अग्निंदीप्तमिवासीदे द्राजानमुपशिक्षितः २७

और प्रमादमो सावधानता कर्तव्यहे जो राजा प्रमादसे राजनीति
से चलितहोवेतो उसको जीवनीकाभी संशयहोताहे सेवाधर्मकी
शिक्षावाले पुरुषने प्रदीप्तअग्निके समान अति निकटाको अति
विश्वासको त्यागकर्के राजाकी सेवाकर्तव्यहे २७ ॥

आशीविषमिवक्रुद्धं प्रभुंप्राणधनेश्वरम् य
त्नेनोपचरेन्नित्यं नाहमस्मीति मानवः २८

हे राजन् राजाको अपने प्राणधनोंका ईश्वरजानकर अतिक्रुद्ध
सर्पकीन्याईजाने यत्नकर्के सेवाकरे जीवनाशाको त्यागकर्के उप
कार सेवाको अभिमानकोभी त्यागकरे २८ ॥

दुर्व्याहृताच्छङ्कमानो दुःस्थितादुरधिष्ठितात्
दुरासिताद्दुर्व्रजिता दिंगितादंगचेष्टितात् २९

अपने पराके दुर्वाक्य से शंकाकरे दुष्टस्थानकी स्थितीसेभीशंका
करे दुष्टसेवनसेभीशंकाकरे और दुष्टताके पदार्थ भोगसेभी शं
काकरे दुष्टदेशकेगमागमसेभी शंकाकरे और दुष्टमनकी चे
ष्टासे शंकाकरे और दुष्टशरीरचेष्टासे भी शंकाकरे २९ ॥

देवतेवहिसर्वाग्नीन् कुर्याद्राजाप्रमादिनः

श्री॰
रा॰प॰
टी॰
५२

52

वैश्वानरस्त्वकुद्धः समूलमपिनिर्दहेत् ३०॥

देवताके समान राजाको जानकर सर्वकार्योंको राजाके प्रमादसे रक्षा करे और राजाके प्रसादवास्ते सदा सेवा करे सो राजा प्रमाद करे तो अग्निकी न्याई कोप समूलही दग्धकरदेवे ३०॥

इतिराजन् यमःप्राह वर्तनेवन्तथैवनन् अ
यमभूयो समेवार्थे करिष्यामि पुनःपुनः ३१

इसप्रकार राजासे भयकहाहै सो भयशंका यथा तथा प्रकारही बनीहै और अपने मनविषे ऐसा निश्चयकरे जो मे अबसेभी अधिकमहाभारीसेवा कार्यको वार वार करोंगा ३१॥

ददातिस्महियोमात्या बुद्धिसाहाय्यमापदि
वायसस्त्वपमेराजन् नतुकार्याभिसंहितः ३२

और आपदाविषे भी राजाके साथ ऐसा अभिमान नही करे जो मेरा जैसा मंत्री राजाको आपदाके तरणवास्ते बुद्धीज्ञानके सहायको देताहै जैसे यहकाक हितकहनेके सहाय करकेभि विनाशको प्राप्त भयाहै ऐसेही मेभी विनाशकोप्राप्तहोवेगा इसप्रकारसे तुम्हारे मंत्री जनोसे भयको करताहुं ३२॥

नचमेत्रभवानार्यो नचतेषांभवान्प्रियः हि
ताहितांस्तुबुद्धेष्णा मापरोक्षमतिर्भवेः ये॰
त्वादानपरायेव वसंतिभवतोगृहे अभूति
कामाभूतानो नाटशोमेभिसंहितम् ३४

इहांमेनेतुम्हारेको दोषरोपकरकें निंदाकरणी योग्यनही जिन्होने हितकारी काकमरादियाहै उन्हको तुम्हारी प्रियताकहाहे हे राजन् आपइसप्रकार परोक्षशंकामनकरे पण्यस्तही शंकाकार्यको विचारकरे ३४ जोनसे मंत्रीलोक तुम्हाराकोशग्रहणविषे पराय णहे सो तुम्हारेगृहमो सदावासकरनेहे हमारे जैसेभृत तुम्हारी संपदाको कामनानही करने तिन्होविषे दुष्टमंत्री जनोने ऐसी मारणशंकामें ऐसी संमतिकी नीहै ३४॥

येवामवद्विनाशेन राज्यमिच्छन्त्यनेनरं श्री॰
नेवैरभिसंधाय राजन् सिध्यति वान्यथा ३५

जोनसे यहमंत्री आपके विनाशका लकेअनंतर आपकी राज्यसंपदाकी अखंडवांछाकरनेहे सो आपके और भी छिद्रदर्शी शत्रुजनोके संधिकरकें अन्यथाकारी होकर उन्हको राज्यप्राप्ति सिद्धहोवेगी इसमे अन्यथा शंकानहीहै ३५॥

तेषामहं भयाद्राजन् गमिष्याम्यन्यमाश्रमम्

नेहिमेसंधिनोवीणाः काकेनिपतितःप्रभो ३६
हे राजन् ऐसे यह तुह्मारे सहायकरणेहारे मंत्री लोकहे इन्द्रके भय
सेमे ओर हरदेशमें आश्रमकरणेको जाताहूं तिन्होनेही मेरे काकप
क्षीमो वाणकाप्रहार प्राप्तकियाहे ३६ ॥
छद्मकामेरकामस्य गमिनोयमसादनं दृष्टे
सेतन्मयाराजं स्तपोदीर्घेण चक्षुषा ३७ ॥
जो पुरुष कपट कार्यकी कामनावालीहे तिन्होकर्के कपटकार्यका
अकामी जो पुरुषही उसको यमलोककी प्राप्ती होतीहे यहवार्तादी
र्घदृष्टीसे तपोमयनेत्रकर्के देखाहे ३७ ॥
बहुनक्रझषग्राहांतिमिंगलगणाश्रुतो का
केनवालिशोनेमां यामनार्थ मरहुनदी ३८
हे राजन् यह तुह्मारी ऐसी राजनीतिकी नदीहे बहोतकपटी दुष्ट
कर्मकारी नक्रझषादि जलजीवगणोकर्के संकुलहे इसको मे मूढ
बुद्धि काकपक्षीके सहायमात्रकर्के कैसेतरजाताहूं जैसे काकप
क्षी मेराहे तैसे मेभी इसके मरणसे मृतही भयाहूं ३८ ॥
स्थाणवश्मकंटकवती सिंहव्याघ्रसमाकुला
दुरासदाडुष्प्रसहा गुहा हैमवती मिव ३९
वहोइयह तुह्मारी राजनीति हिमालयपर्वतका गुफा जैसी अग
म्यहे अगाधतमके अंधकारवालीहे जिसविषे कठोर प्रकृतिवाले
पाषाण कंटक अनेक दुष्टजीवहे और सिंहव्याघ्रतैसे अनेक भूतो
के संहारकारी दुष्टमंत्री जनहे महादुर्गमहे ओर महा असह्य दु
खमयकर्के प्राप्तभईहे ३९ ॥
अग्निना तामसंदुर्गं नौभिराप्यंच गम्यते राज
दुर्गावतरणेनोपायंपंडितापिविदुः ४० ॥
हे राजन् जहां अंधकार मयदुर्गमस्थानहे सो अग्निके प्रकाशक
र्के सुगमहोताहे ओर जहां जलकर्के दुर्गमस्थानहे सोनौका स
मूहके उपायकर्के सुगमहोताहे ओर जोनसा राजनीतिका दुर्गम
स्थानहे इसके तरणेके उपायको पंडितजनभी नहीजानते ४०
गहनंभवतोराज्य मंधकारंतमोन्विते नेह
विश्वसितेणाक भवतापिकृतोमया ४१ ॥
तामें यह तुह्मारा राज्यअतिदुर्गम महादुष्टमंत्री जनोंके अंधका
रकर्के परिपूर्णभयाहे इसमो आपराजाहो आपनेभी विश्वास
करणा अशक्यहेतो मेनेकहा इसमों विश्वास कर्तव्यहे ४१ ॥

श्री॰
रा॰य॰
टी॰
५३

53

अतोनायंशुभोवासः तुल्येसदसतीइह वधो
हिवात्र सत्कृते दुष्कृते नचसंशयः ५२ ॥

इसविचारसे इहांवासकरणा शुभनहीहै जहांसज्जन असज्जन एक जैसे तुल्यसमानहै और जहां सत्कृतकर्मके कार्यमो शरीरकी वध फलसिद्धभयाहै तहां दुष्कृत कर्मकरणेमो वधका संशय नहीहै ५२ ॥

न्यायतोदुष्कृतेघातः सत्कृतेन कथंचन ने
हयुक्तं स्थिरंस्थातुं जवेनैवाव्रजेद्बुधः ५३

जहांन्यायमार्गकहकर्के दुष्टकर्मका घातफल भयाहै तहांसत्कृतकर्के कछुकैसेभी नहीबनता इहचिरकालस्थिरस्थिती नहीकर्ते यहे इहांसे बुधपुरुषवेगकर्केही चलाजावे ५३ ॥

सीतानाम नदीराजन् प्लवोयस्यां निमज्जति
तथोपमामिमांमन्ये वागुरां सर्वघातिनीं ५४

हे राजन् पृथिवीविषे एकसीतानामनदीहै सो सर्वोपायकर्के पार तरी नही जाती जिसविषे नौकादिक तरणके उपायसभही डूबजाते है उसके समान तुह्मारी नीति कोमैजानताहुं यह तुह्मारीनीति वधकीकी वागुराजैसी पाशबंधनकी जो बडीहै सर्वजीवोंकोघात करतीहै ५४ ॥

मधुप्रपातोहिभवान् भोजनं विषसंयुतम्
असतामिवतेभावो वर्ततेनसतामिव ५५

तुम राजा कैसेहो जैसे भ्रमरोंको मधुविषे मधुपानकेलोभसे तहांही शरीरपातहोजाताहै और जैसे विषसंयुक्त भोजनसे शरीरपात होजाताहै तैसेतुमारासंग देहपातकोकरताहै तेरावेषभाव असंतजनो जैसाहै संतजनोंके समान तेराभावनहीहै ५५ ॥

आशीविषैःपरिवृतः कूपस्त्वमसिपार्थिव
दुर्गतीर्थोबृहत्कूला कारीरावेत्रसंयुता ५६

तूं ऐसा राजाहै जैसे घोरविषधरोंकर्के परिवृतकूपहोताहै जैसीदुष्टनदीपाषाणप्रधानदेशाहोतीहै उसके उत्तरणेकामार्ग महादुर्गमहोताहै और तट उसके अतिविषमअति ऊचेहोताहै और पत्रहीन करीरादि कंटकी वृक्षोंकर्के सर्वत्रछायावाली होतीहै ५६ ॥

नदीमधुरपानीया यथाराजेंस्तथाभवान् ख
गध्रगोमायुयुतो राजहंससमोह्यसि ५७ ॥

जल उसका केवल मधुरहोताहै सो सभजीवोंको दुर्लभहोताहै

तैसाही आपविषे राजाभावहे जैसे श्मशानस्थान स्थान ग्टध्रशृगा
लादिमांसाहारी जीवोंकर्के व्याप्तहोताहे ऐसाही तूराजा बणाहे ४७

यथाश्रित्य महावृक्षं कक्षः संवर्द्धते महान् त
तथेनं संवृणोत्येव तमतीत्यचवर्द्धते ४८ ॥

यह तुम्हारे मंत्रीलोक ऐसी फलको तुमको प्राप्तकरेंगे जैसे महा
वृक्षको कक्षतृण आश्रयकर्के आपवृद्धि विस्तारको करताहे सोई क
क्षतृण अपनेविषे दावाग्निको वृद्धिको करताहे अपने साथही वृक्षकोभी
दाहकरादेताहे तैसे यह तुम्हारे मंत्रीलोक तुम्हारे आश्रयकर्के य
नसंपदाकी वृद्धिपाइकर तुम्हारी सर्वसंपदाके हरणेमो पापक
र्मरूपी दावाग्निसे व्याप्तभयेहे इन्हकेसाथही तुमनेभी नाशको प्रा
प्तहोताहे ४८ ॥

तेनैवाश्रयनेनैनं दावोदहति दारुणः त
थोपमात्यमात्यास्ते राजंस्तान्विशोधय ४९

सोवृक्ष उसीकक्षके आश्रयइंधनकर्के दावाग्निकर्के दग्धहोताहे तैसेही
हे राजन् अपनेमंत्री लोकोको शुद्धकर्के आपभी शुद्धहोवेगा ४९

त्वयाचैव कृताराजन् भवता परिपालिताः
भवंतमभिसंधाय जिघांसंति भवत्प्रियं ५०

यहमंत्रीलोकतुमनेही आपअधिकारी कियेहे तैनेही संपदा दा
नकर्के परिपालन कियेही अब तुम्हारेही वलके आश्रयको पाइक
र तुम्हारे प्रियकरणेहारेको माराचाहतेहे ॥ मेने तुम्हारे पास
शंकाकर्के पीडितहोकर निवासकियाहे जैसे सर्पकर्के युक्तगृह
मो वासकियाजावे जैसे वीरपत्नी पतिव्रताहे सो जार पुरुषको गृ
हमो देवरानीकर्के वासकरतीहे ५० ॥

उषितंशंकमानेन प्रमादंपरिरक्षिता अंतः
सर्पइवागारे वीरपत्न्याइवालये ५१ ॥

तुम्हारे राज्यकाआचार विचारशीलज्ञानकी इच्छाकर्के मेनेवास
कियाहे राजाकेधनहारी जीविकावाले लोकसभही जानलियेहे
राजाजितेंद्रिय कहीहे इसराजाने कामादिदोष कदाचित्जीतेहे ५२

शीलंजिज्ञासमानेन राजश्चसहजीविनः
कश्चिज्जितेंद्रियोराजा कश्चिदस्यानरागिताः ५२

मंत्रीजनोराजा कछुप्रियहे ओर राजा कोभी प्रजाअतिप्रियहे कछु
ऐसी प्रकृतिको जिज्ञासाकर्के मेतुम्हारे राजमंडलको प्राप्तभयाहू ५२

कश्चिदेषांप्रियोराजा कश्चिद्राज्ञः प्रियाःप्रजाः
विजिज्ञासरिहप्राप्त स्तवाहंराजसत्तम ५३

ऐसाोमें तुह्मारी सब संपदाकी दर्शन वांछासे आयाहूं मोको तुह्मारी
सबसंपदा ऐसी प्रीतीकों करतीहै जैसे क्षुधातुर पुरुषको भोजनका
दर्शन प्रीतिकरतीहे तुह्मारे अमात्यलोक मेरीस्थितिकों रुचिनही
करते जैसे तृषारहित पुरुषको जलपान रुचिनहीकरता ५३ ॥

नत्वमेरोचतेराजन् क्षुधितस्येवभोजनं अ
मात्या मेनरोचंते विटस्यस्यथोदकम् ५५

मोको तुह्माराहितकारी जानकर मंत्री जनोने मेरेविषे दोषकियाहे
और कारणकोईनहीहे इसमो संशयनहीहे ५५ ॥

भवतोपिकृदित्येव मयिदोषोहितैःकृतः वि
द्यते कारणंनान्यदिति मेनात्रसंशयः ५६

मेभी तुह्मारे मंत्रीजनोकाद्रोहकारी नहीहों उन्होका मेने दोषदर्शन
हेकियाहे जोपुरुषदुष्टहृदय होवेसो अरीहोताहे दुष्टहृदय अरीसे
कैसा भयकरणा जैसाभयदुष्टभंगवाले सर्पसेभयहोताहे ५६ ॥

नहितेषामहंद्रुग्धस्तेषांदोषदर्शनम् अ
रेर्हिदुष्टचित्ताद्वैयं भयदुष्टादिवोरगात् ५७ रा

जोवाच भूयसापरिहारेण सत्कारेणचभूयसा
पूजितोब्राह्मणश्रेष्ठ भूयोवसगृहेमम ५८

राजोवाच हे ब्राह्मणश्रेष्ठ मेआपको बहोतप्रकारकी संपदाकी प्र
जाकर्के मानसत्कारके पूजाकरताहूं तुम हमारे गृहमों प्रसन्नतासे
फेरनिवासकरो ५८ ॥

येत्वांब्राह्मण नेच्छंति तेनवत्स्यंतिमेगृहे भ
वतैवाहितास्तेयं यत्रदेषा मेननरम् ५९

हे ब्राह्मण जो जो अधिकारी लोकतोकों उत्तम प्रियकारी नही मा
नेगे सो सो हमारे गृहमोंवासनही करेंगे उन्हका भेद तुमनही
जानलेना ५९ ॥

यथाप्यात्वयनोदंडो यथावत्सुकृतंकृतं त
था समीक्ष्य भगवन् श्रेयसेवितिपुंत्वमो ५९

जैसे प्रकारकादंड उन्होको करीजावेगा जैसा कियेहे तदरसुकृतः
कलहोवे तेसा विचारकर्के आपने मोकोंकहना हेभगवन् आप
ही मोको कल्याणमार्गवास्ते नियोगकरो ५९ ॥

मुनिरुवाच प्रदर्शयन्निदंदोष मेकैकं त्रसदुर्व
ली ततःकारणमात्ताय पृकषपृकषं जहि ६०

मुनिरुवाच हे राजन् यहजो वचकामनासे कोपदंडदोष सो कि
सीकोभी प्रथमनही दिखावना एक एकमंत्रीको क्रमसे संपदाह

रणोकर्के दुर्बलकरो तदनंतर सभका अपराधकारण जानकर्के एक
एक पुरुष प्रति अपराधी जानकर सभको देहदंडकर्केमारो ९० ॥

एकदोषाद्धि बहवो मद्दीपुरपिकंटकान् मे
त्रभेदभयाद्राजंस्तस्मादेवंब्रवीमिते ९१ व
यंत्वब्राह्मणानाम सद्दंडाःकपालवः स्व
स्तिचेच्छामभवतः परेषांचयथात्मनः ९२

जो तुम एक एकको क्रमकर्के दंडकरोगे तो सभही एक संमतिक
र्के अपने कंटकोंको सभकोही एकवारही मारदेवेगा और मेरेजैसे
एकाकी कंटकजनोंकोकहावाकी छोडेगे इसवास्ते पृथक् पृथक्
ग्रहणकर्के दंडकर्तव्यहै ९२ ॥

राजन्नात्मानमाचष्टे संबंधी भवतोस्त्यहं सु
तिःकालक हतीय इत्येवमभिसंततिः ९३

हे राजन् हमतो अबब्राह्मणहतीहै सदास्तुद्धशीलहै सदाही द
यावानहै तुमहारेकोस्वस्तिकल्याण चाहतेहै जैसा अपने कोक
ल्याणचाहताहै तेसे परायेकोभी कल्याणचाहतेहै हे राजन् अब
मे अपनेकोभी कहताऊं मे कालकहतीय ब्राह्मणऊं तुह्मारा सर्व
कालका संबंधीहो ९३ ॥

पितुःसखाच भवतः संमतः सत्यसंगरः या
पत्रेभवतोराज्ये राजन् पितरि संस्थिते ९४

तुह्मारे पिताकाभे सखाऊं सत्यधर्मकी रक्षाकरणेहाराऊं जब
तुमको राज्यप्राप्तभया पिता तुह्मारा स्वर्गकोंगया ९४ ॥

सर्वकामान्परित्यज्य तपस्तप्तं तदामया स्ने
हात्वांत्वब्रवीम्येतन्माभूयोविभ्रमेदिति ९५

तवमे सर्वभोगोंको त्यागकर महातपको करताभया हर्वले संबं
धके स्नेहकेसंवंधसे पेसामे तुमको कहताऊं वहोड पेसा प्रमाद
का विभ्रम न होवे ९५ ॥

दृष्टेदृष्टाद्वःखसुखे राज्यंप्राप्य यदृच्छया रा
ज्येनामात्यसंस्थेन कथंराजन् प्रमाद्यसि ९६

हे राजन् अमात्योंको अधीनतासे सभके दुखसुख देखकर औ
र राज्यको पायकर यदृच्छा व्यवहारतुमकरो अमात्यलोकोंके
गुणदोषविचारनहींकरोगेतो केवल राजा नामसे ताको पाइकर
कों प्रमादकरताहै ९६ ॥

ततोराजकुलेमंत्री संजज्ञे भूयसापुनः पुरो

शां॰
रा॰ ध॰
टी॰
५५

55

हितकुलेचैव संग्रामेब्राह्मणर्षभे ८७ ॥
हे युधिष्ठिर तबसो कालकवृक्षीय ब्राह्मण राजकुलमो मंत्रीभया
पुरोहित कुलकोभी प्राप्तभयाहे बहोउब्राह्मणोविषे श्रेष्ठभयाहे ८७
एकछत्रां महींकृत्वा कौशल्याययशस्विने मु
निःकालकवृक्षीयईजेक्रतुभिरुत्तमैः ८८ ॥
हे भारत सो कालकवृक्षीय ब्राह्मण कौशल्यराजाकामंत्रीभया पुरो
हितभी भया कौशल्य राजाको एकछत्रा पृथिवीके राजाकर्के राज्याकी
जय हृद्धीवास्ते उत्तम यज्ञोकर्के यजनकरताभया ८८ ॥
हितं तद्वचनंश्रुत्वा कौशल्योप्यजयन्मही त
थाव कृतवान्राजा यथोक्तं तेनभारत ८९
इतिश्री महाभारते शांतौ राजधर्मेषु अमात्य
परीक्षायां कालक वृक्षीयोपाख्याने ८२ ॥
राजा कौसल्यभी उसके हितवचनसुनकर्के राजधर्मकरके पृथिवी
को जीतलेताभया जैसेकालवृक्षीय मुनीने हितवचन कहा तैसेही रा
जनीतिको पृथिवीमो प्रवृत्तकरताभया ८९ इतिश्री म॰ भारते शां॰ प
र्वणि अमात्यपरीक्षायां कालकवृक्षीयोपाख्याने ८२ ॥
युधिष्ठिरउवाच सभासदःसहायाश्च सुहृदश्च
विशांपते परिच्छदास्तथामात्याःकीदृशाःस्युः
पितामह १ ॥
युधिष्ठिरउवाच हे पितामह हे विशांपते रा
जाके सभासद जोहे सभाविषे बैठनेवाले
कैसे होवे और व्यवहारदर्शनेवाले सहायकैसेहोवे और राजाके
सज्जन कैसे होवे और सेनाके परिच्छद सामग्री कैसेहोवे और से
नाके अमात्य अधिकारीलोक कैसेहोवे यह सभहीके लक्षण
आपमोको कहो १ ॥
भीष्मउवाच ह्रीनिषेवास्तथादांताः सत्यार्ज
वसमन्विताः शक्ताःकथयितुंसम्यक्तेनव
स्युःसभासदः २ ॥ भीष्मउवाच जोनसे पुरुष सभाविषे
अयोग्यव्यवहारके वचनकी लज्जाधारीहोवे और इंद्रियोकी वृत्ति
केदमनशीलहोवे और सत्यवचनवालेहोवे और कपटकुटिलता
के त्यागवाले आर्जवगुणसंपन्नहोवे और व्यवहार निर्णय कह
नेको समर्थहोवे ऐसे सभाके बैठनेहारे सज्जन लोकतेरे सभास
दहोवे २ ॥
अमात्यांश्चातिशूरांश्चब्राह्मणांश्चबहुश्रुतान्
सुसंतुष्टांश्चकौंतेय महोत्साहांश्चकर्मसु ३

हे भारत अमात्यजोहे व्यवहार दर्शनकरणेहारे उन्नको ऐसेको तू
करणेके वांछाकरे जोनसे सूरमाहोवे ब्राह्मणहोवे और दानमानकी
शोभा संयुक्तहोवे और संतोषवालेहोवे और कार्यसाधनेविषेमहा उ
द्यमके उत्साह वाले होवे ३ ॥

प्रज्ञान्सहायोहियेषाः सर्वास्वापत्सुभारत कु
लीनःपूजितोनित्यं नहिशक्तिं निगूहति ४ ॥

ऐसेसहायकारी पुरुषोको तू आपदाकालमेभी अपनेसाथहेसदा
वांछाकरे हे राजन् ऐसापुरुष तुमारा परमसुहृदहोवे जोनसा कु
लीनहोवे सर्वप्रकारसे सभलोकोने मानसत्कारसे पूजितहोवे और
अपनी ज्ञानविचार पुरुषार्थशक्तिको गूहनहीकरे प्रगट करे ४ ॥

प्रसन्न मप्रसन्नंवा पीडितं हत मेववा आव
र्तयन्तिभूयिष्ठं नदेवस्त्वनुपालितम् ५ ॥

और स्वामी मन प्रसन्नहोवे पीडाको प्राप्तभयाहे और शत्रुगणोकर्के ह
तभयाहोवेतोभी अपनी पुरुषार्थ शक्तिकर्के वहोत सावधान समर्थ
करदेवे जो कार्य प्रारंभ कियाहे उसकर्के सिद्धिवास्ते सदास्वामीके अ
नुसारही होनाहे ऐसाही सुहृदपुरुष तमुको सदासेवाकरे ५ ॥

कुलीनादेशजाःप्राज्ञा रूपवन्तो बहुश्रुताः प्र
गल्भाश्चानुरक्ताश्च तेनवस्युः परिच्छदाः ६ ॥

हे राजन् जोनसे पुरुष उत्तम कुलके प्रधानहे और उत्तम प्रसिद्ध दे
शके जन्मवालेहे और अपने व्यवहारके प्राज्ञहोवे और रूपआकारवा
लेहे और वहोतव्यवहारज्ञानके श्रोताहे संग्रामकार्यकरणेमो प्रगल्भ
हे और अपनेस्वामीकी भक्तिमो अनुरागवालेहे ऐसी तुमारी सीनाके
प्रधान सीनापतिहोवे ६ ॥

दौस्कुलेयाश्च लुब्धाश्च नृशंसानिरपत्रपाः तेत्वा
ताननिषेवेयु यावदार्द्रकपाणयः ७ ॥

हेतात हेराजन् जोनसे दुष्टकुलके है और प्रतिलोमवालेहे और
क्रूरस्वभाववालेहे निर्लज्जहे ऐसेपुरुषतोको धावकादिलोपनसा
मग्रीकर्के सदालिमहस्तही सेवाकरे जोनसे पुरुषकार्यविना शुष्क
हस्तहोवेतो वहोउ विकारकार्य कोही करतेहैं ७ ॥

कुलीनान्शीलसंपन्ना निंगितज्ञाननिष्ठुरान्
देशकालविधानज्ञान्भर्तृकार्यहितैषिणः ८

हे राजन् जोनसेपुरुषकुलीनहोवे शीलआचार संपन्नहोवे और स
भके चित्तके अभिप्रायके वेत्ताहोवें और कठोर स्वभावहोवे और देश
कालविधीके ज्ञाताहोवे और भर्ताको कार्यविषे सदा हित चिंतक
होवे ८ ॥

श्री·
रा·ध·
टी·
५८

56

नित्यमर्थेषु सर्वेषु राजा कुर्वीतमंत्रिणः अर्थ
मानार्घसत्कारैर्भोगैरुच्चावचैःप्रियैः ९ ॥

ऐसे पुरुषोंको राजसेहमेशा राजकार्योविषे मंत्रीकरे हे राजन् जौ
नसे पुरुष द्रव्यदानमान सत्कारोकर्के और जो खानपानादि प्रियभो
गोकर्के संपन्नहे ९ ॥

यानर्थभाजोमन्येथास्तेतेस्युः सुखभागिनः
अभिन्नवृत्ताविद्वांसः सद्वृत्ताश्चरितव्रताः न
मो नित्यार्थिनोजह्यु रक्षुद्राः सत्यवादिनः १०

ऐसे पुरुषोंको तुम अपने तांबूलादि चर्वण पदार्थोंके धारणेऔर्पजा
नेगा सो तोको अपनी सेवाकर्के सुखभागी करेंगे हे राजन् जौनसे पुरु
ष भेदबुद्धिके आचार हतिवाले नहीहे और वेदविद्याके वेत्ताहे और वर्ण
धर्मके आचार हतिवालेहे और व्रतधारीहे और स्वल्पहृत्तिनहीहे सत्यवा
दीहे ऐसे नित्यदानवास्ते तुह्मारेको प्रतिपी लोकनित्य प्रतिसेवाकरे १०

अनार्यायेनजानंति समयंमंदचेतसः तेभ्यः
परिज्ञः संख्या येचापि समयच्युताः ११ ॥

जौनसेपुरुष शीलसंतोष त्यागकर्के खोटेस्वभाववालेहे और दानप्रदा
नके देशकालको नहीजानते और शास्त्रज्ञानविना मंदबुद्धीहे और अप
ने वर्णाश्रम धर्मकी कालमर्यादाको त्यागदेतेहे ऐसे अपात्रजनोको दा
नधर्म करणेमे तुमने निंदाकर्के त्यागकरदेवा ११ ॥

नैकमिच्छेद्गणंहित्वा स्याच्चेदन्यतरग्रहः यस्ते
कोबहुभिःश्रेयान् कामंतेन गणंत्यजेत् १२

हे राजन् एककुलके एक गणजैसे दशवीसजनोका गणहे उसमे
एक गणजे दूसरा पुरुष मिलजावे तो एककोही मुख्यता करणेकी
इच्छानकरे जो तुमा वहोतेके गणमे एकगणसंपदाकर्के अधिकहोवे
तो वहोतेगणको त्यागकर्के एक पुरुषको मुख्यकरलेवे १२ ॥

श्रेयसोलक्षणंचैतद्विक्रमोयस्यदृश्यते की
र्तिप्रधानोयश्चस्यात्समये यश्च तिष्ठति १३

उत्तम पुरुषका यही उत्तमलक्षणहे जिसमे पराक्रम अधिकहोवे
और अपनी पुरुषार्थ कीर्तिको प्रधानजाने और देशकालकी मर्यादामे
दृढस्थितीकरे १३ ॥

समर्थान्पूजयेद्यश्च नास्पर्धैःस्पर्धनेबुधः न
चकामाद्भयात्क्रोधाल्लोभाद्वाधर्ममुत्सृजेत् १४

और गुणपराक्रम सामर्थ्यवाले जनोंको सभसे अधिकपूजा मानकरे जो
गुणक्रमसे अपने समाननहीहे उन्हकीस्पर्धानहीकरे और कामसे
क्रोधसे भयसे लोभसे धर्मत्यागनहीकरे १४ ॥

अमानी सत्यवान् क्षान्तो जितात्मा मानसंयुतः
सते मंत्र सहायःस्यात् सर्वावस्था परीक्षितः १५
अपनी गुणसंपदाका अभिमान कर्तव्यता विना नहींकरे पुरुषार्थपरा
क्रमको सहारे और दुर्गुणोकी प्रवृत्तिसे मनको वशकरे अपने कुलके
मानको जाने इसप्रकारका पुरुष देशकाल अवस्थामो सदा परिचय
वालाहोवे सो तुमारे मंत्रकरणेको सहाय करताहोवे १५ ॥
कुलीनः सत्यसंपन्नस्तितिक्षुर्दक्षआत्मवान्
शूरःकृतज्ञः सत्यश्च श्रेयसःपार्थलक्षणम् १६
जो पुरुष उत्तम कुलकाहोय कुलके आचारसे संपन्नहोवे सहनशी
लहोवे कार्यव्यवहारस्थानमो चतुरहोवे और जितचित्तहोवे शूरमाहो
वे कार्यके उपायका ज्ञाताहोवे और उपकारकाकृतज्ञहोवे और मन
सावाचा कर्मणा सत्यधर्मवालाहोवे यहउत्तम पुरुषके लक्षणहै १६
तस्यैवंवर्तमानस्य पुरुषस्य विजानतः अ
मित्राःसंप्रसीदंति तथामित्री भवन्त्यपि १७
हे राजन् इसप्रकार बुद्धिज्ञानसंपन्न पुरुष अपने पुरुषार्थसे व्य
वहारमो वर्तमानहोवे उसको अमित्रभी प्रसन्न होतेहै सभही मित्र
भी होतेहैं १७ ॥
अतऊर्ध्वममात्यानांपरीक्षेतगुणागुणं संय
तात्माकृतप्रज्ञो भूतिकामश्चभूमिपः १८ ॥
इसप्रकार उत्तमपुरुषोकी परीक्षाकरकेराजा अमात्यमंत्री जनोके
भी गुणअगुणोकी परीक्षाभीकरे राजाकृतात्माहोवे गुणसंपदाका
अभ्यासकारीहोवे और जितचित्तहोवे गुणसंपदाकी समृद्धीकोवां
छाकरे सोउत्तमजनोकी परीक्षाकरे १८ ॥
संबंधिपुरुषैराप्तै रभिजातैःस्वदेशजैः अ
हार्यैरव्यभिचारैःसर्वशःसुपरीक्षितैः १९ ॥
जोनसे पुरुष उत्तमसंबंधवालेहै और विश्वास संपन्नहै और उत्तम
कुलीनहै और गुण संपदाकर्के प्रसिद्ध कुलकेहै और अपनेदेशनिवा
सीहै और धनसंपदाके लोभसे कदापि वशनही होते और स्वामीत्याग १९
के व्यभिचारसे रहितहै सर्वप्रकारकी दोषाभाव प्रकृतिसे परीक्षितहै
यौनाःश्रौताश्चयामौलास्तथैवाप्यनहंकृताः
कर्तव्याभूतिकामेन पुरुषेणबुभूषता २० ॥
ऐसे उत्तम जनोकेसाथ जिन्होका विवाहादि नाता संबंधसदा बना
है और वेदविहित श्रौताचार संपन्नहोवे जिन्हकी परंपरासे उत्तम
मूलप्रतिष्ठाबनीहै और अहंकार रहितहोवे ऐसे पुरुषराजाने अ
पने सदा ऐश्वर्य वृद्धिवास्ते और यशकल्याणकी वांछाकर्के अपने मं
त्री अमात्य कर्तव्यहै २० ॥

श्री
रा॰ पं॰
टी॰
५२

57

येषां वैनयिकी बुद्धिः प्रकृतिश्चैव शोभना ते
जोधैर्यं क्षमाशौच मनुरागास्थितिर्धृतिः २१

हे राजन् जिन्हकी बुद्धि विनयज्ञानसंपन्नहे और जिह्नकी स्वभावप्रकृ
तिसुंदरहे और जिन्होविषे तेजकाप्रभावहे धैर्यवहोनहे क्षमावहोन
हे शुद्धआचारवहोनहे और स्वामीका अनुरागवहोनहे और दृढस्थि
तीहे और धृती वहोनहे २१ ॥

परीक्षेनगुणान्नित्यं प्रौढभावान्धुरंधरान् पं
चोपधाव्यतीतांश्च कुर्याद्राजार्थकारिणः २२

इसप्रकार गुणोको परीक्षाकरके बहोउ उन्हकीभावना महाउज्वल क
र्मकरणेकीहे ऐसे अतिभारी कार्यके धुरंधानकर्के मायाछलकपट
के उपाधिरहितहोवे ऐसेपांच पुरुष अपने राज्यकार्यके अर्थसाधने
जानकर्के हारीमंत्री अधिकारी राजाकरे २२ ॥

पर्याप्तवचनान्वीरान्प्रतिपत्ति विशारदान् कु
लीनान्सत्वसंपन्नानिंगितज्ञाननिष्ठुरान् २३

हे राजन् ऐसे पुरुषोको अपने राजकार्यके अधिकारी करके इन्हसे
भी अधिकजोबडी मंत्री लोक उन्हकोभी परीक्षा राजाकरे कैसेहोवे जो
नसाकार्यकारणा प्रारंभकियाहे उसीकी विधानसिद्धीमो जिन्हका व
चन समर्थहोवे और पुरुषार्थसंपदाके महावीरहोवे और कार्यसिद्धी
के निर्वाहकारीहोवे और कुलप्रतिष्ठाके अभिमानीहोवे और अपने सा
मर्थ्य तेजसंपन्नहोवे सभकी शुभ अशुभमानसी भावनाके ज्ञाताहो
वे और मनवाणी कर्मकर्के क्रूरनही होवे २३ ॥

देशकालविधानज्ञा भर्तृकार्यहितैषिणः नि
त्यमर्थेषुसर्वेषु राजन् कुर्वीत मंत्रिणः २४

और देशकाल विवस्थाके विभाग विधानके वेत्ताहोवे और स्वामीकी
हितकार्यकी वांछाकारीहोवे ऐसेपुरुषोको राजाप्रियमे नित्यके संप
र्ण जो अर्थसिद्धीकेकार्यहे तिन्होविषे मुख्यमंत्रीकरे २४ ॥

हीनतेजाभिरम्हावै नैवजातु व्यवस्यति अव
श्यंजनयत्येव सर्वकर्मसु संशयम् २५ ॥

अब जोनसे पुरुषराजकार्य योग्यनहीहे उन्हको कहनेहे जिसमो
आज्ञाकरणेका तेजनहीहे और जवकार्यमों अधिकारी कियातो कार्यकी
कर्तव्यता अकर्तव्यताको निश्चयको नहीकरे ऐसा पुरुष सर्वकार्यो
विषे संशयको दिखावताहे २५ ॥

एवमल्पश्रुतोमंत्री कल्याणाभिजनोप्यत थ
र्माथकामसंयुक्तो नालंमंत्रंपरीक्षितं २६

और जिसमो बहुतगुणहे तोभी कछुदोषयुक्तहे उसकोंभी राज्यकार्य

से अयोग्यजानकरत्यागकरणा गुणवानभीहे कुलीनभी बहुगणोका
श्रोताभीहे जोनसा कायर जैसा अंधाजैसा अल्पकार्योविषेभी कर्तव्यता
से मूढहोताहे २६ ॥
नधीवानाभिजातोपि काममस्तु बहुश्रुतः अ
नायकइवाचक्षु र्मुह्यत्यारब्धु कर्मसु २७ ॥
योवाप्यस्थिरसंकल्पोबुद्धिमानागतागमः उ
पायज्ञोपिनालंस कर्मप्रापयितुंचिरम् २८
ओर जिसका मनोमय संकल्पस्थिरनहीहे सोबुद्धिवानहे ओर कार्यके
आगमके चिरकालसेभी समाप्तनहीकरसकता ओर जोनसापुरुष
तत्कालही कार्यको उपायके उपायको प्राप्तभयाहे जो उपायको जा
नताहे तोभीकार्यको चिरकासेभी समाप्तनही करसकता ओर जोन
सापुरुषतत्कालही कार्यको मानलेताहे परंतु कार्यविशेषोके
भेदज्ञानके श्रवणविना उत्बुद्धिहोताहे सोभी कार्यसिद्धिको नही
करसकता ऐसे अयोग्य पुरुषोको राजकार्यके नियोगसेत्यागदेवे २८
केवलात्प्रुनरादाना त्कर्मणोनोपपद्यते परा
मर्शोविशेषाणा मश्रुतस्येह दुर्मतेः २९ मं
त्रिणनत्वरक्तेन विश्वासोनोपपद्यते तस्मा
दनत्वरक्ताय नैवमंत्रं प्रकाशयेत् ३० ॥
हे राजन् जोनसामंत्री अपने स्वामीविषे अनुरागनहीकरे उसका वि
श्वासनहीकरे ओर उसकोमंत्रभी नही सुनाये ३० ॥
व्यथयेद्धिसराजानं मंत्रिभिः सहितोनृजुः
सारुतोपिहितच्छिद्रैः प्रविश्याग्निरिवद्रुमं ३१
हे राजन् खोटामंत्रीजोहे कुटिलताकर्के ओर मंत्री जनोको अपने
साथकरलेताहे राजाको व्यथाकरताहे जैसे हृक्षको अग्निपवनद्वा
राकोटर छिद्रों करके प्रवेशकरताहे उसहृक्षको दग्धकरदेताहे ३१
संक्रुद्धस्यथदास्वामी स्थानाच्चैवापकर्षति वा
चाक्षिपति संरब्धः पुनःपश्चात्प्रसीदति ३२
अब अनुरागवाले मंत्रीके लक्षण कहतेहे एक कालमो अपना
स्वामी राजा मंत्रीको क्रोधकर्के अधिकारसे उतारदेताहे वाणी करके
अनादरकरताहे वहीउप्रसन्नभी होताहे ३२ ॥
तानितान्यनुरक्तेन शक्यानिहितितितिक्षितुं मं
त्रिणांवभवेत्क्रोधो विस्फूर्जित मिवाशनेः ३३
जोनसे राजाने क्रोधकर्के वाणीके दुर्वचनकहेहे अनादरकियाहे
उसको अनुरागवालामंत्री सहारलेताहे नही तोमंत्री गणोको क्रो

श्री॰
रा॰ प॰
टी॰
५८

58

य वज्रपातकी गर्जनाजैसा असत्यहोताहे ३३ ॥

यस्तुसंहरतेनाति भर्तुःप्रियचिकीर्षया समा
नसुखदुःखेन हृष्टेदर्पेष्वमानवे ३४ ॥

जौनसा मंत्री स्वामीके प्रियहितकराचाहताहे स्वामीकेअनादरवचनो
कों सहारलेताहे ऐसामंत्री स्वामीके आज्ञाको सुखदुःखदशामों एकस
मानहीं सीसपरधारलेताहे उसको राजाअपनेविषे अनुरागवान हि
तैषी जानकर एकांतविषे अपने राजकार्योंका मंत्रसहायभी रक्खे ३ ४

अनाप्तस्त्वनुरक्तोपि संपन्नश्चेतरैर्गुणैः राज्ञः
प्रधानज्ञोपि नमंत्रं श्रोतुमर्हति ३५ ॥

जौनसा मंत्रीआज्ञाकारीनहीहोवे सोराजाविषे अनुरागभीकरे और भी
उत्तम जनोंकर्के संयुक्तभीहोवे और राजकार्योंके गुणदोषवेत्ताभी हो
वे तोभी मंत्रश्रवणका अधिकारीनहीहोता ३५ ॥

योमित्रैः सहसंबद्धो न पौरान्बहुमन्यते असु
हृत्तादृशोज्ञेयो नमंत्रं श्रोतुमर्हति ३६ ॥

जौनसामंत्री अमित्रोंके संबंधवालाहे और नगरके प्रधानलोकोंकों
बहोतनहीं मानता सो सुहृदनहीं होतासोभी मंत्रश्रवणका अधिकारी
नहीहे ३६ ॥

अविद्वानशुचिस्तब्धः शत्रुसेवी विकत्थनः अ
सुहृत्क्रोधनोलुब्धो नमंत्रं श्रोतुमर्हति ३७ ॥

जौनसामंत्री कार्यभेदकाज्ञानीनहीहे और खोटे आचरण करताहे और
अपनेजैसाकिसीकों नहीमानता और शत्रुसेवाको चाहताहे और अपनी
प्रशंसा बहोतकरताहे और सुहृदभावनहीकरता महाक्रोधीहे महा
लोभीहे सोभी मंत्रश्रवणके योग्यनहीहे ३७ ॥

आगंतुश्चानुरक्तोपि काममस्तुबहुश्रुतः स
त्कृतः संविभक्तोवा न मंत्रं श्रोतुमर्हति ३८

जौनसामंत्री नवा आयाहे सो अनुरागवानभीहे और बहुव्यवहारज्ञा
नकाज्ञाताभी मानयुक्तासे सत्कारवालाहे और आपभी अन्नदानादि
विभागदेकरमानीभीहे सोभी मंत्रसुननेको योग्यनहीहे ३८ ॥

विधर्मतोविप्रकृतः पितायस्य भवत्पुरा स
त्कृतःस्थापितःसोपि नमंत्रं श्रोतुमर्हति ३९

हेराजन् जिसका पिता प्रथम विरुद्ध धर्मकर्के विकृतकियाहे उस
कापुत्र सत्कारसे बहुतमानकर पिताके अधिकारकों वहीउस्थाप
नकीनाहे तोभी पिताके अनादरको जानताहे सोभी मंत्र श्रवण कर
णेको योग्यनहीहे ३९ ॥

यःस्वल्पेनापिकार्येण सुहृदाहितरतोभवेत् पु

नरैर्वैर्गुणैर्युक्तो नमंत्रं श्रोतुमर्हति ४० ॥
जोनसा पुरुष स्वल्पकार्यके विकारकर्केभी स्वल्पदंडसे दंडित कियाहे
वहोउसो अवर अनेक गुणोंकर्के संपन्नहोवे तोभी मंत्रश्रवण करणे
को योग्यनहीहे ४० ॥

कृतप्रज्ञश्च मेधावी बुधोजानपदः शुचिः स
र्वकर्मसुयः शुद्धः समंत्रं श्रोतुमर्हति ४१ ॥
जोनसा पुरुष गुणसंपदाकर्के चतुर बुद्धिहे और व्यवहार ज्ञानका पं
डितहे देशकावासीहे शुद्धआचारविचारवालाहे सर्वकर्मोंविषे शुद्धभी
हे सो राजाके मंत्रश्रवणकरणेकोयोग्यहे ४१ ॥

ज्ञानविज्ञान संपन्नः प्रकृतिज्ञःपरात्मनोः स
र्वदात्मसमोराज्ञः समंत्रं श्रोतुमर्हति ४२ ॥
जो जो पुरुष मंत्रश्रवणकरणेयोग्य अवउनकोभी कहतेहे जो पु
रुष सर्वप्रकारके व्यवहार तत्त्वका ज्ञान विज्ञान संपन्नहे अपनीप
राई देशकाल कार्य प्रकृतिका वेत्ता और अपने समान राजाका स्व
न्हे सो राजाके मंत्रश्रवणकरणेको योग्यहोताहे ४२ ॥

सत्यवाक शील संपन्नो गंभीरःसत्रपोमृदुः
पितृपैतामहोयःस्या त्समंत्रं श्रोतुमर्हति ४३
जोनसा पुरुष अपने वचनको अपने धर्मके आचारसे सत्यकरता
हे और रहस्यहातिहे और अपने कुलका शील संपन्नहे और गंभीरबु
द्धीहे और कुलशीलके लज्जासंपन्नहे पितृ पिताकी परंपरासे प्रा
सिद्धसेवाकरताहे सो राजाके मंत्रश्रवणकोयोग्यहे ४३ ॥

संहृष्टः संमतः सत्यः शौंडीरो हेयपापकः
मंत्रविकालविछूरः समंत्रं श्रोतुमर्हति ४४
और अपने यथा योग्य दान मानसे और संमानिकाजाताहे और रा
जाके वचनको सत्यमानताहे और हर्षमान मदवालाहे और पापकर्म
का शत्रुहे और मंत्ररहस्यका वेत्ताहे और देशकाल स्वभावका वेत्ताहे
और कार्यज्ञानमो महाधीरताका वीरहे सोराजाके मंत्रको श्रवण
करण योग्यहे ४४ ॥

सर्वलोकमिमंशाक्तः सांत्वेनकुरुते वशे न
सैमंत्रः प्रयोक्तव्योदंडमाधित्सतान्तप ४५
जोनसा पुरुष इसलोकमो सर्वजनोको अपने सांत्ववचनोकर्के व
शाकरणेको शक्तहे उसको मंत्र प्रयोगमो कर्तव्यहे मिथ्याभाषणमो
दंडविधानकी आज्ञाभी श्रवणकराईदेनी ४५ ॥

पौरजानपदायस्मिन् विश्वासं धर्मतोगताः

श्री॰
रा॰ प॰
टी॰
५५

59

योज्ञानयविपश्चिच्च समंत्रं श्रोतुमर्हति ५६

जिसकीधर्म कर्मकी प्रवृत्तीसे पुरवासीलोकदेशवासी लोकपर मविश्वासको प्राप्तभयेहे और पुरुजगत्शीलभीहे नीतिमार्गका वेत्ताभी हे सो राजाके मंत्रश्रवणको योग्यहे ५६ ॥

तस्मात्सर्वगुणैरेतैरुपपन्नाः सुपूजिताः मंत्रिणः प्रकृतिज्ञाःस्युःत्र्यवराःमहतीप्सवः ५७

ताते हेराजन् इसप्रकारके सर्वगुणोंकरके संपन्नहोवे दानमान सत्कारसे पूजितहोवे और राजधर्मकी सप्तांगी प्रकृतिज्ञानवालेहोवे और राजाके महाउदयकी वांछायुक्तहोवे सो पांचसे ऊनतीनसे अधिकमंत्री मंत्रवेत्ता कर्तव्यहे ५७ ॥

स्वासुप्रकृतिषुच्छिद्रंलक्षयेत्स्यस्य च मंत्रिणां मंत्रमूलंहि राज्ञोराष्ट्रं विवर्धते ५८ ॥

नास्यच्छिद्रंपरःपश्येत् छिद्रेषुपरमन्वियात् गूहेत्कूर्मइवांगानि रक्षेद्विवरमात्मनः ५९

ऐसी यहमंत्री अपने राजाकीस्वामी अमात्य सुहृत् कोशराष्ट्र दुर्ग बलरूपी प्रकृतिकेछिद्र जानकर्के रक्षासे गोपनकरे परराज्यके प्रकृतिछिद्रोंको चारप्रयोगसे जानलेवे मंत्री ओंका मंत्रमूलयहीहे राजाकीराष्ट्रवृद्धिकर्तव्यहे अपने राष्ट्रके छिद्रको परायाचारादिकोई नहींजाने और पर राष्ट्रके छिद्रोंकाज्ञान अपनेविषे विदितहोजावे अपने सप्तांगोंको कछुकेसमानगोपनकरे अपनेछिद्रको यत्नसे गोपनकरे ५९ ॥

मंत्ररक्षाहिराज्यस्य मंत्रिणोये मनीषिणः मंत्रसंहननोराजा मंत्रांगानीतरेजनाः ६० ॥

जिसराज्यके मंत्ररक्षावाले मंत्रीहे जो महामनकी सत्तावालेहे राजालोकोंको मंत्रकवचकी रक्षा कहीहे और जेते सूरमाजनोंकी सामग्रीहे सोसभही मंत्रके अंगहे ६० ॥

राज्यं प्राणाअपि मूलंहि मंत्रसारं प्रवर्तते स्वामिनस्तत्तु वर्तते ह्यर्थं सिद्धमंत्रिणः ६१

मेविनीय मदक्रोधौ मानमीर्ष्यां च निर्हताः नित्यंपंचोपधातीतैः मंत्रयेत्सहमंत्रिभिः ६२

ताते हेराजन् राजाजोहेसो मदको क्रोधको जीतकर्के वशकरके कोभी ईर्षाकोभी वशकर्के सुखीहोतीहे पंचप्रकारकी बलविद्या से रहितहोवे द्रोणके वधविषे अश्वत्थामाहतभया यहवाचकी हेमानसी नहींहे भीमसेनविषे नहाही वाचिकीदोनोही धृतराष्ट्र

विषे मानसी मात्रहै और धृतराष्ट्रके पुत्रोविषे लाक्षामंदिर कदाह
मो और अश्वत्थामादिविषे सौप्तिकरणविषे कायकी मात्रहै इसप्रका
रकी पंचविधाबलाविद्यासे रहितहोवे ऐसे मंत्री पांचहोइतीनहो
य उन्होंके साथ मंत्रविचारको करे ५२ ॥

तेषांत्रयाणां विविधं विमर्षं विशुद्धचित्तेनवि
निवेश्यतत्र स्वनिश्चयंतत्परनिश्चयंच नि
वेदयेद्नरमंत्रकाले ५३ ॥

हे राजन् इसमंत्रविचारमों तीनोंकामत एकनिश्चयकरे प्रथम
अपनामत और मंत्रीयोंका और निश्चयको जाननेहारा गुरुपिता
दिकोंकामत मिलायकर आपविचारलेवे ५३ ॥

धर्मार्थकामज्ञमुपेत्यपृच्छेद् युक्तोगुरुंवा
लक्षणप्रज्ञतरार्थ्य निष्ठाकृतानेनयदासम
स्तानमंत्रमार्गेप्रणयेदशंकः ५५ ॥

गुरुपितादिककैसेहोवे धर्म अर्थकामोंके त्रिवर्गनिश्चयवानहो
वे उसको निवेदनकर्के उसके अनंतर जो कार्यकर्तव्यहै उसकी
पृछाकरे जब गुरुपितानेकार्यकी कर्तव्यनिष्ठाकही तवमंत्रके
मार्गको राजा अशंकहोकर प्रयोगसे प्रगटकरे ५५ ॥

एवंसदामंत्रयितव्यमाहुर्यमंत्रतत्त्वार्थविनिश्च
यज्ञाः तस्मात्तमेवंप्रणयेत्सदैव मंत्रंप्रजासंग्र
हणेसमर्थं ५६ ॥

हे राजन् मौन से पुरुष मंत्रतत्त्वके
अर्थनिश्चयवेत्ता पुरुषहै सो इसप्रकार मंत्रविचारके कर्तव्यता
कोंकहते है ताते प्रथम तो सदाही यह मंत्रप्रयोगकहाहै जि ५६
सकर्के प्रजाको वशाकरणेको समर्थहै सोई मंत्रप्रयोगउत्तमहै

नवामनाःकुब्जकृशानखंजानांधोजडःस्त्री
चनपुंसकंच नचात्रतिर्यक्पुरोनपश्चान्नो
र्ध्वं नचाथःप्रचरेत्कथंचित् ५७ ॥

मंत्रविचारकालविषे वामना कुबरा कृशा खंज अंध जड मूक
स्त्री नपुंसक इन्होंको दूरकरे और आगे और पीछे और तिरछे नऊ
र्ध्वविषे अधोभागविषे इसप्रकारके संचारको दाक्षिन हीकरे ५७

प्रारूढनावंतनपैवशून्यंस्थलेप्रकाशेकु
शाकाशहीने वागंगदोषान्परिहृत्यसर्वा

मंत्रेनयेकार्यमहीनकालं ५८ इतिश्री महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मेषु अशीतितमो
मंत्रकरणेको नौकामो आरोहणकरे शून्यस्थानमो ध्यायः ८३
मंत्रकरे जहां अतिप्रकाशहोवे ऊशाकाशादि तृणाहदलतादि
सघनस्थाननहीहोवे जहां मंत्रभेद जाननवालेको गुप्तस्थितीका
आश्रयनहीहोवेतहां मंत्रविचारको करे और अपनी वाणीके अं
गवेषादि सकल दोषोको त्यागकरके और समयकी हीनतादि
दोषरहितहोकर मंत्रविचारकोकरे ५८ इतिश्री महाभारते शां
तिपर्वणि राजधर्मेषु मंत्रविचारः अशीतितमोध्यायः ८३ ॥

भीष्मउवाच अत्राप्युदाहरंतीम मितिहासं पुरातनम् बृहस्पतेश्च संवादं शक्रस्यच युधिष्ठिर १
भीष्मउवाच हे युधिष्ठिर इसविचारमो एकपुरातन इतिहासको उदाहरण कहतेहे बृहस्पतिका और इंद्रराजाका संवादभयाहे इसको श्रवणकरो १ ॥

शक्रउवाच किंस्विदेकपदंब्रह्मन् पुरुषःसम्यगाचरन् प्रमाणं सर्वभूतानांयशश्चैवाप्नुयान्महत् २
शक्रउवाच हे ब्रह्मण ऐसाकौन एकमुख्य सर्वगुणोका पदहे जिसविषे संपूर्णगुण अंतर्भूत होतेहे और सर्वभूतोका एकवशीकरणमो प्रमाण भूतहे जिसकरके यशभी महाविस्तारसे होताहे ऐसा मुख्यराजधर्मका उपायकहो २ ॥

बृहस्पतिरुवाच सांत्वमेकपदंशक्र पुरुषःसम्यगाचरन् प्रमाणंसर्वभूतानां यशश्चैवाप्नुयान्महत् ३ ॥ बृहस्पतिरुवाच हे शक्र हे देवराज ऐसा एकमुख्य उपाय सर्वभूतोका वशीकार शांतनिष्कपट सांत्वप्रियवचनहे सर्वभूतोको यही प्रिय प्रमाणहे इसीकरके महायश प्राप्तहोताहे ३ ॥

एतदेकपदंशक्र सर्वलोकसुखावहं आचरन्सर्वभूतेषुप्रियोभवतिसर्वदा ४ ॥
यही सर्वगुणोका मुख्यपदहे सर्वलोकोकोसुख कारीही इसको योसदा आचरण करेतो सर्वभूतोविषेसदासर्वदा प्रियहोताहे ४

योहिनाभाषतेकिंचित् सर्वदाभ्रुकुटीमुखः द्वेष्योभवति भूतानांससांत्वमिहनाचरन् ५

जो पुरुष मुखसे सांत्वप्रिय वचन कबुनही कहताहे सदाअपनी
अभिमानकीगंभीरतासे सदावहभृकुटीमुखहोताहे सोअपने मूढ
भावकर्के सर्वलोकोंका हृथाही द्वेषपात्र होताहे ५ ॥

यस्तु सर्वमभिप्रेक्ष्य पूर्वमेवाभिभाषते स्मि
तपूर्वाभिभाषी च तस्य लोकः प्रसीदति ६

जो पुरुष अपने अभिमुख आये पुरुषको प्रथमही प्रसन्न ह
ष्टिसे देखकर प्रथमही मंद मुसकाइकर बोलताहे मंदमुसकाई
संयुक्त प्रथमही मधुरवचनकोकहताहे उसको लोक प्रियजान
कर कर प्रसन्नहोताहे ६ ॥

दानमेव हि सर्वत्र सांत्वेनानभिजल्पिते नप्री
णयति भूतानि निर्व्यंजनमिवाशनम् ७ ॥

हे शक्र दानभी सभको वशकरताहे सोभी मंदमुसकाइके सांत्व
मधुरवचनविना स्वादवालाव्यंजनविना भोजनके समान भू
ताकों प्रसन्ननहीकरता ७ ॥

अदानादपि भूतानां मधुरामीरयन्गिरं स
र्वलोकमिमं शक्र सांत्वेन कुरुते वशे ८ ॥

जिसको दानशक्ति नहीहे सो पुरुष उलटालोकोंसे याचनाकर्के
ग्रहणकरताहे सोभी मधुरवाणीकर्के बोलताहे जोपदार्थग्रहण
सोभी सर्वलोकोंकों सांत्ववचनकर्के वशकरलेताहे ८ ॥

तस्मात्सांत्वं प्रयोक्तव्यं दंडमापित्सतापि हि
फलं च जनयत्येवं न चास्योद्विजते जनः ९

ताने हे शक्र जिसने दंडभी करणा वांछाकीनीहे सोभी सर्वभूतों
विषे सांत्ववचनकाही प्रयोगकरे उसको यहीफलदेताहे जो लो
कोकामनउससे उद्विग्ननहीहोता ९ ॥

सुकृतेन हि सांत्वस्य श्लक्ष्णस्य मधुरस्य च स
म्यग्गासेव्यमानस्य तुल्यं जातु न विद्यते १०

यह सांत्ववचन महापुण्यहे महासुकृतकर्के पुरुषको होताहे
ऐसा यह मधुर मनोहर वचनजो पुण्यहे इसके तुल्य और पुण्यभी
नहीहे इसको जो सदासेवन करताहे उसको संपूर्ण पुण्यकर्मो
का फलप्रत्यक्षप्राप्तहोताहे १० ॥

भीष्मउवाच इत्युक्तः कृतवान्सर्वं यथा शक्रः पु
रोधसा तथा त्वमपि कौंतेय सम्यगेतत्समाचर ११

भीष्मउवाच हे युधिष्ठिर ऐसा माहात्म्य बृहस्पतीने सांत्ववचनका क
हा इसकी प्रयोगसे इंद्र सर्वदेवगणोंका प्रियकारी यज्ञभाग देवरा
जभयाहै तातेहेकौंतेय तूंभी इस सांत्ववचनके प्रयोगको सर्वत्र
सदा आचरणकर ११ ॥ इति श्री महाभारते शांति प
र्वणि राजधर्मेषु चतुरशीतितमोध्यायः ८४
इति श्री महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मे सांत्ववचन चतुरशी
ति तमोध्यायः ८४ ॥

युधिष्ठिरउवाच कथंस्विदिहराजेंद्र पालयन्पार्थि
वःप्रजाः प्रीतिंधर्मविशेषेण कीर्तिमाप्नोतिशाश्व
युधिष्ठिरउवाच हे राजेंद्र भीष्मजी राजा जोहै सोइसरा तीम् १
जधर्ममो कौन प्रकारकर्के प्रजाको पालनकरताहै सोधर्म विशेष
कर्के सर्वलोकों विषे प्रीतिको प्राप्तहोताहै और अखंड चिरकाल
स्थायी कीर्तिको प्राप्तहोताहै १ ॥

भीष्मउवाच व्यवहारेण शुद्धेन प्रजापालनतत्प
रः प्राप्यधर्मंचकीर्तिंच लोकावाप्नोत्युभौशुचिः २
भीष्मउवाच हे युधिष्ठिर कपटछलरहित शुद्धव्यवहारकर्के प्रजा
कोपालनेहारा जो राजाहै महाधर्मकर्मको प्राप्तहोकर महाकी
र्तिको प्राप्तहोताहै और भूलोक स्वर्गलोकमो उभयत्र पवित्रहो
ताहै २ ॥

युधिष्ठिरउवाच कीदृशोव्यवहारोसौ कश्चव्यवहरे
न्नृपः एतन्मेसर्वं महाप्राज्ञ यथावद्वक्तुमर्हसि ३
युधिष्ठिरउवाच हे महाप्राज्ञ सो शुद्धव्यवहार कैसाहै और उन्हकेनि
र्णयकरणेहारे करणेलोक कैसेहोवे जिन्होंकर्के राजाशुद्धव्यवहा
रोंको निर्णयकरे यह मैने आपप्रश्न कियाहै इसको यथा प्रका
रकहो ३ ॥

यैश्चैवसर्वंकथिता गुणास्ते पुरुषंप्रति नै
कस्मिन्पुरुषेत्येते विद्यन्त इतिमे मतिः ४
हे महाप्राज्ञ जो आपने उत्तमगुण सर्वपुरुषके प्रतिकहेहै सो
वह एतेगुण पुरुष विषे कहीं विद्यमाननहीहै ४ ॥

भीष्मउवाच एवमेतन्महाप्राज्ञ यथावदसि बु
द्धिमान दुर्लभःपुरुषःकश्चि देभिर्युक्तो गुणैः
शुभैः ५ ॥ भीष्मउवाच हे महाप्राज्ञ हे युधिष्ठिर जैसे तु

मकहनेहो सोयथार्थहे ऐसे उत्तम गुणोकर्के संयुक्त पुरुष पृ
थिवीलोकमों दुर्लभहे ५ ॥
किंतु संक्षेपतः शीलं प्रयत्ने नेहदुर्लभम्
वक्ष्यामितु यथामात्यान् यादृशांश्चकरिष्यसि ६
तोभी संक्षेपकर्के उत्तम पुरुषोके शीलकों मे संक्षेपसे कहताहुं
सोभी पुरुषो विषे दुर्लभहे जिसको श्रवण कर्के तूं उत्तममान्यज
नोको जैसे करेगा सो प्रकारमे कहताहुं ६ ॥
चतुरोब्राह्मणान् वैद्यान् प्रगल्भान् स्नातकान्
शुचीन् क्षत्रियांश्च तथाचाष्टो बलिनः शस्त्रपाणि
नः ७
हे राजन् चारब्राह्मणजोहे सोवेदविद्याविषे प्रगल्भहो
वे और समावर्तनकर्के गृहस्थधर्मवाले होवें उन्हको तुमने व्यव
हार दर्शनवास्ते मंत्रीकरणा और आटक्षत्रीहोवे सोभी बलवानहो
वे शस्त्रविद्याविषे चतुरहोवे हाथोविषे शस्त्रोको सदाधारणक
रे सोभीव्यवहारदर्शनके मंत्रीकरणे ७ ॥
वैश्यान् वित्तेन संपन्ना नेकविंशतिसंख्यया
त्रींश्च शूद्रान्विनीतांश्च शुचीन्कर्मणि पूर्वके ८
तैसे वैश्यभी धनसंपदा संपन्नएकविंश संख्याकर्के व्यवहार
दर्शनके मंत्री करणे और तीनशूद्र विनयसंपन्नहोवे पूर्वजो ती
नवर्ण उन्हकीसेवापरायणहोवे सोभीव्यवहारदर्शनविषे मंत्री
सहायकर्तव्यहे ८ ॥
अष्टाभिश्च गुणैर्युक्तं सूतं पौराणिकं तथा प
ञ्चाशद्वर्षवयसं प्रगल्भमनसूयकम् ९ ॥
तैसे एकसूतजाती पौराणिकहोय सो अष्टगुणोकर्के संयुक्त
होवे अष्टगुणसूतकेजोहे उन्हको कहतेहों शास्त्रोका श्रवण
और अर्थके धारणा और ऊहका तर्ककरणा और अ
र्थग्रहण और अर्थके धारणा और ऊहका तर्ककरणा और अ
पोहनतर्कका समाधान और विचारजन्यज्ञान और तत्त्वनिश्चय
ऐसे अष्ट गुण संयुक्त सूतहोवे पचाशवर्षकी उमरवालाहो
य और ब्राह्मणादि तीनवर्णभी पचाशवर्ष अवस्थावानहोवे ४
और सूतकैसाहे सभामो प्रगल्भहोय और निंदास्पर्धारहितहोवे
श्रुतिस्मृतिसमायुक्तं विनीतं समदर्शिनम्
कार्ये विवदमानानां शक्तमर्थेषु लोलुपम् १०
श्रुतिस्मृतिज्ञानसंयुक्त विनयवान् समदर्शी होय अपने कार्य
की निमित्तवादी प्रतिवादी लोकविवाद करतेहे उन्हके व्यव
हार ज्ञानविषे समर्थहोय और धन संपदाकी प्राप्तीविषे लो

भकी चंचलतासे रहितहोवे ९ ॥

वर्जितैश्चैव व्यसनैः सुघोरैः सप्तभिर्भृशम्
अष्टानां मन्त्रिणां मध्ये मन्त्रं राजोपधारयेत् ११

और चारकामचेष्टाके और तीनक्रोधवेगके व्यसन इसप्रकार सप्त
प्रकारके संपूर्णव्यसनोसे रहितहोवे राजा अष्टमंत्रियोके मध्य
मो मंत्रविचारको राजानिश्चयकरे अष्टमंत्री कौनहै चारब्राह्मण
तीनशूद्र एकसूत इन्हके साथ मंत्रविचारको राजाकरे ११ ॥

ततः सम्प्रेषयाद्राष्ट्रे राष्ट्रायाथ चदर्शयेत् स्त्र
नेन व्यवहारेण दृष्टव्यास्ते प्रजाः सदा १२

तदनंतर चारब्राह्मणआठक्षत्री एकविंशविश्यतीन शूद्र एकसू
त इन्हको अपने राष्ट्रमो व्यवहार ज्ञानवाले भेजदेवे जौनसारा
राष्ट्रका अधिकारीहै उसको राजाकहै यह व्यवहारदृष्टाहै सो तेने
यथाविधीसे दृष्टव्यहै हे राजन् इसप्रकार तुमने प्रजा सदा
दृष्टव्यहै १२ ॥

नचापि गूढं द्रव्यं ते याह्येकार्योपधानकं
कार्यं खलु विपन्नं त्वां सोधर्मस्तांश्च पीडये
त् विद्रवेयुश्च वा राष्ट्रं ते श्येनान्पक्षिगणा इव १३

और जौनसा न्यासापहारी व्यवहारका गूढद्रव्यहै उसके वास्ते अ
र्थी प्रत्यर्थी विवादकरतेहै परस्परविषे अपना अपना स्वत्वक
रतेहै इसरेवादीका स्वत्वनिहत्त करतेहै उक्तदोनोका द्रव्यका
स्वत्वनिहत्तकर्के यहद्रव्यराजाकोहै इसप्रकारकी स्वत्वकल्पना
तुमने नही करणी ऐसी कार्यभी धर्महानि जो होवेगी सो अध
र्म तुमको पीडाकरेगा १३ ॥

परिस्रवेच्च सततं नौर्विशीर्णेव सागरे प्रजाः
पालयतो सम्यगधर्मेणाद्य भूपतेः १४ ॥

तेरा सभही राष्ट्रतेरेसे भयभीतहोकर भागेगा जैसे श्येनपंखी
सेलघुपंखी गणभाग जातेहै और संपूर्ण राष्ट्रतेरा विकृतहोजा
वेगा जैसी फूटी नौका समुद्रमोविगडजातीहै १४ ॥

हार्दं भयं संभवति स्वर्गश्चास्य विरुध्यते
अधर्मतःपाति राजा मान्योप्यथवात्मनः १५

जो तुम प्रजाको अधर्मकर्के अमार्गकर्के प्रजापालनकरोगा
होतो हृदयमो अधर्मका भयहोवेगा और स्वर्गगतीका वि
रोधहोवेगा १५ अथ और सुनो जौनसा राजा अथवा राजमंत्री

अथवा राजाकापुत्र धर्म कर्मके निर्णयके मूलभूत धर्मासन
मो बेठाहे सो अधर्म मार्गसे व्यवहार निश्चयको प्राप्तहोताहे १५

धर्मासनेसन्नियुक्तो धर्ममूले नरर्षभ कार्ये
ष्वधिकृताः सम्यगकुर्वन्तोऽनृपानुगाः आत्मा
नं प्रवनः कृत्वा यांत्यधः सह पार्थिवाः १६॥

अथवा राजाके अधिकारी पुरुषभी राजाके अनुसार अधर्ममार्ग
का व्यवहार निर्णयकरतेहे सो अपनेको अधर्मीकर्के राजासमे
तेही नरकमो अधोगतीको प्राप्तहोतीहे १६ ॥

बलात्कृतानां बलिभिः कृपणांबहुजल्पताम्
नाथोवैभूमिपोनित्य मनाथानां नृणांभवेत् १७

हे राजन् जोनसे लोक अधर्मकर्के बलवानभयेहे तिन्नोने अ
नाथकृपणोके साथ अधर्म कियाहे इसव्यवहारकर्के अनाथदी
नलोकपीडित कियेहे बहोतदीनवचनोकर्के उपकारकरतेहें
ऐसे अनाथलोकोका नाथपालना रक्षाकरतोहारा राजाही होता
हे १७ ॥

ततः साक्षिबलं साधु द्वैधवादकृतं भवेत् अ
साक्षिकमनाथंवा परीक्ष्य तद्विशेषतः १८

तहां राजाने अपने अधर्मभयसे साक्षीबल अर्थीनरासे युक्त क
रनेयहे अब इसनिर्णयका अर्थकहतेहे जिसव्यवहारविषे अर्थी
जोहे पूर्ववादी उसने आस्कर मेरा सुवर्णशतइसने लियाहे त
बप्रत्यर्थी उत्तरकहेजो सत्यहे मेने सुवर्ण शतलियाहे मे इसको
देदेताऊं ऐसे सत्य उत्तरमो साक्षीका प्रयोजननहीहे उन्नका वि
वादहोगयाहे जहां अर्थीके सन्मुखप्रत्यर्थी कहे सुवर्ण शतमेने
सत्यही लियाहे परंतु मेने इसको अमुक दिनमो अमुकस्थान
मों देदियाहे अबयहमोको असत्य बोलकर असत्यही विवादक
रताहे ऐसे विवादमो प्रत्यर्थीने साक्षीहारसे लिखित हे अपना
पक्ष सत्यकरदेना साक्षी लिखितदोनेके नहीहोवे तोशपथकर्के
दिव्यकर्के अपनापक्षसत्यकरणे योग्यहे जहांक्षेत्र गृहादिभूमि
विषयकाविवादहोय तो दशवीशवर्षादि भोगकाल सत्यकर
दिखाया चाहीये जबप्रत्यर्थीकहीमेने इसको गृह अथवा क्षे
त्रलियारहा परंतु इसको मेनेदेदियाहे अथवा प्रत्यर्थिकहेमे
रा इसका गृहका क्षेत्रकाविवाद प्रथमभी भयाहे तहां यहमे
राबादी मेरेसेहाराहे विवादमो असत्यवादी भया अबकेर निर्ण
रावादी ... विवादमो साक्षी लिखित भुक्ति प्र
जतासे विवादकरताहे ऐसे विवादमो साक्षी लिखित भुक्ति प्र

णकर्के दोनोमे एकवादीने पराये पक्षको असम्यकरदेना अप
ने पक्षको सम्यकरदेना जोदोनो वादीयोसे लिखितसाक्षीभुक्ति
का प्रमाणनहीहोवे तो दोनोविषे किसी एकने अपने सम्यधर्म
के विवादमक्तनिर्णयके निश्चयवास्ते लोहमय तप्तपरश्रुधारणा
दि दिव्यशपथादि सम्यधर्मके प्रमाणवास्ते अवश्यकर्तव्यहै १८ ॥

अपराधानुरूपंच दंडपापेषुधारयेत् विधो
जनैर्धनैश्चैवा नधनानपबंधनैः १९ ॥

हे राजन् इसप्रकारसे और विवादोका निर्णयभी राजाकरे और
अपराधकी अनुसारविचारकर्के पापकारीलोकोविषे दंडधारण
करणे योग्य और धनमदके पापकारी लोकोको धनसंपदासे रा
हितकरे जौनसे निर्धनपापकारी लोकहै उन्को कारागारादि
दीर्घकालबंधनकर्के दंडकरे १९ ॥

विनयेच्चापिदुर्हेत्तान्प्रहारैरपिपार्थिवः सा
ध्वेनोपप्रदानेन शिष्टांश्चपरिपालयेत् २०

हे राजन् चोरी परधनहरणपरदारागमन वधबंधनादि पापी॰
कारी जनोविषे हस्तछेदादि दोहदंडोकोभी धारणाकरे और वर्णा
श्रमधर्मनिष्ठावाले सज्जनजनजोहै तिन्को दानमानसत्कारसे
पालनरक्षणाकरे २० ॥

राज्ञोवधंचिकीर्षेद्य स्तस्यचित्रोवधोभवेत्
आदीपकस्यस्तेनस्य वर्णसंकरिकस्यच २१

जो पुरुष राजाके वधकराचाहताहै उन्को हस्तपादादि छेदक
रके अनेकदेहपातादि विचित्रदंडकर्तव्यहै और जौनसे पापकारी
लोकग्रहदाहवास्ते अग्निलगादेतेहै चोरी करतेहै और व्यभिचारक
र्के वर्णसंकरकारीहै २१ ॥

सम्यकप्रणयतोदंडं भूमिपस्यविशांपते प्र
कस्यवानास्यधर्मो धर्मएवहिशाश्वतः २२

तिन्को देहपातादि दंडराजाधर्ममर्यादासे करणे हाराजो राजा
है उसको धर्मरक्षावास्ते हिंसारूपी दंडकरणाहै परमधर्म होताहै

कामकारेणदंडंतु यःकुर्यादविचक्षणः स
इहाकीर्तिसंयुक्तो मृतोनरकमृच्छति २३

हे राजन् जो राजा धर्मशास्त्रके विचार विना अपनी इच्छाक काम
क्रोधादिवेगसे दंडकरे सो महामूढहै इहलोकमों अकीर्तिको
प्राप्तहोताहै परलोकमोनरकको प्राप्तहोताहै २३ ॥

नपरस्यप्रवादेन परेषांदंडमर्पयेत् आगमा
नुगमेकृत्वा बध्नीयान्मोक्षयेत्तवा २४ ॥
हे राजन् परमनुष्यके प्रतिनिधीकर्के अवर संबंधि प्रहषो
कों दंडकी शासनानहीकरे जैसे पिताके प्रतिनिधि पुत्रको पु
त्रके प्रतिनिधिभूत पिताको इसदंडविचारके आगमके अनुसा
र पिता पुत्रादि प्रतिनिधीको अपने वंशबंधनमो स्थापनक
रके अपराधकानिर्णयकरके अपराधी जनको दंडकरे प्रतिनि
धीको संदेहपर्यंत बंधनकरे अथवा बंधनसे मुक्तकरदेवे २४
नतुहन्यान्नृपोजातु दूतंकस्यांचिदापदि दू
तस्यहंतानिरय माविशेत्सचिवैःसह २५ ॥
परंतु हे राजन् कैसीभी अपराधकी आपदाहोवे उसमो दूत
किसी शत्रुकाभी नहीमारे जोकोई राजा दूतको मारे सो अपने
मंत्री सहायजनोके साथहीनरकको प्रवेशकरताहै २५ ॥
यथोक्त वादिनंदूतं क्षत्रधर्मरतोन्नृपः योह
न्यात्पितरस्तस्य भ्रूणहत्यामवाप्नुः २६ ॥
दूतजो होताहै सोयथार्थवक्ता होताहै उसको जो राजा क्षत्रधर्म
से मारताहै उसके समही पितृगण भ्रूणहत्याके नरकको गर्भ
वान बलवान दोषकोपाइकर घोरनरकको प्राप्तहोतेहैं २६ ॥
कुलीनः कुलसंपन्नो वाग्मीदक्षः प्रियंवदः
यथोक्तवादी स्मृतिमान् दूतःस्यात्सप्तभिर्गुणैः २७
अवदूतके लक्षण प्रसंगसेकहतेहै दूतजोहै सोभी कुलीनहो
वे कुलधर्म संपन्नहोवे वचन बोलने मो प्रगल्भहोवे और अपने
पराये व्यवहारज्ञानमो चतुरहोवे और प्रियवादीहोवे यथोक्तहत्ता
नका वक्ताहोवे सर्वपरहत्तांतको स्मरणकरणेहाराहोवे ऐसे स
प्तगुणोकर्के संपन्नहोवे सो उत्तमदूतहोताहै २७ ॥
प्तैरेव गुणैर्युक्तः प्रतीहारोस्य रक्षिता शि
रोरक्षश्चभवति गुणैरेतैः समन्वितः २८ ॥
इसी प्रकार सम गुण संपन्न राजाका द्वारपालहोवे और इसीप्र
कारके समगुण संपन्न देहविषे शिरो अंगके समानजो राजसे
पराके मुख्यस्थानजो दुर्गनगरादिको विषे द्वारस्थान कोशस्था
न शस्त्रवस्त्रादिराजाके मुख्यस्थान तिन्होकारक्षाकारी मंत्रीभी
होवे २८ ॥
धर्मशास्त्रा र्थतत्त्वज्ञः संधिविग्रहिको भवेत्

मतिमान् स्मृतिमान् ह्रीमान् रहस्यविनिगूहिता

हे राजन् अब राजाके और मंत्रीके लक्षण कहतेहे राजाका आज्ञाका
री मंत्रीजोहे सो धर्मशास्त्रके तत्वकावेत्ताहोवे और संधिविग्रहकारी
होवे सर्वज्ञान संपन्न जिसकी बुद्धिहोवे और धैर्यवानहोवे कार्यवि
षे कायरता नकरे असिद्धीका जिसको लज्जाहोय और रहस्यमंत्रका
अप्रकाशकहोय २९ ॥

कुलीनः सत्वसंपन्नः शुक्लोमात्यः प्रशस्यते प
नैरेव गुणैर्युक्त स्तथा सेनापतिर्भवेत् ३० ॥

और कुलपरंपरासे मान्यहोवे और पुरुषार्थ संपन्नहोवे ऐसा धर्म
कर्मका शुद्ध अमात्य श्रेष्ठहोताहे ऐसेही लक्षण जिसमो विद्यमा
न होवे सो राजाका सेनापति होवे ३० ॥

व्यूहयंत्रा युधानां च तत्वज्ञो विक्रमान्वितः व
र्षशीतोष्ण वातानां सहिष्णुः पररंध्रवित् ३१

वहोर सेनापति कैसा होवे व्यूहविद्याका वेत्ताहोय आग्नेयादि
यंत्रविद्याका वेत्ताहोय और शस्त्रविद्याकाभी वेत्ताहोवे और सेनाप
ति व्यवहारका तत्ववेत्ताहोय और पराक्रम संपन्नहोवे और वर्षाशी
त उष्ण वातादि विकारका सहनशीलहोवे और पराईसेनाको छि
द्रान्वेषीहोवे ३१ ॥

विश्वासयेत् परांश्चैव विश्वसेत्तु नकस्यचित् पु
त्रेष्वपि हि राजेंद्र विश्वासोन प्रशस्यते ३२ ॥

और परसेनाके सेनापतीलोकोको विश्वासकर ताहाराहोवे आप
किसीकोभी विश्वासनहीकरेहे राजकार्यवाले लोकोको पुत्रोवि
षेभी विश्वास चंगा नहीहे अपने पराये विश्वास की हदनही
करणी यही परमश्रेष्ठ कार्यसिद्धीका यत्नहे ३२ ॥

एतत् शास्त्रार्थ तत्वंते मयाख्यातं नवानघ अ
विश्वासोनरेंद्राणां गुह्यं परम मुच्यते ३३ इति

श्री शांतौ राजधर्मे पंचाशीतितमः ८५ ॥

हे राजन् यही राजधर्मशास्त्रका परमतत्वमेने आपको कहा
हे जो राजालोकोको अपने विश्वासका गोपनकरणा यही प
रमगुह्य राजनीतिका धर्मका तत्व कहाहे ३३ इतिश्रीम॰ भारते
शांतिपर्वराजधर्मेषु पंचाशीतितमोध्यायः ८५ ॥

युधिष्ठिरउवाच कथंविधं पुरा राजा स्वयमावस्त
मर्हति कृतंवा कारयित्वा वा तन्मे ब्रूहि पितामह

युधिष्ठिरउवाच हे पितामहजी राजा जोहे सो कोन प्रकारसे न
गरको वनाइकर आप निवासकरणेको योग्यहो ताहे जोनसा
नगर आगे प्रथमही वनाहै अथवा आपनया अपनी विधीसे व
नवायलेवे इसके स्वरूप लक्षण गुणदोषोको विचारसे कहो १

भीष्मउवाच वस्तव्यं यत्र कौंतेय सपुत्रज्ञातिबं
धुना न्याय्यंतत्र परिप्रष्टुं वृत्तिं गुप्तिंच भारत २

भीष्मउवाच हेकौंतेय जहां राजाने पुत्रज्ञाति बंधुवर्ग सहित
निवासकर्तव्यहे उहांकीनीति और खानपानादिवृत्ति और स्था
नरक्षा यह सभही व्यवहारवेत्ता जनोको प्रथम प्रश्नकरणा
उचितहे २ ॥

तस्मात्ते वर्तयिष्यामि दुर्गकर्म विशेषतः
श्रुत्वा तथा विधातव्य मनुष्ठेयं च यत्नतः ३

हेतात तुमने जो प्रश्न कियाहे ताते तुमको मे दुर्ग कर्मके
विधानको विशेषसे कहताहूं श्रवणकर्के आपने तैसाही
विधान कर्तव्यहे यत्नसे इसका संपूर्ण अनुष्ठानकर्तव्यहे ३

षड्विधं दुर्ग मास्थाय पुराण्यथ निवेशयेत्
सर्वसंपत्प्रधानं यद्बाहुल्यं वापि संभवेत् ४

प्रथमतो षट् प्रकारका दुर्गविधान देशकाल व्यवस्थासे जै
सा बने तैसा विधानकर्के पश्चात् दुर्गके अनुसार पुरोंकी क
ल्पनाभी तहां स्थापन करे तहां संपूर्ण संपदाकी प्रधानताभी
करे और विस्तारकल्पना भीकरे ४ ॥

धन्वदुर्गं महीदुर्गं गिरिदुर्गं तथैवच मनु
ष्यदुर्गं मृद्दुर्गं वनदुर्गं चतानि षट् ५ ॥

एकनिर्जल देशका दुर्गहै जिसकी वाह्यभूमिका विषे जलन
हीहोय एक पृथ्वीका अगम्य दुर्गहै एकपर्वतशिखर अग
म्यदुर्गहै एकमनुष्य सेनाका अगम्य अजेय दुर्गहै एकमृत्ति
का कल्पित अगम्यदुर्गहै एक वनकी सघनताका अगम्य दु
र्गहै यहषट् प्रकारके दुर्गहै ५ ॥

यत्पुरं दुर्गसंपन्नं धान्यायुधसमन्वितं दृ
ढप्राकारपरिखं हस्त्यश्वरथसंकुलं ६ ॥

हे राजन् जोनसा पुर दुर्ग कल्पनाकर्के संपन्नहै सो संपूर्ण
अन्नसंग्रह शस्त्रसंग्रह युक्त कर्तव्यहै दृढइसकी प्राकार कोट
कल्पना कर्तव्यहै और परिखा खाईकी कल्पना संयुक्त कर्त

यहे हाथी घोडा रथोकर्के संयुक्त कर्तव्यहे ८ ॥

विद्वांसः शिल्पिनो यत्र विद्या स्य ससेविताः
धार्मिकश्च जनोयत्र दास्य सुजनम मास्थितः ७

और जहां शिल्पविद्याके अनेक विधानवेत्ताहोवे और शिल्पविद्या
के साधनसामग्रीके संग्रहबहोत प्रकारके होवे और धर्मनिष्ठावा
न जनसंग्रहबहोतहोवे सभही अपने अपने धर्मकर्मकी वा
र्धनिष्ठावानहोवे ७ ॥

ऊर्जस्विनर नागाश्च चवारा पणशोभिते प्र
सिद्धव्यवहारे च प्रशांत मकुतोभयं ८ ॥

और महाबल वेगसत्तावाले मानुषहाथी सूरमा मनुष्यहोवे और
समाचोक विजार कल्पनासे शोभितहोवे प्रसिद्धव्यवहार संपन्न
होवे और उपद्रवशांत जहांहोवे जहा सर्वप्रकारकी निर्भयताहोवे

सप्रभं शांतनादं च सप्रशस्त निवेशने शूरा ८
ढ्यजनसंपन्नं ब्रह्मघो षाद्यनादिते ९ ॥

सुंदर जिसकी दर्शनीयकल्पनाकी प्रभाहोवे और गीतवाद्यादि
धुनि संयुक्तहोवे और सुंदरजिसके प्रवेशनिर्गमके स्थानहोवे
सूरमालोक प्रधानता शीलसंपन्न आर्यलोकोकर्के संयुक्तहोवे
और ब्राह्मणोके वेदपाठ स्वस्तिवाचन पुण्याहवाचनादि शांतिक
पौष्टिक विधानकी वेदमंत्रध्वनिसंयुक्तहोवे ९ ॥

समाजोत्सवसंपन्नं सदापूजितदैवतं वश्या
मात्यबलोराजा तत्पुरं स्वय माविशेत् १० ॥

और अनेक समान उत्सवोकर्के संयुक्त होवे सदा देवपूजासंयुक्त
होवे ऐसे पुरको वनाइ कर राजा अपने अमात्यबलको सेनाबलको
वशकरके आपनिवासवाले प्रवेशकरे १० ॥

ततकोशं बलंमित्रं व्यवहारं च वर्धयेत् पुरे
जनपदे चैव सर्वदोषा न्विवर्तयेत् ११ ॥

हे राजन् तहांराजा प्रवेशकरके कोशवृद्धिकरे बलवृद्धिकरे
मित्रवृद्धिकरे व्यवहारकी वृद्धिभी करे अपने पुरविषेजनपद
के देशविषे जो दोषउत्पन्नहोवे तिन्होको सर्वप्रकारसे निवृत्तकरे ११

भांडागारा युधागारं प्रयत्नेना भिवर्धयेत्
निचयान्वर्धयेत्सर्वां स्तथा यंत्रायुधालयान् १२

और अनेकप्रकारके भांडकल्पनाके यंत्रकल्पनाके शस्त्रकल्पनाके
स्थानजोहे उन्होको अधिक वृद्धकरे और भी जेते संग्रहकरणेके

पदार्थहे तिन्हके संग्रहकोभी हढकरे तैसे मंत्रयंत्र शास्त्रोके संग्रह
कोभीकरे १२ ॥

काष्ठलोह तुषांगार दारुशृंगास्थि वेणवान् म
ज्जा स्नेह वसा क्षौद्र मौषध ग्राम मेवच १३ ॥

और काष्ठ लोहतुष अंगारोके कोले अग्निदीपन दारुहर्णीदारुहर्णी
के शृंगादिपात्र और गज दंतास्थि प्रकार वांसके पिटारी आदिक सं
ग्रहपात्र मज्जा जो चरवी इसका हन तेल और मांस गत स्नेह वसा
माक्षी आदिक मधु और अनेक औषधि समूहभी तहां संग्रहकरे १३

शाणं सर्जरसं धान्य मायुधानि शरां स्तथा च
र्मस्नायु तथा वेत्रं मुंज वल्वज बंधनान् १४

और शाणसूत्र और सर्जरस राल और धान्य सर्वप्रकारके शस्त्र सर्व
प्रकार और बाण अनेकप्रकारके और चर्म अनेकप्रकारके चमडे च
र्मके स्नायु नाडिका तंदी आदिक तैसे वांसोकी रज्जू जेवडी आदि
क और मुंजके छिलके और वी लता इत्यादि त्वचामयरज्जूबंधन
इनका वहोत संग्रहकरे १४ ॥

आशया श्चोदपाना श्च प्रभूतसलिलाकराः नि
रोद्धव्या सदाराज्ञा क्षीरिण श्च महीरुहाः १५

हेराजन् अतिजलसंग्रहकेस्थान और कूपादिक स्वल्पजल संग्रहके
स्थान और तडागादिक महाजलाशय यहसभही राजाने शत्रुथा
रीजनोकर्के यत्नसे रक्षणीयहे जिन्होविषे कोई परायाजन विष
चूर्णादि विकार करणा नही करेसके और दुग्धस्रवणेहारे महावृ
क्षभी यत्नसे रक्षणीयहे १५ ॥

सत्कृता श्च प्रयत्नेन आचार्य र्त्वि कपुरोहिताः म
हेष्वासाः स्थपतयः संवत्सर चिकित्सकाः १६

और आचार्य लोक ऋत्विजलोक पुरोहितादि शास्त्रविधानके वेत्ता
लोक और शस्त्रविद्याके अभ्यासकारी महाधनुर्विद्याके प्रवीण से
नापती आदिक सरदारलोक और लग्नशकुनग्रहवार तिथिनक्षत्र
वारयोग संवत्सरफल ग्रहतोत्पादि फलज्ञानवाले ज्योतिषशास्त्र
वेत्ताजन और रोगादि चिकित्सा ज्ञानवालेजन और शस्त्रघातादिचि
कित्सा ज्ञानवालेजन और विष अग्निपीडा स्तंभवेत्ताजन और यंत्र
मंत्रादिविधानवेत्ताजन जोहे तिन्हको सर्वप्रकारसे यत्नसे सन्मा
मान प्रतिष्ठासे पुरविषे स्थापनकरे पालन पोषणसे रक्षाकरे १६

प्राज्ञा मेधाविनो दान्ता दक्षाःशूराःबहुश्रुताः
कुलीनाःसत्त्वसंपन्ना युक्ताःसर्वेषु कर्मसु १७

हे राजन् जौनसे लोक अनेक शास्त्रोके ग्रंथोंका अर्थज्ञानसंपन्नहे
और जिनको अर्थज्ञानके ऊहापोहज्ञानतरणे विषे समर्थवाली मेधा
बुद्धीहे ऐसे जो पंडितलोकहे और मन बुद्धी इंद्रियोंको दमन करणे
हारेहे और सकल व्यवहारमो कुशलजो लोकहे और महा सूरमा लो
कहे और सकलशास्त्रव्यवहारके श्रोता जनजोहे यह सभही उत्तम
कुलकी धर्ममर्यादा संपन्नहोवे और वलपराक्रम संयुक्तहोवे सर्वप्र
कारकी कार्यसिद्धिविषे योग्यहोवे १७ ॥

प्रजये द्धार्मिकान् राजा निगृह्णीया दधार्मिका
न् नियुंज्या च्च प्रयत्नेन सर्ववर्णा न्स्वकर्मसु १८

जो अपने देशनगरमो धर्मकर्मी लोकहोवे उनको राजा मान प्रजा
करे अधर्मीलोकोको दंडकर्के निग्रहकरे और सर्ववर्णोके लोकोको
अपने अपने वर्णधर्मोविषे नियुक्तकरे १८ ॥

बाह्य माभ्यंतरं चैव पौरजानपदं तथा चारैः स्व
विदितं कृत्वा ततः कर्म प्रयोजयेत् १९ ॥

और अपना जो राजकार्यहे उसको बाह्य देशका आंतरीय व्यवहार
पुरजनोकाव्यवहार देशराष्ट्रका व्यवहार जोहे उसको चारलोको
कर्के सम्यक् ज्ञानकर्के पश्चात्कार्यकरणेविषे सभलोकोको यु॰
क्तकरे १९ ॥

चारान् मंत्रं च कोशं च दंडं चैव विशेषतः अनु
तिष्ठेत्स्वयं राजा सर्वं ह्यत्र प्रतिष्ठितं २० ॥

हे राजन् चारोंके व्यवहारको कोशखजानेके व्यवहारको मंत्रवि
चारकेव्यवहारको और दंडनीतिकेव्यवहारको राजा आपही अ
वश्य निर्णयकर्के देखे सभही राजधर्मका तत्त्वअपने देखनेमो
ही प्रतिष्ठितहे २० ॥

उदासीनारि मित्राणां सर्वमेव चिकीर्षितं पु
रे जनपदे चैव ज्ञातव्यं चारचक्षुषा २१ ॥

जौनसे अपने राजमंडलके उदासीन राजालोकहे शत्रुरूपजो रा
जालोकहे और अपने मित्रराजालोकजोहे और पुरवासी देशवासी
जो लोकहे उनका जो कार्यकरणेका निश्चय जोहेसो चाररूपी अ
पने चाररूपी नेत्रोकर्के राजा आप देखे २१ ॥

ततः स्वेषां विधातव्यं सर्वमेवा प्रमादतः भक्ता
नुजयता नित्यं द्विषतश्च निगृह्णता २२ ॥

जो कछु चार हारसे सभ लोकोका व्यवहारहजौन विदितभयाहे

उसको मंत्रीजनोसे संमतीकरे तदनंतर सर्वव्यवहारके निर्णयको
सावधानतासे प्रमादरहितकरे वहीउ राजा धर्मकर्के अपनी सेवाकारी
जनोको मानसत्जाका अनुग्रहकरे और धर्मद्वेषकारी शत्रुजनोको नि
ग्रहकरे २२ ॥

यष्टव्यं क्रतुभिर्नित्यं दातव्यं चाप्यपीडया प्रजा
नो रक्षणं कार्यं नकार्यं धर्म बाधकं २३ ॥

सदा यज्ञयागादिकोकर्के परमेश्वरका यजनकरे और लोकपीडावि
ना प्राप्तभये द्रव्यकर्के दानदानव्यहे प्रजालोकोंका रक्षणाकर्तव्यहे
और धर्मबाधाकारी जनोंका पालन नहीकरणा उनको दंडकर्के प्रा
सन करणा २३ ॥

कृपणानाथ वृद्धानां विधवानां च योषितां यो
गक्षेमं च वृत्तिं च नित्यमेव प्रकल्पयेत् २४ ॥

हे राजन् कृपण दीन अनाथ वृद्धजनोका और विधवा निर्धन ईस्त्री
योंका उपजीविकाका प्रयत्न रक्षा धर्म मर्यादाकी पालना वृत्ति स
र्वप्रकारसे नित्यही राजाकरे २४ ॥

आश्रमेषु यथाकालं चैलभाजन भोजनं सदै
वोपहरे द्राजा सत्कृत्याभ्यर्च्य मानदः २५ ॥

और जहां जहां अपने देशमों तपसी ब्रह्मचारी त्यागी संन्यासी आ
श्रमो विषेहें तिन्हको शीत उष्ण वर्षाकालके यथायोग्य वस्त्र पात्र
भोजनादिकसदाही मानसत्कार पूजाकर्के आपही अधिकवि वि
चारसे पहुचायदेवे २५ ॥

आत्मानं सर्वकार्याणि तापसे राष्ट्र मेवच नि
वेदये त्प्रयत्नेन तिष्ठेत्प्रह्वश्च सर्वदा २६ ॥

हे राजन् जोकोई उत्तम वृत्तिवाला त्यागी योगी ब्रह्मचारी ब्राह्मण
संन्यासी उत्तमहै उसको राजा आप जायकर्के प्रणामकरे उसको प्र
पना आप धर्म कर्म राजकार्य सभही निवेदन करे हे स्वामीजी यह
सभही हमारा देह प्राणधा जीवन धन संपदा पुत्र मित्र कलत्रा
दि कुटंब राज्यभोग आपके प्रसादकाहे ऐसे प्रार्थनाकर्के सदा
नम्रवृत्ति होवे २६ ॥

सर्वार्थी त्यागिनं राजा कुले जातं बहुश्रुतं पू
जये त्तादृशा दृष्ट्वा शयना सन भोजनैः २७

विशेषकर्के सभसे उत्तम सर्वत्यागवाला उत्तम कुलकी मर्यादा
वाला बहुत शास्त्रश्रवण ज्ञाननिष्ठावाला जो कोई मुख्य तपस्वी हो
वे उसको देखकर्के जैसी उसकी प्रसन्नता होवे तैसेही शयनासन

श्री॰
रा॰ ध॰
टी॰
८२

67

भोजनकर्के सदा शुश्रूषा करे २७ ॥

नास्मि न्कुर्वीत विश्वासं राजा कस्यांचि दापदि
तापसेषु हि विश्वास मपि कुर्वंति दस्यवः २८
हे राजन् राजाको किसीकाभी विश्वास नही कर्तव्यहे परंतु किसी
आपदाके निमित्त स्वधर्मनिष्ट ऐसे तपस्वीका विश्वास कर्तव्यहे जो
नसे चोरादि लोकहै सोभीविश्वास किसीका नही करते तोभी ताप
स जनोका विश्वास चोर लोकभी करतेहे ताते चोरादिकजनोकेग्र
हण यतन तापस जनोका विश्वास कर्तव्यहे २८ ॥

तस्मि न्निधी नादधीत प्रज्ञां पर्या दधीतच न
चाप्य भीक्ष्णं सेवेत भृशंवा प्रतिपूजयेत २९
ऐसे तापस जनविषे विश्वासवास्ते कछु अपना रत्नादि पदार्थ स्था
पनकरे तहांसे शत्रु चोरादिकानकी बुद्धि ग्रहणकरे और अतिशाय
कर्के तापसोकी सेवानही करे और अत्यंत सजाका अभाव भी नहीक
रे राजा योगी अग्रजल इनकी उलटीरीत इस प्रमाणको स्मरणकरे २९

अन्यः कार्यः स्वराष्ट्रेषु परराष्ट्रेषु चापरः पररा
ष्ट्रा टवीस्थेषु यथास्व विषये तथा ३० ॥
लोकविश्वासवास्ते एक तपस्वी अपने राष्ट्रमो स्थापनकरे एकतप
स्वीको परके राष्ट्रमो करे और एक तपस्वी दुर्गम गाड़ी आदिकस्थ
स्थानमो एक तापसको राजमंडलके राज नगरोविषेकरे ३० ॥

ते कस्यांचि दवस्थायां शरणं शरणार्थिने राज्ञे
दद्यु र्यथाकामं तापसाः संशितव्रताः ३१ ॥
हे राजन् कोई आपदा कालकी अवस्थामो राजा लोकका अपनी
शरण तापसोविषे वांछा करतेहे ऐसे व्रतनिष्ठावाले तपस्वीलो
क राजाको शरणागत जानकर शरण देतेहे ३१ ॥

एषते लक्षणोद्देशः संक्षेपेण प्रकीर्तितः या
दृशे नगरे राजा स्वय मावस्तु मर्हति ३२ इति
राजधर्मे दुर्गपरीक्षाऽध्यायः ८६ ॥
हे राजन् यह तुमको राजाके निवास नगरोके एकदेश करके ल
क्षणोका समुदाय संग्रह संक्षेपकर्के कहाहे जैसे नगरको आप
विचारकर्के निवासकरणे को योग्य होताहे ३२ इतिश्रीमहाभारते
शांतौ राजधर्मे दुर्गा नगरादिपरीक्षा षडशीतितमोऽध्यायः ८६ ॥

युधिष्ठिर उवाच राष्ट्रगुप्तिंचमे सम्यग्राष्ट्रस्यैव तु
संग्रहं सम्यग् जिज्ञासमानाय प्रब्रूहि भरतर्षभ १

युधिष्ठिरउवाच हे भरतर्षभ नगर गुप्ति प्रकार आपसे सुनाहै
मेरे मनविषे राष्ट्रगुप्ति श्रवणकी वांछाहै ताते राष्ट्रपालनकी
विधी मोको अब आप कहो १ ॥
भीष्मउवाच राष्ट्रगुप्तिं वते सम्यग्राष्ट्रस्यै वत
संग्रहं हंत सर्व प्रवक्ष्यामि तत्व मेकमनाः
भीष्मउवाच हे राजन् राजकी पालन हन्नीकोजे शृणु २
र राष्ट्रकी संग्रह जोहै वशीकार हन्नीकोभी मे तोको कहताहुं
तुम इसको एक मनकी सावधानतासे श्रवणकरो २ ॥
ग्रामस्याधिपतिःकार्यो दशग्राम्या स्तथाप
रः द्विगुणायाः शतस्यैवं सहस्रस्य च कारयेत् ३
हे राजन् प्रथमतो राष्ट्ररक्षा विधिवास्ते एकग्रामका एकग्राम
स्वामीकरे इसीप्रकार दशग्रामोका एकस्वामी एकवीसग्रामो
का एकस्वामी एकशतग्रामोका एकस्वामी एकसहस्रग्रामो
का एकस्वामीकरे इसीप्रकार लक्षकोट्यादिग्रामोकेस्वामी प्र
त्येककरे ३ ॥
ग्रामेयान् ग्रामदोषांश्च ग्रामिकः प्रतिभावये
त् तान् ब्रूया दशपायासौ सतु विंशतिपायवे ४
अब रक्षा प्रकार कहते है हे राजन् ग्रामका स्वामी जोहै सो ग्रा
मी जनोके गुणदोषोको और ग्राम भूमिको देश कालके गुण
दोषो आप जतनसे सम्हारे जो अपनेसे सो गुणदोष सुधारे
नही जावे तो दशग्रामोके स्वामीको सुनायकर उसकी संमती
से सुधारे दशग्रामस्वामीसे गुणदोषनही सुधारे जावेतो वी
शग्रामोकेस्वामीके मनसे सुधारे ४ ॥
सोपि विंशत्यधिपति र्वृत्तं जानपदे जने ग्रामा
णां शतपालाय सर्व मेव निवेदयेत् ५ ॥
वीशग्रामके स्वामीसे गुणदोषनही सुधारे जावेतो शतग्राम
स्वामीके मनसे वीशग्रामेश सुधारे इसि प्रकार शतग्रामेश
सहस्रग्रामेशके मनसे सुधारे ५ ॥
यानि ग्राम्याणि भोज्यानि ग्रामिक स्ता न्युपाश्नि
येत् दशप स्तेन भर्तव्य स्तेनापि द्विगुणाधिपः ६
हे राजन् अब इनकी भोग्यहतिको सुनो जोनसे ग्रामके अन्न
पान शाक तरकारी फलफूल दधिदुग्धादिक ग्रामी लोकोने
राजाको दानमहे सो नित्यही अवश्यदानमहे राजा हर देशा

श्री॰
रा॰ध॰
टी॰
८८

68

नर मोहे ओर फल पुष्प दधिदुग्धादिक राजा ततकाल पहुचनही
सकते दिनांतरमो विकृत होजातेहे इन्हको राजाका प्रतिनिधि
होकर ग्रामेशग्रहणकरे जो राजद्रव्य ग्रहणसे भयभीनहोवे तो
उसको वेचकर्के मोलका संग्रहकरे इसप्रकार ग्रामेशान दश
ग्रामेशको निवेदनकरणो उसने दशग्रामेशने विंशति ग्रामेश
को निवेदनकरणो उसने शतग्रामेशको उसने सहस्रग्रामेशको
निवेदनकरे ६ ॥

ग्रामं ग्रामशताध्यक्षो भोक्तुमर्हति सत्कृतः
महांतं भरतश्रेष्ठ सुस्फीतं जनसंकुलं ७ ॥

अब इन्हको राजाने जो वृत्ति दातव्यहे उसको कहतेहे राजाने
जोवृत्ति ग्रामेशादिकोको दातव्यहे उसको कहतेहे ग्रामेशको
एकहलकी वृत्ति दातव्यहे दशग्रामेशको दशहलकी वृत्ति
दातव्यहे शतग्रामेश एकग्रामकी वृत्तिपावे मानसत्कार ग्रा
मीन लोकोसे पावे हे भरतश्रेष्ठ महाग्रामको समृद्धीवाले
जनसमूह संयुक्त मानप्रजाको पावे ७ ॥

तत्र ह्यनेक पायत्तं राज्ञो भवति भारत शा
खा नगर मर्हस्तु सहस्रपति रुत्तमः ८

हेभारत उसी राष्ट्र देशमो शतग्रामसे अधिक सहस्रग्रामसे
ऊन अनेक ग्रामेश जोहेसो द्विगुण त्रिगुण संपदावाले म
हाग्रामको भोगने योग्यहोताहे ओर सहस्रग्रामे शजोहे सो
शाखानगरजोहे जिसके आसपाश दशग्रामहे उन्हके द्रव्यरा
शिके धनको सहस्रग्रामेशपावताहे ८ ॥

धान्यं हिरण्य भोगेन भोक्तु राष्ट्रीयसंगतः
तेषां संग्रामकृत्यं स्या द्ग्रामकृत्यंच तेषु यत् ५

धान्यको ओर सुवर्णादि द्रव्यको राष्ट्रसंबंधसे सोई सहस्र ग्रा
मेश पावताहे हे राजन् जोन से यह ग्रामेश राजाने कियेहे
इन्हको राजाने संग्रामकृत्य करावणा ओर ग्रामरक्षाका कृत्य
भी करावणा ९ ॥

धर्मज्ञः सचिवः कश्चित् तत्प्रपश्ये दतंद्रितः
नगरे नगरे वास्या देकः सर्वार्थ चिंतकः १०

अब ग्रामेशादिक जोहे इन्हकाभी गुणदोषज्ञानवाले एक ध
र्मज्ञ अमात्य कोई आलस्य त्यागकर्के इन्होका ओर ग्रामजनोके
व्यवहार देखणोहारा ग्रामग्रामविषे अथवा नगर नगरविषे
सर्वप्रकारके अर्थव्यवहारको चिंतासे विचारकरणेहारा स्या

नाधिपति राजाने कर्तव्यहे ९ ॥

उच्चैः स्थाने घोररूपो नक्षत्राणामिव ग्रहः भवे
त्तता न्यरिक्तामे त्सवीने व सभासदः ११ ॥

अधिक उत्तमस्थानविषे सभको अधर्म व्यवहारके भयवास्ते
विद्या शास्त्रादिसंपन्न घोररूप जैसा ग्रहनक्षत्रोका स्वामी सूर्य
है ऐसा तेजप्रभावसंयुक्त कर्तव्यहे सो स्थानाधिपति सो ग्रामे
शादिकोको और ग्रामनगरादि सभ्यलोकोको राजाज्ञाके वलसे
व्यवहारचर्याके नियोगवास्ते राजाके समान आज्ञाशासनकरे ॥

तेषां वृत्तिं परिणये त्कापि दाष्टेषु तच्चरः जि
घांसवः पापकामाः परस्वादायिनः शठाः १२

जेते यह राजाके अधिकारीहे इन्की शुभा शुभ वृत्तीको स्था
नाधिपतीका कोई एक चार जो हे सो उसस्थानपतीको निवेद
नकरे यह ग्रामेशादिक जोहेसो राजाने प्रजाकी रक्षावास्ते
अधिकारी कियेहे सो रजोगुणके वेगवलसे प्रजाको पापह
त्तिसे माराचा हतेहे परद्रव्यको हरणेहारेहे महाछलवृत्ति हो
तेहे १२ ॥

रक्षाभ्य धिकृतानाम तेभ्यो रक्षे दिमाः प्रजाः
विक्रयं क्रय मध्वानं भक्तं च सपरिछदम् १३

राजाने तो रक्षाधिकारी कियेहे सो सभही पाप वृत्तिजवहो
वे तवस्थानाधिपति अधिकारी जनोकी पापवृत्तीसे प्रजालो
कको रक्षाकरे हेराजन् नगरोविषे ह्नेत्रोका अभावहे ताते
नगरवासी वैश्यजनोसे जो क्रय विक्रयका करआवे उसके
भागसे स्थानाधिपतीकी वृत्तिभी कल्पितहोवे १३ ॥

योगक्षेमं च संप्रेक्ष्य वणिजां कारये करान्
उत्पत्तिं दानवृत्तिं च शिल्पं संप्रेक्ष्य वा सकृत् १४

हे राजन् व्यापारी जनोकी व्यापारकी लाभ वृद्धिको और मूल
रक्षाको विचारकर्के और शिल्पिजनोकी शिल्पविद्याकी उत्पत्ति
और शिल्पकरणोकी दान वृत्तिको और शिल्पकरणोकी निपुण
ताको सम्यक् विचारकर्के १४ ॥

शिल्पं प्रतिकरानेव शिल्पिनः प्रतिकारयेत्
उच्चावचकरादाप्याः महाराज्ञा युधिष्ठिर १५

हेयुधिष्ठिर एकएक शिल्पप्रति इसप्रकारसेशिल्पीजनोके प्र
ति महाराजाने उचेनीमे करदिवाने प्रमाण मर्यादासे करणे यो
ग्यहे १५ ॥

श्री॰
रा॰ध॰
टी॰
६९

69

यथा यथा नसीदेरंस्तथा कुर्यान्महीपतिः फलं
कर्मच संप्रेक्ष्य ततः सर्वं प्रकल्पयेत् १६ ॥

जैसा जैसा प्रमाण करलेकर्के व्यापारीलोक शिल्पीलोक अपने अ
पने व्यापारकर्मविषे शिल्पकार्यविषे क्लेश दुखकर्के प्रतिबंधको
नहीपावे तैसे सभको कर्मको और लाभ फलकोभी विचारकर्के य
हराजा सभसे करादान मर्यादाको करे १६ ॥

फलं कर्मच निर्हेतु नकश्चित्संप्रवर्तते यथा
राजा च कर्ता च स्यातां कर्मणि भागिनौ १७

हे राजन् कार्यकरणेके उद्यमको और लाभफलको प्रतिक्रमके
हेतु विचारविना कोई जीवजातिनही प्रवृत्तहोता तातें जैसे कर्मक
र्ता और राजा कर्मफलको लाभ भागी होवे १७ ॥

समवेक्ष्य तथा राज्ञा प्रणेयाः सततं कराः नो
च्छिद्यादात्मनो मूलं परेषां चापि तृष्णया १८

जैसे राजाने विचारकर्के सदाकर ग्रहणके विभाग प्रकार प्रमा
णकर्नेयहे राजाभी अपने करग्रामीके मूलको और परायेकी ला
भग्रामीके मूलको और परायेकी लाभग्रामीके मूलको अपनी
तृष्णाकर्के छिन्नभिन्न नहीकरे १८ ॥

ईहाद्वाराणि संरुध्य राजा संप्रीतदर्शनः प्रद्वि
षंति परिख्यातं राजानमतिखादिनं १९

हे राजन् राजा जोहे सो जे जेने अति लाभ तृष्णाके अधर्मलाभके
द्वारहे उनको सर्वप्रकारसे रोककर्के जितचित्तहोकर्के सदा
प्रसन्न मनहोवे जोनसा राजा अतिलोभकर्के प्रजाको भक्षणक
रणेसे प्रसिद्धभयाहे उसको अपने पराये सभही प्रजालोक द्वे
षकरतेहे उसकी राज्यहानिको सभही वांछाकरतेहे १९ ॥

प्रद्विष्टस्य कुतःश्रेयो नाप्रियो लभते फलं व
त्सौपम्येन दोग्धव्यं राष्ट्रमक्षीणबुद्धिना २०

जौनसा सभके द्वेषवालाहे उसको प्रियकौन मानताहे जिसको
लोक प्रियनहीमाने उसको सुखभोगका फलनही होताहे राज्य
ने राष्ट्रको वछाकी उपमाकर्के वृद्धी की क्षीणता का भोक्तव्यहे २०

भृतो वत्सो जातबलः पीडां सहति भारत नक
र्म कुरुते वत्सो भृशं दुग्धो युधिष्ठिर २१ ॥

हेभारत जो वछाको दुग्ध पानसे पालन कियातो वछावडा हो
कर बलप्राप्तिको प्राप्तहोताहे तो भार उठावने की पीडाको भी
सहार सकताहे हेयुधिष्ठिर प्रथमही वछाको अतिदुग्धके दोह

न से हीणवल कियातो वल हद्वीसे हीन होताहे भारवाही
कर्मको नही करसकताहे २१।
राष्ट्रं मथ्नाति दुर्बुद्धि नकर्म कुरुते महत् यो
राष्ट्रमनुगृह्णाति परिरक्षन् स्वयं नृपः २२
हे राजन् इसी प्रकारसे राजाने अतिदोहन कियातो राजाको थ
न संपदाकी हद्वीको यशोहद्वीको नही करता जो राजा अपने
राष्ट्रको राजनीतिसे अनुग्रह करताहे प्रजाको आपही विवेकसे
पालन करताहे रक्षा करताहे २२ ॥
संजातमुपजीवन्स लभते सुमहत्फलं आ
पदर्थं च निर्याते राजा न इह विंदते २३ ॥
संपदावान राज्यको पालनसे करे उसकर्के अपना उपजीवनकरे
राजा तो महासुख भोगके फलको प्राप्तहोताहे जो राजा आप
दा तरणेको द्रव्यप्राप्ति चाहेतो प्रजापीडनेसे अर्थप्राप्तीको नही
लभताहे २३ ॥
राष्ट्रे च कोशभूतं स्यात्कोशो वेश्मगतस्तथा
पौरजानपदान् सर्वान् संश्रितो पाश्रितांस्तथा २४
जिस राजाका राष्ट्र कोश खजानेको वहो नफेरे और जिस राजाके
कोश खजाना अपने गृहमो प्राप्तहोवे सो राजा अपने पुरवासी ज
नोको और जनपदवासी आसपास आश्रित उपाश्रित लोकोको २४
यथा शक्त्यनुकंपेत सर्वान्स्वल्पधनानपि वा
ह्यं जनं भेदयित्वा भोक्तव्यो मध्यमः सुखं २५
यथाशक्ति यथोचित अनुग्रहकरे और स्वल्पधनवाले लोकोकोभी
अनुग्रहकरे और वाह्यराजमंडके लोकोकोभी भेदकर्के अपने व
शकरलेवे तो सभ लोकोको एसा कहे तुम इहां चोर भयसे उट
कर हमारे निकटसमीप निवासकरो अपने मध्यराष्ट्रके लोको
को संपन्नकर्के धनसंपदाको भोगसुखसे भोगतारहे २५ ॥
एवं नास्य प्रकुप्यंति जनाः सुखित दुःखिताः
प्रागेव तु धनादानमनुभाष्य ततः पुनः २६
हे राजन् इस प्रकार अनुग्रहकरणेसे राजाविषे सुखी दुखी जेसी
अपनी पराई प्रजाजोहे सो कोपहानिकी नही करते ताते जो राजा
कों अपने वश कियाचाहे सो प्रथमही धनग्रहणेकी वार्ता प्रजा
को अपने वशहोकर निवासकरे तव व
ण नहीकरे जव प्रजालोक अपने वशहोकर निवासकरे तव व
होउ ऐसा करे २६ ॥
संनिपत्य स्वविषये भयं राष्ट्रे प्रदर्शयेत् इय

श्री॰ वा॰ ष॰ टी॰ ७॰

७०

माप समुत्पन्ना परचक्रभयं महत् २७ ॥

अपने वश होजावे तब राजा अपने राज्यविषे आपदाका भय दिखावे है लोका यह आपदा इस देसविषे प्राप्तभईहै परचक्रका भय महा प्राप्तभयाहै २७ ॥

अपि चात्मकल्पेते वेणो रिव फलागमः अ
रयो मे समुत्थाय बहुभि र्दस्युभिः सह २८

इस प्रकार अपने देशके ग्रामोविषे आप जायकर्के कहै चौरोके भय निहत्त करणेको धनकी अपेक्षा मोको भईहै यह सभही चोर लोक और शत्रुलोक सभही इसदेशके अंतकरणेको उद्यमकरतेहै २८

इद मात्मवधायेव राष्ट्र मिच्छंति बाधितं अ
स्या मापदि घोरायां संप्राप्ते दारुणे भये २९

यह शत्रुलोक और चौरलोकभी अपने विनाशवास्तेही ऐसी इस घोर आपदाविषे महाचोरभयप्राप्तभयाहै २९ ॥

परित्राणाय भवतः प्रार्थयिष्ये धनानिवः प्र
तिदास्ये च भवतां सर्वं चाहं भयक्षये ३० ॥

तुम लोको की रक्षावास्ते तुह्मारे धनकी वांछा करताहुं अबतुमसे धनग्रहणकर्के आपदा निहत्तिकरके जब भय निहत्त होवेगा तुह्मारको मै धन देवोगा ३० ॥

नारयः प्रतिदास्यंति यद्धरेयु र्बलादितः कल
त्र मादितः कृत्वा सर्वं वो विनशेदिति ३१ ॥

जो शत्रुलोक तुह्मारे धनको ले जावेगे सो तुमको धन नही देवेगे तुह्मारे कुटंब स्त्री पुत्रादिक सभही विनाशको प्राप्तहोवेगा

अपि चेत्पुत्र दारार्थ मर्थसंचय इष्यते नंदामि
वः प्रभावेन पुत्राणा मिव चोदये ३२ ॥ २१

धन संग्रहकी कल्पना पुत्रदारादिकुटंब सुखवास्तेहीहै ताते जब यह आपदा निहत्त होवेगी तब जैसे पुत्रोके उदयविषे आनंद सुखहोताहै तैसे मैभी तुमको पुत्रोकी न्याई आनंद सुखकरेगा ३२ ॥

यथा शक्त्युपगृह्णामि राष्ट्रस्या पीडया वयः
आपत्स्वेव हि वोढव्यं भव द्भिः पुंगवै रिव ३३

अबमे जैसी तुह्मारी यथाशक्ति धनदेनेकीहै तैसे ही आपसे धन ग्रहण करताहुं अपने राष्ट्रकी पीडाको मैभी नही चाहता यह आपदा निहत्तकरणेका भार तुमने महाधुरंधरोकी न्याई धारणे योग्यहै ३३ ॥

नच प्रियतरं कार्यं धनं कस्यचि दापदि इ
तिवाचा मधुरया श्लक्ष्णया सोपचारया ३४
जो कदाचित् कोई आपदा प्राप्तहोवे तव धनकिसीको प्रिय
नहीहोता इस प्रकार मधुर प्रियवाणीकर्कै सभको उपचारक
र्कै सुखको करतीहै ऐसी वाणीकर्कै प्रसन्नकरलेवे ३४ ॥
स्वरश्मीन भ्यवसृजे योग मादाय कालवित
प्रकारं मत्यमरणे धने संग्रामतो भये ३५
हे राजन् जैसे सूर्यभगवान् पृथवीविषे जल आकर्षणवास्ते
अपनी किरणोको युक्तकरताहै तैसे राजाभी अधिकारी लोको
केपेदले जोहै तिन्हका धनग्रहणवाले प्रेषणकर्कै देशकाल
की युक्तिकर्कै संहरणी प्रजासे आपदानिहानिवास्ते धनको लेवे ३५
योगक्षेमं च संप्रेक्ष्य गो मिनःकारये त्करान्
उपेक्षिता हि नश्येयु र्गोमिनो रण्यवासिनः ३६
जोनसे गोउचरणोहावे जोगो पालीलोकहै उन्हकाभी गोपाल
नेका योगक्षेमकी वृद्धिलाभदेषकर अपना करलेना रक्षा पा
लनकीविधीसे सांत्वविधीकर्कै करे उन्हकी रक्षापालनविषे
उपेक्षा नहीकरे उपेक्षासे गोपालीलोक वनवासीलोकहो
तेहै सो सताबी नशजातेहै ३६ ॥
तस्मा त्तेषु विशेषेण मृदुपूर्वं समाचरेत् सां
त्वनं रक्षणं दान मवस्था चाप्य भीक्ष्णशः गो
मिनांपार्थ कर्तव्यः संविभागः प्रियाणिच ३६
ताते उन्हके साथ मृदु उपायपूर्वक करलेना प्रमाणकरे उन्ह
की सांत्वनाकरणी रक्षाकरणी दानदेना अवस्था उन्हकी सर्व
प्रकारसे सावधान करणी ३६ ॥
प्रजस्व मुपयोक्तव्यं फलं गोमिषु भारत प्र
भावयंति राष्ट्रंच व्यवहारं कृषिंतथा ३७
इस प्रकार गोपाली लोकभी विभागसे प्रियवचनकर्कै व
धाकरणे उन्हकोभी ऐसे कहना यह कार्य आपदाका प्राप्त
भयाहै अवश्य तुमने भी अपने द्रव्यकाविभागसे दातव्यहै
इस प्रकार निरंतर फलभोगका उपयोग कर्तव्यहै ३७ ॥
तस्मा द्गोमिषु यत्नेनप्रीतिं कुर्या द्विचक्षणः
दयावान प्रमत्त श्च करा नसंप्रणये त्सदा ३७

शां॰
रा॰ ध॰
टी॰
७१

हे भारत गोपाली लोकजोहेसो राष्ट्रको दृढकरतेहे सकलजन
व्यवहारको अपनी हानिसे दृढकरतेहे कृषीकोभी दृढकरता
ते गोपाली लोकोविषे सभसे राजा अधिक प्रीतीकरे ३७ ॥

सर्वत्र क्षेमचरणं सुलभं नाम गोमिषु नत
तः सदृशं किंचि दुरमस्ति युधिष्ठिर ३८
इति श्री शांतौ राजधर्मे सप्ताशीतितमोऽध्यायः

आप राजा दयावान् होकर ऋटुउपायसे उनके करो ८७
कोभी ऋटु प्रकारकेहीकरे राजाको सर्वत्र क्षेमकल्याण करणा
उत्तमहे सो क्षेम कल्याण गोपाली लोकोविषे सुलभहे ताते
हे युधिष्टिर सर्वत्र प्रजाविषे सुहृदभावजोहे इससे श्रेष्ट प्र
जापालनका उपाय अवर नहीहे ३८ इति श्री राजधर्मेषु स॰
माशीतितमोऽध्यायः ८७ युधिष्ठिरउवाच ॥

युधिष्ठिरउवाच यदाराजा समर्थोपि कोशार्थी
स्यान्महा मते कथं प्रवर्तेत तदा तन्मे ब्रूहि पि
तामह १ ॥ हे पितामहजी राजासंपदाकी संपन्नतासे
समर्थभीहे वहोउभी कोशाहृद्धीकी वांछाकों
करे तव कौनउपायकीरीतिसे प्रवृत्तहोवे उसरीतिके मार्गकों
आपकहो १ ॥

भीष्मउवाच यथादेशं यथाकालं यथाबुद्धि
यथाबलं अनुशिष्यात्प्रजाराजा धर्मार्थी तद्धि
तेरतः २ ॥ भीष्मउवाच हेराजन् जोराजा अपनी कोशवृ
द्धीकी वांछाकरे तो प्रजाकों यथाकाल यथादेश यथाबुद्धि य
थाबल सभही उचितजानकर प्रजाको शासनकरे धर्मप्रवृत्ति
वाले प्रजाके हितकरणेविषे रतहोवे २ ॥

यथा तासां च मन्येत श्रेय आत्मन एव च
तथा कर्माणि सर्वाणि राजा राष्ट्रेषु वर्तयेत् ३
जव राजा अपने हितकों प्रजाके हितकल्याणकी वांछाकरे
तो संपूर्ण राष्ट्रदेशमो जेते धर्म कर्मोको सर्वप्रकारसे प्रवृत्त
करे ३ ॥

मधुदोहं दुहेद्राष्ट्रं भ्रमराइव पादपं वत्सा
पेक्षी दुहेच्चैव स्तनांश्च नविकुट्टयेत् ४
जैसे भ्रमर वृक्षको पीडाविना मधुको दोहन करताहे जैसी
प्रजाकी पीडाविना मधुदोहनरीतिसे धनरूपी मधुको प्रजा
वृक्षसे दोहनकरे जैसेवछाकी पालन अपेक्षा करके दुग्धको

दोहन करहे गौके स्तनकी कुहनपीडा नही करने तैसे प्रजापीडन
नहीकरे ४ ॥

**जलौकावत् पिबे राष्ट्रं मृदुनैव नराधिपः व्याघ्री
वच हरे त्पुत्रान् संदंशे नच पीडयेत् ५ ॥**

जैसे जोंक मृदुमुख प्रयत्नकर्के रुधिरपान करलेतीहे तैसे राजा
पालनरूपी मृदु उपायसे प्रजाको दोहन करे जैसे व्याघ्री अपने
पुत्रोंको दांतोसे पीडानही करती और निर्भयस्थानको दांतोसेही
ग्रहणकर्के लेजातीहे तैसेही राजाभी रक्षाके उपायसे प्रजाको अ
पने अपने उपजीविका कर्मविषे प्रवृत्तकरे ५ ॥

**यथा शल्यकवाना खुः पदंधूनयते सदा अती
क्ष्णेना भ्युपायेन तथाराष्ट्रं समापिबेत् ६ ॥**

जैसे शल्यकवान् मूषकजानीहे निद्राको प्राप्तभए पुरुषके पाद
तलमांस मृदुमुखसंयोगसे मांसको भक्षणकरताहे निद्रावाला
पुरुष मंदमंदचरणको कंपनकरताहे तीव्रपीडाविना जाग्रतन
हीहोता उस मूषेको अपने चरणसें निवारणा नहीकरता तैसेही
राजाभी अपने राष्ट्रको मंदमंदकरलेणेसे पीडा नहीकरे और श
नै शनै राष्ट्रके सार रसको पानकरे ६ ॥

**अल्पेनाल्पेन देयेन वर्द्धमानं प्रदापयेत् ततो
भूयस्ततोभूयः क्रमवृद्धिं समाचरेत् ७ ॥**

अल्प अल्प करादानकर्के राष्ट्र वृद्ध होता जाताहे जैसे जैसे राष्ट्र
वृद्ध होताजावे अधिकसे अधिककरको वृद्धी क्रमसे अधिकारी ज
नोकेद्वारा दिवावे ७ ॥

**दमयन्निव दम्यानि शश्वद्भारं विवर्द्धयेत् मृ
दुपूर्वं प्रयत्नेन पाशानभ्यवहारयेत् ८ ॥**

जैसे दमन करणे योग्य जो वच्छे आदिक भारवाहनेयोग्य पशुग
णहे उन्हको क्रमक्रमसे दमनकर्के भारको वधावतेहे तैसे क
म क्रमसे मृदुकरकेकरवृद्धिकर्के लेवे ८ ॥

**सकृत्पाशावकीर्णास्ते न भविष्यंति दुर्दमाः उ
चिते नैव भोक्तव्या नभविष्यंति यत्नतः ९ ॥**

जो एकवारही प्रथम उग्रकरकी पाशीसे बांधलिये तोउन्हका जी
वन कठिनहे याते सभका वशीकाररूपी दमनकरणा कठिन
होताहे ताते मृदुकरलेना उचितहे इसीकर्के सभको ग्रसकरले
वे और यत्नसे वशनहीहोवेगे ९ ॥

तस्मात्सर्वसमारंभो दुर्लभः पुरुषंप्रति यथा
मुख्यान्सांत्वयित्वा भोक्तव्याइतरेजनाः १० ॥
तातें हे राजन् सभको एककालमो एक एक पुरुषके प्रति वशक
रण दुर्लभहै तातें जो जो उन्होंविषे मुख्य मुख्यहै तिन्हको सांत्ववच
नोकर्के वशकरे तो उन्हकेद्वारा और भी सभ वशहोजातेहैं १० ॥
ततस्तान्भेदयित्वातु परस्परविवर्तिनान् भुं
जीत सांत्वयेच्चैव यथा सर्वमयत्नतः ११
सभही मुख्य पुरुषके द्वारा अपना अभीप्रायकहनेको वांछाकरते
हैं तव उन्हको भेद ले कर्के वशीकारसे भोगे और सुगम उपायके य
तनसे सभको सांत्वनाकरे ११ ॥
नवा स्थाने नवा काले करं लोभ्यो निपातयेत्
आनुपूर्व्येण सांत्वेन यथाकालं यथाविधि १२
और देशकालके विचार विना उन्हसे कर नहीलेवे क्रमपूर्वक दे
शकाल विधिसे सामपूर्व उपायकर्के वशीकार कर भोगे १२ ॥
उपाया न्प्रब्रवीम्येता न्नमे माया विवक्षिता अ
नुपायेन दमयन् प्रकोपयति वाजिनः १३
हे राजन् मे तमको प्रजाकारके उपायकहताहुं इहां मायाकप
ट कहना उचितनहीहै जो उपायविना म्हडकरविना प्रजाको व
शीकारचाहेतो सांत्ववचनविना सभको उद्विग्न चित्त करदेता १३ ॥
पानागारनिवेशाश्च वेश्याःप्रापणिकास्तथा कु
शीलवाः सकितवा येचान्ये कोपि दीदृशाः १४
सभको वशीकार धर्मरक्षासे अधर्मदंडसे होताहै इसवास्ते मदि
रापानकी शालामोअपने रक्षा पिकारोक पुरुष नियुक्तकरणे जो
नसे वेश्याजनहै और स्त्रीपुरुषोके परस्पर संदेशा लेजानेहारी
कर्के कुटनीयांहै और नटलोक जोहै और जू आहून कारी लोक
है और वी जोकोई य मिवि रायकारी लोकहै १४ ॥
नियम्याः सर्वएवैते येराष्ट्रस्यो पघातकाः एते
राष्ट्रे भितिष्ठंतो वाधंते भद्रिकाः प्रजाः १५ ॥
सो सभही राष्ट्रके विनाशकारीहै सभही पकडकर दंडशासनासे
निकासने योग्यहै सभको जेल खाने मो रोकने योग्यहै जो ऐसे नीच
वृत्तिलोक राज्यमो यथेष्ट विचरेतो धर्मकर्मवाली कल्याण रूपी प्र
जाको धर्म कर्मसे विगाडकरदेतीहै १५ ॥
न केनचि द्याचि तव्यः कश्चि त्किंचि दनापदि इ

ति व्यवस्था भूतानां धर्मस्य मनुना कृता १६
इन्होंसे ऋणादियाभी नही याचना करणी करभी इन्होंसे याच
नकरणा येनकेन प्रकारकर्के इन्हको अपने राष्ट्रमो प्रवेश
नही देना सर्वप्रकारसे प्रवृत्तिका अभावही कर्तव्यहे आपदा
कालविषे इन्होका द्रव्य आप ग्रहण नहीकरणायह व्यवस्था
मनुमहाराजने सर्वभूतोके धर्मस्थिती वास्ते कीनीहे १६ ॥
सर्वे तथानु जीवेयु नैरुप्युः कर्मचे दिह सर्व
एव इमे लोका न भवेयु रसंशयं १७ ॥
अधर्म त्यागकर्के सभही अपने राष्ट्रमो ठोर सेवा वृत्तिसे उप
जीवनको करे अधर्म कार्यको नहीकरे ऐसा करणेसे सभही
लोक अधर्मकारी कदापिनही होवेगे इसमों संशयनहीहे १७
प्रभु र्नियमने राजा यएतान्न नियच्छति धंके
स तस्य पापस्य चतुर्भाग मिति श्रुतिः १८
राजा धर्म मर्यादाकी रक्षाका प्रभुहे जोराजा इस प्रकारके अध
र्मकारी लोकोका दंड प्रयत्न नहीकरे तो पापकर्मका चतुर्था
शभागी आपहोताहे यह धर्मशास्त्रमोवेदश्रुती वनीहे १८ ॥
भोक्ता तस्यतु पापस्य सुकृतस्य यथा तथा
नियंतव्याः सदा राज्ञा पापा येस्यु र्नराधिप १९
हेराजा जो अपने राष्ट्रके पाप कर्मका पुण्यकर्मका चतुर्थांश
भागी वनाहे ताते राजाने यथा तथा प्रयतनसे पापकारीलोक
सदाही दंडशासनासे वश कर्तव्यहे १९ ॥
कृतपाप स्त्वसौ राजा य एतान्न नियच्छति
यथा कृतस्य धर्मस्य चतु र्भाग मुपाश्नुते २०
सो राजाही आप पापकारीहे यो राजा अधर्मकारी लोकोको दंड
नहीकरे जेसे धर्मरक्षाकर्के पुण्यकर्मका चतुर्थांशभागी राजा
अनायासकर्केही पापकर्मका चतुर्थांशभागी होताहे २० ॥
स्थानान्येतानि संयम्य प्रसंगो भूतिनाशनः २१
कामप्रसक्तः पुरुषः किमकार्यं विवर्जयेत्
हे राजन् यह मद्यशालादिस्थान अधर्मप्रसंगकेहे अधर्मप्र
संग सजा प्रजाकी संपदाका नाशकारीहे जो पुरुष कामचेष्टा
प्रसंगकारीहे सो क्या क्या अधर्मनही करेगा २१ ॥
स्थानान्येतानि संयम्य प्रसंगो भूतिनाशनः

श्री॰
रा॰प॰
टी॰
७३

73

मद्य मांस परस्वानि तथा दारा धनानि च आह
रे द्रागवशाग स्तथा शास्त्रे प्रवर्तयेत् २२
हे राजन् मद्य मांस परद्रव्यका लोभ और परदारप्रसंग यह सभ
ही अधर्मकार्य हे इन्हको जो कोई ग्रहण करता हे राजाकी निर्वल
तासे करता हे ताते राजा शास्त्र मार्गकी मर्यादासे इन्हको अपने
राष्ट्रसे वर्जन करे २२ ॥
आपदर्थं न याचंते येषां नास्ति परिग्रहः दा
तव्यं धर्मत स्तेभ्यो स्त्वनुक्रोशा द्दया न्नत २३
आपदाकी निवृत्तिवाले सभही धनयाचना करनेहे जिन्हको धन
प्राप्तिका उपाय नहीहे उन्हकोभी धर्मकार्यके निर्वाहवाले करु
णाकर्के दातव्य हे अधर्म प्रवृत्तिके भयसे किसीकोभी धन दातव्य नही
माते राष्ट्रे याचनका स्तूव न्मावापि दस्यवः हे २३
एषां दातार एवैते तेते भूतस्य भावकाः २४
हे राजन् तेरे राष्ट्रविषे अधर्म प्रवृत्तिके धनयाचक कदापि न
हीहोवे और धनसंपदाको हरणेहारे चोरादिलोक नहीहोवे जो
पुरुष अधर्मकारी पुरुषोके धनदाताहे सो पुरुष भूतसमूहके
कल्याणभावनासे रहित भयेहे २४ ॥
ये भूतान्यनुगृह्णांति वर्द्धयंति च ये प्रजाः
ते ते राष्ट्रे प्रवर्तंतो मा भूतानाम भावकाः २
जोनसे पुरुष धर्मकर्मसे भूतोविषे अनुग्रह करतेहे और जोनसे
पुरुष धर्मकारी प्रजाको वृद्धिको प्राप्त करते सो सो पुरुष तुम्हा
रे राष्ट्रको सदा वर्तमान होवे अधर्मप्रवृत्तीसे भूतोके विनाशका
री अधर्मीलोक मत वर्तमान होवे २५ ॥
दंड्या स्तेन महाराज धना दानप्रयोजकाः प्र
योगं कारयेथ स्तान् यथा बलिकरा स्तथा २६ ५
हे महाराज ऐसे लोक तुम्हारे दंडयोग्य नहीहे अपने धर्म कर्मवा
ले ऋणलेनेदेनेहे और राजन् जोनसे तुम्हारे अधिकारीलोक हे
सो किसीसे वहोत धन देखकर्के लोभकर्के अधिकर वधायकर
लेवे सो अधिकारीलोक राजाने दंडनीय हे जहां राजा निकट न
हीहे तहां और आसपासके अधिकारी तहां यथाविधि ग्रहणके
वलि प्रयोग करावे २६ ॥
कृषि गोरक्ष वाणिज्यं यच्चान्य त्किंचि दीदृशं पु
रुषैः कारये त्कर्म वहुभिः सहकारिभिः २७

जौनसे लोक प्रवृत्तिसे कृषिहै उन्होंको राजाका अधिकारी अथवा
राजा आपदाकी निवृत्तिवास्ते कृषीकरावे गोरक्षा करावे वाणिज्य
करावे जो और ऐसा कार्यहै वहोत पुरुषोके सहायकर्के करावे
एकाकी पुरुषसे नही करावे २७ ॥

नरश्चेन्न कृषिगोरक्ष्य वाणिज्ये चाप्यनुष्ठितः
संशयं लभते किंचि तेन राजा विगर्ह्यते २८

हे राजन् जो पुरुष कृषिनही करता गोरक्षानहीकरता वाणि
ज्यभी नही करता उसका दिया धन राजा ग्रहण नही करे उस
मो यह संशय होताहै यह धन इसने चौरोसे लियाहै तो हम
को देताहै अथवा हमारे अधिकारी लोक इसको लूटतेहै उन्होंके
भयसे देताहै उसकेधन दानका हेतुको राजानही विचारकरेतो
अन्याय धनग्रहणको निंदादोष राजाको होताहै २८ ॥

धनिनः पूजये त्रित्यं पानाछादनभोजनैः
वक्तव्या श्चानुगृह्णीध्वं प्रजाःसहमयेतिवै २९

जौनसे धनी पुरुषहै जिन्होंको राजा सुंदर खान वस्त्र आछादनो
कर्के मानसत्कारपूजाकरे उन्होंको ऐसा वचनकहै तुमने हमा
री प्रजाको हमारे समेत सदा अनुग्रहकरणा जवकार्यवने त
व धन प्रयोगसे कार्यमो सहायकरणा २९ ॥

अंग मेत न्महद्राज्ये धनिनोनाम भारत क
कुदं सर्वभूतानां धनस्थो नात्र संशयः ३०

हेभारत राज्यव्यवहारमो धनीलोक वडे सहायके अंगवनेहै
जो धनवान पुरुष होताहै सो सभभूतोंका शिरोमणि होताहै ३०

प्राज्ञःशूरो धनस्थश्च स्वामी धार्मिक एवच
तपस्वी सत्यवादी च बुद्धिमा श्चापि रक्षति ३१

राजाके राज्यको यह पुरुष रक्षा करते शूरमा पुरुष और धनवा
न् पुरुष राज्यका स्वामी रक्षा करताहै और धर्म कर्मवान् पुरुष
और तपस्वी पुरुष और सत्यवादी पुरुष और बुद्धिमानपुरुष य
हसभही राजानेमानसत्कारसे पूज्यहै ३१ ॥

तस्मात्सर्वेषु भूतेषु प्रीतिमा न्भव पार्थिव स
त्य मार्जव मक्रोध मानृशंस्य च पालय ३२

ताते हे राजन् तुम आप सर्वभूतोविषे प्रीतिवालेहोवो सत्यधर्म
को और आर्जवशील को और अक्रोधको और अक्रूरतासे अहिंसा
धर्मको सदापालनकरो ३२ ॥

श्री॰
रा॰ ज॰
टी॰
७५

एवं दंडं च कोशं च मित्रं भूमिं च लप्स्यसि सत्या
र्जवपरो राजन् मित्रकोशबलान्वितः ३३
इति श्रीमहाभारते शान्तिपर्वणि राजधर्मे षु
ग्रष्टाशीतितमोऽध्यायः ८८ ॥

इस प्रकार धर्मरत्नाकर्के तुम दंडनीतिके फलको और कोशवृ
द्धिको और मित्रलाभको और पृथिवीके जयको प्राप्तहोवोगे तातें
सत्यधर्मको आर्जवशीलको सेवनकरोगे तो मित्रकोश बल संप
न्नहोवोगे ३३ इति श्रीमहाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मेषु अष्टाशी
तितमोऽध्यायः ८८ ॥

भीष्मउवाच वनस्पतीन् भक्ष्यफलान्न छिंद्युर्विष
ये तव ब्राह्मणानां मूलफलं धर्ममाहुर्मनी
षिणः १ ॥ भीष्मउवाच हे राजन् जोनसे महावृक्ष भक्षणी
य फल संपदावालेहै तिन्होंको तेरे राष्ट्रमे कोई पुरुष छेदनन
हीकरे ब्राह्मणोको मूल फलोंका भोजन धर्म कर्मका मूल सभ
ही शास्त्रवेत्ता पंडित कहतेहै १ ॥

ब्राह्मणेभ्यो तिरिक्तं च भुंजीरन्नितरे जनाः न
ब्राह्मणोपरोधेन हरेदन्यः कथंचन २ ॥
ब्राह्मणोके भोजनसे अधिकजो मूलफल उसको इतरजन भोज
नकरे ब्राह्मणोकी पालनाविना और जनफल मूलको ग्रहण न
हीकरे २ ॥

विप्रश्चेत्त्यागमातिष्ठेदात्मार्थे वृत्तिकर्शितः
परिकल्प्यास्य वृत्तिः स्यात् सदारस्य नराधिप ३
जो ब्राह्मण अवृत्तिकर्के कृशहोकर जिस राजाके राष्ट्रको त्यागकि
याचाहे तो तहां राजाने उस ब्राह्मणकी सकुटुंबकी पालनावृत्ति
कल्पित करणा योग्यहै ३ ॥

स चेन्नोपनिवर्त्तेत वाच्यो ब्राह्मण संसदि क
स्मिन् इदानीं मर्यादा मयं लोकः करिष्यति ४
सो ब्राह्मण वृत्ति कल्पनासेभी नहीं निवृत्तहोवे तो ब्राह्मणोकी स
भामे राजाने उसके वृत्तांतकरणा इसकी वृत्ति करदेनीहै यह ब्रा
ह्मण निवृत्तनहीं भया क्याहेतुहै जो हाथी घोडा रथ सवारीचाह
ताहै तो सोभी इसको दे देवेका कहताहै जो हाथीरथादिक इसको
दे देवेको तत्परहै ब्रह्मकर्मकी मर्यादाविना यह अबवही अमर्यादा
से शांतहोजावेगा ४ ॥

ब्रंसेशयं निर्वेदेन नचेद्वस्य ततः परं सर्वं
परोक्षं कर्तव्यमेत कौंतेय शाश्वतं ५ ॥
ऐसी प्रार्थना श्रवणकरके निश्चयसे निवृत्तहोवेगा जो निवृत्त
होवेतो उसको फेरकहना अब तुम इसी प्रकारसे वृत्ती करोगेतो
सर्वेही तुमने ऐसी वृत्तिकों नही मानी जो हमने तुम्हारी ऐसी
वृत्तिकरणी विस्मरण होगईहे तो आपने अपराध क्षमा कर्तव्य
हे इस प्रकार प्रथम उस ब्राह्मणोसे परोक्षही सभब्राह्मणोसे
कहिकर पश्चात् उसकी प्रार्थना कर्तव्यहे ५ ॥
आहुरेत जना ब्रह्मन् नचेन कुर्द्धयाम्यहं नि
मंत्रयामिभवेद्भोगैर्वरम्या वे तदाचरेत् ८ ॥
हेब्रह्मन् सभही जनक हतेहे आप भोग पदार्थोकी वांछा क
रतेहो परंतु मे इस वार्ताको श्रद्धानही करता ऐसे कहकर उस
को भोगोकरके भी निमंत्रणकरे जो केवल अवृत्तिसे कृशहोकर
जाताहे तो वृत्तिकल्पनासेही निमंत्रणकरे ८ ॥
कृषिगोरक्ष्य वाणिज्यं लोकाना मिहजीवनं ऊ
र्ध्वं चैव त्रयीविद्या सा भूता भावयत्युत ७ ॥
हे राजन् लोकोकी उपजीवका कृषी गोरक्षा वाणिज्य यह सामान्य
वृत्तिहे ओर इससे उत्तम वेदत्रयीकी ब्रह्मविद्याहे उसकरके यज्ञया
गादि क्रिया होतीहे सो वेदत्रयीकी संपूर्ण भूतोकी देवता ऋषि ७
मनुष्यादि तृप्तिकरके दृष्ट अदृष्ट पापकर्मके भयसे रक्षाकरतीहे
तस्यां प्रयतमानायां येस्युः तत्परिपंथिनः द
स्यव स्तद्वधाये ह ब्रह्मा क्षत्र मथाऽसृजत् ८
हे राजन् वेदत्रयीकी विद्याकों ओर कृषी गोरक्षा वाणिज्य वृत्तिका
जब पातहोवे विघ्नहोवे उसके जो विनाशकारी अधर्मकारी चोरा
दिकहोवे उनके वधवास्ते ब्रह्माजी क्षत्रधर्मको सृजतेभये ८ ॥
शत्रूञ्जय प्रजारक्ष यजस्व क्रतुभिर्नृप युद्ध्य
स्व समरेवीरो भूत्वा कौरवनंदन ९ ॥
तातें तुम सर्वजगतकी धर्म कर्मरक्षावाले शत्रुगणको जयकरो
प्रजाकी रक्षाकरो ओर यज्ञविधीको यजनकरो हेकौरवनंदनवीर
होकर रणमोयुद्धकर ९ ॥
संरक्ष्या पालये द्राजा सराजा राजसत्तम ये
केचिनात्र रक्षंति ते रथो नास्ति कश्चन १०

जौनसे धर्म कर्मवाले रक्षायोग्यलोक है तिन्हको राजा रक्षाकरे सो
ई राजा कहाहे जोराजा लोकजालोक धर्मकर्मकी रक्षावास्ते प्रजाको
पालन नही करते उन्हके राजा भावका कोई अर्थ नही वनता ११

**आंतरेभ्यः परान्रक्षन् परेभ्यः पुनरांतरान् प
रान्परेभ्यः स्वान्स्वेभ्यः सर्वान् पालय नित्यदा १२**

हे युधिष्ठिर सर्वलोक ऐसेही मानतेहे जो राजाने राष्ट्र रक्षावाले
सदा युद्ध कर्तव्यहे ताते राजाने मनुष्यकी भोक्तव्यहे जौनसे अप
ने आंतरीय निकटवर्ती जनहे उन्हसे वाहिरके लोकोको रक्षा
करो और परलोक जोहेशत्रुलोक तिन्हसे अपने राष्ट्रके अंत
र्गत प्रजालोकोकी रक्षाकरो जो अपनेसे दूरपरके लोकहे उन्ह
कोभी अपनेसे पराये शत्रुगणके तिन्होसे रक्षाकरो जौनसे अ
पने अधिकारीलोकहे तिन्होसे अपने मित्रलोकोको रक्षाकरो १२

**आत्मानं सर्वतो रक्षन् राजा रक्षेत मेदिनीं आ
त्ममूल मिदं सर्व माहुर्वै विदुषो जनाः १३**

राजा अपने आत्माको सभसे सर्वप्रकारसे रक्षाकरे और अपने
क्षत्रधर्मसे रणकर्के पृथ्वीको रक्षाकरे यह सभही राजधर्मका
मूल राजासीहे सभही धर्मवेत्ताजन ऐसे सदा कहतेहे १३ ॥

**किं छिद्रं कोनुषंगोमे किंवा स्या विनिपातितं
कुतो ममाश्रये दोष इति नित्यं विचिंतयेत् १४**

आत्मरक्षावाले राजा सदा इसप्रकार चिंतनकरे मोको क्याछिद्र
हे और व्यसनप्रसंग मोको क्याहे क्या किसने विकार कियाहे
और कहांसे मोको दोष प्राप्तहोताहे इसप्रकार सदा चिंतनकरे १४

**अतीतदिवसे वृत्तं प्रशंसंति नवा पुनः गूढै
श्चारै रनुमतैः पृथिवी मनुसारयेत् १५ ॥**

पूर्वबीते दिनमों वृत्तांत भया उसकोमेरे प्रति कहेंगे नहीकहेंगे
ऐसा गुप्तजो चारलोकहे तिन्होकर्के पृथ्वीकों संचार करावे १५

**जानीयुर्यदि मे वृत्तं प्रशंसंति नवा पुनः क
च्चिद्रोचे जनपदे कच्चिद्राष्ट्रे च मे यशः १६**

मेरा शुभा शुभ लोकजानेगे नहीजानेगे राष्ट्रविषे मोको प्रशं
सा करतेहे नहीकरतेहे क्या मे अपने राष्ट्रमो लोकोको रुचि
वालाहुं नही रुचि करताहुं राष्ट्रविषे मेरा यश वनाहे नही
वनाहे १६ ॥

धर्मज्ञानां धृतिमतां संग्रामेष्व पलायिनां राष्ट्र

न येन जीवंति येन राज्ञो नुजीविनः १७ ॥
जो राजालोक सर्व धर्मज्ञ भयेहे संग्राममें कदापि फिरते न
हीहे उन्नके धर्ममार्गको में प्राप्त भयाहुं नही प्राप्त भयाहुं औ
र राष्ट्रमो जोनसे लोक जीवतेहे जोनसे राजद्वारविषे राजाके
अनुसार जीवनेहे १७ ॥
अमात्यानां च सर्वेषां मध्यस्थानां च सर्वशः
येच त्वाभिप्रशंसंति निंदेयु रथवा पुनः १८
जोनसे अमात्यलोकहे उन्नका क्या हननहे और मध्यस्थ लोकोंका
क्या हननहे हेयुधिष्ठिर जोनसे पुरुष तुम्हारी प्रशंसा करतेहे औ
र जोनसेलोक तोकों निंदाकरनेहे तिनको तुमने सभको यथा
धिकार स्थापनकरणा १८ ॥
सर्वा न्सुपरिणीतां स्तान्कारयेथा युधिष्ठिर य
कोने नहि सर्वेषां नृपाकों तात रोचितं १९
मित्रा मित्र मध्यानां मध्ये सर्वभू तेषु भारत १९
सभको यथात सावि करणेको कोई समर्थ नही होता मित्र अ
मित्र मध्यस्थ सर्वत्र सर्वभूतोंविषे वनेहे १९ ॥
युधिष्ठिरउवाच तुल्यबाहुबलानांच तुल्यानांच
गुणैरपि कथंस्या दधिकःकश्चित् सच भुंजीतमा
नवान् २०
युधिष्ठिरउवाच हेपितामहजी राजाके समान स
भही मनुष्योंविषे बाहुबलहे और गुणोंकर्केभी सभही मनुष्य तु
ल्यहे राजा कोन गुणकर्के अधिकहे जो सर्व मनुष्योंको आप भो
गनेको समर्थहोताहे २० ॥
भीष्मउवाच यचरा ह्यचरानद्यु रदंष्ट्रान् दंष्ट्रिण २१
स्तथा आशीविषा इव क्रुद्धा भुजंगान् भुजगा इव
भीष्मउवाच जोनसे पादचारी पशुयोनिहे सो पादरहित तृण ल
तादिकोंको भोजनकरनेहे और जोनसे जीव दंतोंकी दंष्ट्रासे रहित
हे तिन्नको दंष्ट्रावाले सिंहादिक दंष्ट्रावाले भोजनकरनेहे २१
एतेभ्य श्चा प्रमत्तःस्यात् सदाशत्रो युधिष्ठिर २२
यह सभही बलवान् भूत निर्बलभूतोंको भोजनकरनेहे जैसे
सर्पजाती सभही विषधरहोतेहे तिन्नोंविषेभी बलवान्सर्प नि
र्बलसर्पोंको भोजनकरनेहे तैसे जो बलवान मनुष्यजोहे सो
दुर्बलमनुष्योंको अपनी आज्ञाकी सामर्थ्यसे भोगनेहे २२ ॥

श्री॰
शां॰ध॰
टी॰
७८

२०

भारुंडसदृशा ह्येते निपतंति प्रमादतः क
च्चित्ते वणिजो राष्ट्रे नोद्विजंति करार्दिताः २३
हे युधिष्ठिर तुमभी इन्होंसेही शिक्षा लेकर बलवान होकर शत्रु
जयके वास्ते अपनी बलसत्ताविषे अप्रमत्तहोवे २३ ॥
क्रीणंतो बहुनाल्पेन कांतारकृत विश्रमाः क
च्चिन्न कृषिकरा राष्ट्रं न जहत्यति पीडिताः २४
यह शत्रुलोक प्रमादसे राजाविषे पक्षीकी न्याई आन पडतेहे ता
ते मेतेरी बलसत्ताको जाननेको इच्छाकरताहुं तेरे राज्यविषे वणि
या लोक वाणिज्यवृत्ति करतेहे सदा दुर्गम देशविषे वाणिज्यकरणे
को विचरतेहे सो शत्रुबलसे भयभीततो नही नाहोते जोनसे
वणिया बहोत व्यापारकर्के अथवा स्वल्पव्यापारकर्के लाभपदा
र्थके क्रय विक्रयवास्ते दूर दुर्गमदेशकी यात्राकरणेको इच्छति
श्रय करलेतेहे २४ ॥
ये वहंति धुरं राज्ञो ते भरंती तरानपि २५ ॥
और जोनसे तुम्हारे राष्ट्रमो कृषी करणेहारेहे सोभी अतिकरग्रह
णसे पीडितहोकर अपने राष्ट्रको त्यागतो नही नाकरतेहे २५ ॥
इतो दत्तेन जीवंति देवाः पितृगणास्तथा मनु
ष्या उरगरक्षांसि वयांसि पशवस्तथा २६ ॥
जोनसे यह कृषीकरणेहारे राजाके पुरको देतेकी कृषी कर्मकी
वृत्तीकर्के पालन करतेहे और राष्ट्रके लोकोको भी पोषण करतेहे
जिन्होकी कृषीका अन्नदान होताहे जिसकर्के देवतागण ऋषि
गण पितृगण तृप्तहोतेहे और भी मनुष्य नाग राक्षस पंछी पशु
गण सभही तृप्तहोतेहे २६ ॥
एषा ते राष्ट्रवृत्तिश्च राज्ञां गुप्तिश्च भारत एत
मेवार्थमाश्रित्य भूयो वक्ष्यामि पांडव २७ इति
श्रीमहाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मेषु राष्ट्रगुप्ति
हे भारत यह तुमको मेने राष्ट्रपालनेकी वृत्ति कही र्नाम ८९
हे राजाकी वृत्तिभी कहीहे हे पांडव अब इसीको मे बहोडभी
प्रसंग पाइकर और प्रकारसे उदाहरण विस्तारसे कहताहुं २७
इति श्रीमहाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मेषु राष्ट्रगुप्तिर्नाम एको
ननवतितमोध्यायः ८९ ॥
भीष्म उवाच पार्थगिराः तत्रधर्मो ज्ञतथ्यो बल

वित्तमः मांधात्रे यौवनाश्वाय प्रीतिमानभ्यभाष
भीष्मउवाच हेराजन् उतथ्य जो मुनि सो अंगिरामुनिके त १
गौत्राहे ब्रह्मवेत्ताजनोविषे उत्तम भयाहे यौवनाश्वराजे पुत्रको
मान्धाता राजाको प्रीतिमान होकर जौनसे राजधर्मको कहता भया १
सयथाह प्रशासैन मुतथ्यो ब्रह्मवित्तमः त
ते सर्वं प्रवक्ष्यामि निखिलेन युधिष्ठिर २॥
वहोउ सोई ब्रह्मवेत्ता जनोविषे उतथ्यमुनि जिसप्रकार मांधा
ताराजाको राजधर्मको जिस प्रकार शिक्षा करताभया तैसेही
संक्षेपताकरके तुमको कहताहूं २॥
उतथ्यउवाच धर्माय राजा भवति नकाम करणा
यतु मांधात रिति जानीहि राजा लोकस्य रक्षिता ३
उतथ्यउवाच हेमांधाता राजन् राजा जो होताहे सो धर्मरक्षाके
कारणसे होताहे अपनी इच्छासे कामभोगके कारणसे नही
होता यह तुमने निश्चय जानना राजालोकरक्षा कर्ताहे ३॥
राजा चरति चेद्धर्मं देवत्वायैव कल्पते सचे द
धर्मं चरति नरकायैव गच्छति ४॥
जो राजा धर्माचरणकरे सो देवता भावकी प्राप्तीको समर्थहोताहे
उसकी आज्ञा देवताभी मानतेहे सोई अधर्माचरणकरेतो नरक
को जाताहे ४॥
धर्मे तिष्ठंति भूतानिधर्मो राजनि तिष्ठति तं
राजा साधुयः शास्ति सराजा पृथिवी पतिः ५
जोराजा धर्मकर्ममो स्थित होवेतो सभहीभूत धर्म कर्ममो स्थि
तहोतेहे जो राजा सर्वभूतोको धर्म कर्मको शासना करताहे
सो राजा पृथवीपति होताहे ५॥
राजा परम धर्मात्मा लक्ष्मीवा न्धर्मउच्यते तदेव
मंगलं लोकः सर्वः समनुवर्तते ६॥
जो राजा परमधर्मात्मा होताहे सो लक्ष्मीवान् साक्षात् धर्मरूपी
होताहे जो राजाकहे धर्म कछुहेनही उसके गृहसे सभही देवता
अपनी देवसत्ताको लेकर चले जातेहे इहा धर्महे तहा ऐसेकहते
हे देवनिंदासर्वत्र प्रहतहोतीहे ६॥
अधर्मे वर्तमानानां मर्यादिः प्रदृश्यते त
देव मंगलं लोकः सर्वः समनु वर्तते ७॥

जो अधर्मविषे प्रवृत्त भये लोकको अर्थसिद्धि कछु सिद्ध होतीहे सोई अमंगलरूपहे उसको सभही लोक सर्वप्रकारसे अधर्ममें प्रवृत्त होते हे ७ ॥

उछिद्यते धर्मवृत्तं अधर्मो वर्तते महान् भयमाहुर्दिवा रात्रं यदा पापो नवार्यते ८ ॥

हे राजन् हे तात जब पापकर्मका निवारण नही होता तहां धर्म कर्मका सभही वृत्तांत उछिन्नहोजाताहे महा अधर्म प्रवृत्तहोताहे उहां दिनरात्र सदा भय प्रवृत्तहोताहे ८ ॥

ममेद मिति नैवेतत् साधूनां तात धर्मतः नैव व्यवस्था भवति यदा पापो न वार्यते ९ ॥

हेतात जब पापकर्मका निवारण नही होताहे तब ऐसा अधर्म प्रवृत्तहोताहे जो साधुलोकोंको यह हमारा धर्मकर्महे ऐसी धर्मकर्मसे व्यवस्था कही नही स्थितहोती ९ ॥

नैव भार्या न पशवो नक्षेत्रं ननिवेशनं संदृश्येत मनुष्याणां यदा पाप बलं भवेत् १० ॥

हे राजन् जब पापकाबल प्रवृत्तहोताहे तब भार्याभी अपनी नही वशहोती पशुभी अपने वशनही होते क्षेत्रभी अपने वशनही होता गृहभी अपने वशनहीहोता मनुष्योंका आचारविचारभी अपने वश दृष्टनही होता १० ॥

देवाः पूजां नजानंति नस्वधां पितरस्तदा नपूज्यंते ह्यतिथयो यदा पापो नवार्यते ११ ॥

जब पाप कर्मका निवारण राजासे नही तब देवता अपनी पूजाको नही पाइ जानते और पितर अपने स्वधाकार श्राद्धादिकोंविषे नही पाइ सकते अतिथी नही पूजेजाते ११ ॥

नवेदानधि गच्छंति व्रतवंतो द्विजातयः नयज्ञांस्तन्वते विप्रा यदा पापो नवार्यते १२ ॥

जहां पापकर्मका निवारण राजासे नही बनता तहां ब्राह्मणोंको वेदाध्ययन नही बनता व्रतनिष्ठावाले विप्रलोक दृष्टनहीहोते और विप्रजन यज्ञयागादि विधीको विस्तारनही करते १२ ॥

वध्यानामिव सत्वानां मनोभवति विह्वलं मनुष्याणां महाराज यदा पापो नवार्यते उभौलोकावभिप्रेक्ष्य राजानमृषयः स्वयं १३ ॥

जहां राजासे पापकर्मकी निवृत्तिनही होसकती तहां संपूर्ण मनुष्योंका मन वध्यस्थी जनोंकीन्याई धर्मकर्मकी संपन्नताविषे व्याकुलहोताहे १३ ॥

असृजत्सुमहद्भूत मयंधर्मोभविष्यति य
स्मिन्धर्मोविराजेत तंराजानं प्रचक्षते १४॥

हे महाराज जेते देवलोकके ऋषिगणहे सो सभही उभयलोक
की मर्यादाको धर्मकर्मके अधीनजानकर धर्मकर्मकी रक्षावाले
अपने अपने तेजकी सत्ताका महापुंजरूप महाबुद्धि ब्रह्मार्षि
सेपत्रराजारूपी महाभूतको सृजतेभये यहीधर्मरक्षाकरणेहारा
हमाराधर्मरूपहोवेगा १४ ॥

यस्मिन्विलीयतेधर्म स्तंदेवाहृषलंविदुः वृ
षोहिभगवान्धर्मो यस्तस्य कुरुतेत्वलं १५

जिसविषेधर्मरक्षाकर्के धर्मविराजमान उसको देवता अपना
भी मालकराजा मानतेहे जिसमो धर्मरक्षाका लवमात्रनहीहे
उसको देवता सूद्रचंडाल जैसे मानतेहे १५ ॥

वृषलंतं विदुर्देवा स्तस्माद्धर्मं विवर्द्धयेत् ध
र्मेवर्द्धति वर्द्धंति सर्वभूतानि सर्वदा तस्मि
न् ह्रसति क्षीयं तेस्माद्धर्मं नलोपयेत् १६

भगवान् धर्मजोहे सो वृषरूपहे जो कोई धर्मरूपी वृषको अ
लंकरदेताहे विनाशकरदेताहे उसकानाम वृषलहे वृषजो
धर्महे उसको लूनकरे छेदनकरे सो वृषलकहाहे इसप्रकार
देवता उसको चंडालकहतेहे ताभेराजा धर्मकर्मको पालना
से वृद्धीको प्राप्तकरे १६ ॥

धर्मेवर्द्धति वर्द्धंति सर्वभूतानि सर्वदा त
स्मिन् ह्रसति क्षीयं तेतस्माद्धर्मं नलोपयेत् १७

धर्मकी वृद्धिमो सर्वभूतोकी वृद्धिहोतीहे धर्मकी हानीमोसर्व
भूतोकी हानिहोतीहे ताते राजाधर्म कर्म कालो पनहीकरे
सदापालनकरे १७ ॥

धनात्स्रवति धर्मोहि धारणाद्वेति निश्चयः
अकार्याणां मनुष्येंद्र ससीमांतकरः स्मृतः १७

धर्म कर्मसेहि धर्मउदेहोताहे अथवा अपनी वर्णाश्रममर्या
दाका निश्चयधारणेसे धर्मकहाहे सो धर्मधाराजावे तो जेते म
नुष्योके अकार्यहे अधर्मके उन्को अंतकरणेहारी परम अव
धी धर्मही कहाहे १७ ॥

प्रभवार्थंहिभूतानां धर्मःसृष्टःस्वयंभुवा त

श्री॰
रा॰ध॰
टी॰
७८

28

स्मात्प्रवर्तयेद्धर्मं प्रजानुग्रहकारणात् १८ ॥
हे मानदाता राजन् सर्वभूतोके कल्याणकहीवास्ते स्वयंभू प्रजापतीने प्रथमधर्मही रचाहे ताते प्रजाके अनुग्रहकरणसे राजाधर्मकोही प्रवृत्तकरे १८ ॥

तस्माद्धि राजशार्दूल धर्मः श्रेष्ठतरः स्मृतः स राजा यः प्रजाः शास्ति साधुकृत्पुरुषर्षभ १९

ताते हे राजशार्दूल धर्मही सर्वपुरुषार्थोंविषे श्रेष्ठहे हे पुरुषश्रेष्ठ राजा सोहे जो प्रजाको धर्मशासनासे प्रजाकोपालनकरताहे २५

कामक्रोधावनादृत्य धर्ममेवानुपालय धर्मः श्रेयस्करतरो राज्ञां भरतसत्तम २० ॥
हे भरत रघुकेरांजसत्तम कामक्रोधोंको अनादरकर्के आपधर्मकोही सदापालनकरो राजालोकोंको धर्मजोहे सो परमकल्याणकोकरताहे २० ॥

धर्मस्य ब्राह्मणो योनिस्तस्मात्तान्पूजयेत्सदा ब्राह्मणानां वशं धीमान् कुर्यात्कामानमात्सरो २१
हे राजन् धर्मज्ञानके मूल उत्पत्तिस्थान ब्राह्मणहे धर्मकर्मकेजानवाले तुम ब्राह्मणकोहि पूजनकरो हे मानदाता ब्राह्मणोकी हितकरणेहारी कामना तुम सभही दोषारोपविनाही सदाचरणकरो २१ ॥

तेषां ह्यकामकरणाद्राजा संजायते भयम् मित्राणि न च वर्द्धन्ते तथामित्रीभवंत्यपि २२
ब्राह्मणोंकी कामनानही करणेसे राजाको महाभयप्राप्तहोताहे उसराजाको मित्रहद्धी नहीहोती सभही मित्रलोक अमित्रहोतेहे २२ ॥

ब्राह्मणानसदासूया द्वाल्पाद्वैरोचनो बलिः प्रध्यास्माच्छ्रीरपाक्रामद्यास्मिन्नासीत्प्रतापिनी २३
हे राजन् ब्राह्मणोकीदोषदृष्टि करणेसे विरोचनकापुत्र बली दानवजोहे सो अपनी बालबुद्धी करणेकर्के ऐश्वर्यराज्यलक्ष्मीसेहीनभयाहे जोनसी प्रतापसंपदा प्रथमबनीरही उससेभ्रष्टभयाहे २३

ततस्तस्मादपाक्रम्य सा गता पाकशासनम् अपश्चात्सोन्वतप्यत श्रियं दृष्ट्वा पुरंदरे २४
सोराज्यलक्ष्मीबलीको त्यागकरदेतीभई इंद्रजाइप्राप्तहोतीभई

जयत्रैलोक्यकाइंद्रकोप्राप्तभईदेखकर बली बहोतपश्चात्तापकर
ताभया २४ ॥

एतत्फल मसूयाया अभिमानस्यवाविभो
तस्माद्बुध्यस्वमांधात मात्वाजह्यात्प्रतापिनी २ ५

हे मान्धाताराजन् यहफलब्राह्मणोंकी सहीकाहै और अपने
अभिमानकाहै तातेतुमभी ऐसेजानकर ब्राह्मणोंसे द्वेषन
हीकरो और अपनी प्रतापसंपदाको ब्राह्मणोंकी निंदाकरणे
से मतविनाशकरो २५ ॥

राजर्षयश्चबलवत्तथाबुध्यस्व पार्थिव रा
जाभवतितं जित्वादासस्तेनपराजितः २६

यह अभिमानजोहै इसकानामदर्पहै सोदर्पअलक्ष्मीका
पुत्रहै सो अधर्मसे उत्पन्नभयाहै यहकथा प्रथममैंने सु
नीहै उसदर्पने देवता असुर बहोत नाशको प्राप्तकियेहै २६

दर्पोनामाश्रियःपुत्रो जज्ञेधर्मादितिश्रुतिः
तेनदेवासुराराजन् नीतास्सुबहवोक्षयं २७

हे पार्थिव राजऋषीभी बहोतनाशको प्राप्तकियेहै तातेदर्प
के त्यागदेना इसबातको तुमभी विचारकरो दर्पअभिमान
को जो जीते सो राजाहोताहै जिसको दर्पणे जीताहै सो अ
धर्मका दासहोताहै २७ ॥

सयथादर्पसहित मधर्मनानुसेवसे तथा
वर्तस्वमान्धात श्चिरंचेत्स्थातुमिच्छसि २८

सोई राजा सदा जयशाली है जौनसा राजा अभिमान दर्पस
हित अधर्मको नहीहोवे हे मान्धातराजाजी जो तुमको चिर
काल राजधर्म पालनेकी वांछाहै तो दर्पअभिमानको जीत
कर अपने राज्यको शासनाकरो २८ ॥

मत्तात्प्रमत्तात्पाखंडा उन्मत्ताश्चविशेषतः न
दम्भासाडुपावर्त संहितानांच सेवनात् २९

ताते हे राजन् मत्तजो पुरुषहै मद्यादिसेवनेहारे और प्रम
त्त जोहै भोगासक्त पुरुषपाखंडजोहै दंभाचारवाले पुरुष उ
न्मत्त धनसंपदाके प्रमादवाले इन्होंसे असंगहोजाओ यहचा
रो अधर्मके मंत्रीहै इन्होंका सभका जहां समागम अभ्यास
सेहोताहै ऐसी महा अधर्मकी अवस्थाहै कामक्रोध लोभमो
हकी प्रबलता उसको जीतकर सदाधर्मपालनाकोकरो २९ ॥

श्री० रा० प० टी० ७९

79

निग्रहीनादमात्याच स्त्रीभ्यश्चैव विशेषतः प
र्वतादिषुमा दुर्गा हस्तिनोश्वात्सरीसृपात् ३०
हे राजन् अपने जो अमात्य लोक है तिन्होकोभी काम क्रोधसे नि
ग्रहकरो और स्त्री प्रसंगसेभी सभका निग्रहकरो और स्त्री प्रसंग
सेभी पर्वतदेशविषे विषममार्गसे और दुर्गमदेशकी कार्यकाल
विना नित्ययात्रासे आपभी निवृत्तहोयो और जो शिक्षाअभ्यासर
हित हस्ती तुरंगके आरोहणसेभी आपनिवृत्तहोवो और सर्पदु
ष्टस्थानसेभी मंत्रयंत्र औषधी प्रयत्नविना निवृत्तहोवो ३० ॥
एतेभ्यो नित्ययुक्तःस्या नक्तंचर्याविवर्जयेत्
अत्यागंचाभिमानंच दंभंक्रोधंचवर्जयेत् ३१
एतेव्यसनस्थानेसे नित्यसुष्टप्रसंगहोवे और तथारात्रिविषे
यात्राचर्याको वर्जनकरो और कृपणताकी अत्यागवृत्तिको त्यागो
और तथा अभिमानको त्यागो और दंभवृत्तिको त्यागो तथा क्रोध
कोत्यागो अविचारके कामक्रोधोको अवश्यत्यागकरो ३१ ॥
अविज्ञातासुचस्त्रीषु क्लीवासुस्वैरिणीषुच
परभार्यासुकन्यासु नाचरेन्मैथुनं नृप ३२
हे राजन् मात्याता जोनसीया अपराधकर्के अनादरकीनीहै
और विधवाजोस्त्रियाहै और व्यभिचारकरणेमोस्वतंत्रप्रजो स्त्रियो
है और परपुरुषकी विवाहितस्त्रियाहै विवाह संस्कार रहित क
न्याजोहै इन्होविषेराजा मैथुन प्रसंगको वर्जनकरे ३२ ॥
कुलेषुपापरक्षांसि जायंतेवर्णसंकरात् अ
पुमांसोंगहीनाश्च स्थूलजिह्वा विचेतसः ३३
ऐसाव्यभिचारकरणेसे वर्णसंकरतावारवर्णोके कुलोविषे हो
तीहै उसकर्के पापकर्मके फलपरिपाक पापकर्मकी प्रवृत्तिवा
ली राक्षसरूपसंतानउत्पन्नहोतीहै कोईतो नपुंसकहोतीहै
पुरुषार्थशक्तिरहितहोतेहै कोई अंगहीनहोतीहै कोई स्थूल
जिह्वावाले मूकहोतीहै इसप्रकार अंधपशुकासो वधिर कुरूप
कुटिल पापवृत्तीभी होतेहै ३३ ॥
एतेचान्येचजायंते यदाराजा प्रमाद्यति त
स्माद्राज्ञाविशेषेण वर्तितव्यं प्रजाहिते ३४
हे राजन् एते इसप्रकारके औरभी वर्णसंकरता दोषसे होतेहै
जबराजा धर्मरक्षाविषे प्रमादी होताहै ताते राजाते प्रजाके
हितकरणेमो प्रयत्नकरणेमो प्रवृत्तहोने योग्यहै ३४ ॥

क्षत्रियस्य प्रमत्तस्य दोषः संजायते महान्
अधर्माः संप्रवर्तन्ते प्रजाः संकरकारकाः ३५
जो क्षत्रीराजा प्रजापालनेमो प्रमादकरे तो वर्ण संकरता करणे
महादोष उदे होताहे अधर्मके लक्षण सर्वत्र वृद्धिको प्राप्तहोतेहे
सोसभही देशकाल धर्मोकी संकरता करतेहे ३५ ॥
अशीते विद्यते शीतं शीते शीतं न विद्यते अवृ
ष्टिरतिवृष्टिश्च व्याधिश्चाप्याविशेत्प्रजाः ३६
शीतकाल विना ग्रीष्मकालमो शीत होताहे और शीतके कालमो
शीत विद्यमान नहीहोता वृष्टिके प्रतिबंधसे अवृष्टिहोतीहे अति
वृष्टिभीहोतीहे और प्रजाको व्याधिरोग आइकर प्रवेशकरतेहे ३६
नक्षत्राण्युपतिष्ठन्ति ग्रहा घोरास्तथापरे उत्पा
ताश्चात्र दृश्यन्ते बहवो राजनाशनाः ३७ ॥
और धूम्रकेतु आदिक विपरीत नक्षत्र दर्शन होतेहे और ग्रहचार
भी घोररूप होतेहे और भूकंपादि दिव्य आंतरिक्ष भोम उत्पातभी
होतेहे देशकालके धर्म सभ बहोत विपरीत होतेहे सो राजाको
और प्रजाको नाशकारी होतेहें ३७ ॥
अरक्षितात्मा यो राजा प्रजाश्चापि न रक्षति प्र
जाश्च तस्य क्षीयन्ते ततः सोऽनु विनश्यति ३८
जोनसा राजा अपनेको अधर्मप्रवृत्तीसे रक्षा नही करता और
प्रजाकोभी रक्षा नही करता प्रजा उसकी नाशको प्राप्त होतीहे
पश्चात् आपभी नाशको प्राप्त होताहे ३८ ॥
द्वावाददाते ह्येकस्य द्वयोश्च बहवो परे कुमा
र्यः संप्रलुप्यन्ते तदाहुर्नृपदूषणम् ३९ ॥
हे राजन् राजाकी रक्षा विना एक पुरुषके धन कुटुंबादि पदार्थ
को दो पुरुष मिलके अपने हिरण बलकर्के छीनलेजातेहे ते
सेही दो पुरुषोसे चार पुरुष लेजातेहे उन्होसे आठलेजातेहे और
लोकविषे अविवाहित कन्याभी लूटीजातीहे यह सभही अधर्म
प्रवृत्तिसे लोकमर्यादाका विनाश होना राजाको प्रसाद दूषण
हे होताहे ३९ ॥
ममेद मिति नैकस्य मनुष्येष्ववतिष्ठति त्यक्त्वा
धर्मं यदा राजा प्रमादमनुतिष्ठति ४० इति श्री

श्री॰
रा॰ ध॰
टी॰
८॰

80

महाभारते शांतिपर्वणि राजधर्मेषु उतथ्यगी
तासु नवतितमोध्यायः ९० ॥

यह धर्मकर्म गृह कुटुंबादि हमारेहे इसप्रकारका ममता व्यवहार मनुष्योविषे किसीको कहीभी एक पुरुषोभी नहीप्रतिष्टा करता जब राजा धर्ममर्यादाको त्यागकर्के प्रमादनिष्टामो स्थितहोताहे ५॰ इ तिश्री महाभारते शतसहस्त्रसंहितायां शांतिपर्वणि राजधर्मे षुउतथ्यगीतासुनवतितमोध्यायः ९० ॥

उतथ्यउवाच कालवर्षीच पर्जन्यो धर्मचारीचपा
र्थिवः सपद्यदैषाभवति साबिभर्ति सुखंप्रजाः १

उतथ्यउवाच हे मान्धाता राजाजी पर्जन्यजो यथाकाल उचित वर्षाको करताहे सो जबराजाधर्मचारीहोताहे तबही होताहे जेतीयह धन धान्य संपदाहोतीहे सोईधनधान्यसंपदा प्रजाको पोषणकरतीहे यही राजाको धर्मसे प्रजापालनका फलहोताहे १ ॥

योनजानातिनिर्हंतं वस्त्राणांरजकोमलं रक्ता
नांवाशोधयितुं यथानास्ति तथैवसः २ ॥

हे राजन् इहांलोक व्यवहारका दृष्टांतसुनो जोनसा रजकवस्त्रोको शुद्धकरणहारासोजोवस्त्रके मलहरणोनहीजानताहे ओर रंजित वस्त्रोको शुद्धनही जानता सो रजक जैसाबनाहे तैसाही नहीबनाही सकाहे २ ॥

एव मेतत् द्विजेंद्राणां क्षत्रियाणां विशांतथा
शूद्रस्यतथैववर्णानां नानाकर्मस्ववास्थितः ३ ॥

इसीप्रकार तुमब्राह्मण सर्ववर्णोविषे अपनेको श्रेष्ठमानतेहे उन्होकोभी तुम धर्म कर्म विना नाममात्रही जानो क्षत्रीयोको ओर वैश्योको ओर शूद्रोकोभी सर्वकर्मोकीव्यवस्थामो नामधारणमात्र जाति अभिमानवालीहीजानो ३ ॥

कर्मशूद्रेकृषिर्वैश्ये दंडनीतिश्च राजनि ब्र
ह्मचर्यंतपोमंत्रा सत्यंचापिद्विजातिषु ४ ॥

हे राजन् शूद्रोंका जातिधर्म तीनवर्णोका सेवाकर्महे वैश्योका जातिधर्म कृषिवाणिज्यहे ओर दंडनीति राजाका जातिधर्महे ओ र ब्राह्मणोकाजातिधर्म ब्रह्मचर्य तपकरणा मंत्रपाटकरणा हे सर्ववर्णोको सत्यधर्म सामान्यहे ४ ॥

तेषांयःक्षत्रियोवेद वस्त्राणामिवशोधनं शी
लदोषाविनिर्हंतं सपिता स प्रजापतिः ५ ॥

हे राजन् जैसे चारोवर्णोंके प्रजालोकहे तिन्हके जो अधर्मशी
लताको दोषहे उन्हको वस्त्रोके मलकी न्याई स्वछकरजाने सो
राजा सभका पिताहोताहे प्रजापतिभी सोईहोताहे ५ ॥

कृतंत्रेताद्वापरंच कलिश्चभरतर्षभ राज
वृत्तानि सर्वाणि राजैवयुगमुच्यते ६ ॥

हे भारत खंडविषे श्रेष्टकृतयुग त्रेतायुग द्वापरयुग कलियु
ग यह सभही राजाके शीलहजके अनुसारहे ताते राजायुग
रूपहे ६ ॥

चातुर्वर्ण्यं तथावेदा श्चातुराश्रम्यमेवच स
र्वंप्रमुह्यते ह्येत यदाराजा प्रमाद्यति ७ ॥

जवराजा धर्मरक्षाविषे प्रमादी होताहे तबचारोवर्णोके धर्म
चारवेदोके धर्म चार आश्रमोके धर्मराजाके प्रमादसे सभही
प्रमादको प्राप्तहोतेहे ७ ॥

अग्नित्रेतात्रयीविद्या यज्ञाश्चसहदक्षिणाः स
र्वएवप्रमाद्यंति यदाराजा प्रमाद्यति ८ ॥

अग्नितीन जोहे आहवनीय गार्हपत्य दक्षिणाग्नि और बहोत द
क्षिणावाले यज्ञ यह सभही राजाके प्रमादसे प्रमादको प्राप्त
होतेहे ८ ॥

राजैवकर्ताभूतानां राजैवचविनाशकः ध
र्मात्मा यःसकर्तास्यादधर्मात्माविनाशकः ९

राजाही सर्वभूतोका कर्ताहे राजाही सभका विनाशकरता
हे धर्मात्मा राजा सभकाकर्ताहे अधर्मात्मा राजा सभका विना
शकर्ताहे ९ ॥

राज्ञोभार्याश्चपुत्राश्च बांधवाःसुहृदस्तथा
समेत्यसर्वेशोचंति यदाराजाप्रमाद्यति १०

राजाके प्रभावसे भार्यासुखी होतीहे पुत्रसुखकोदेतीहे बां
धवस्नेह करतेहे सुहृदलोकप्रीती करतेहे यहसभहीरा
जाकेही बनेहे जो राजा प्रमादकरे तोसभही मिलके शोचा
करतेहे १० ॥

हस्तिनोश्वाश्चगावश्च उष्ट्राश्वतरगर्दभाः अ
धर्मभूते नृपतौ सर्वेसीदंति जंतवः ११ ॥

जो कदाचित् राजाअधर्मीहोवे तो हाथी घोडे और गोआ उष्ट्र और

श्री॰
रा॰ प॰
टी॰
८१

त्वचा यह सभही दुखी होजाते हे कृश होजाते हे ११ ॥

**दुर्बलार्थं बलं सृष्टं धात्रा मांधातृ कथ्यते अब
लं तु महद्भूतं यस्मिन्सर्वं प्रतिष्ठितम् १२**

हे मांधाता राजा ब्रह्मा दुर्बलभजोके बलवास्ते विधाताने राजाही ब
लरूप सृजा हे जैसे अबलभूत हे तिन्हको महाबल राजा विषेही
प्रतिष्ठित हे १२ ॥

**यच्च भूतं संभजते ये च भूतास्तदान्वयाः अ
धर्मस्थे हृतदर्पतौ सर्वे शोचंति पार्थिव १३**

जौनसे दुर्बलभूत अन्नादिक भोजनसे बलको भजते हे जौन
से दुर्बल भूतोकी संबंधी बांधव हे सो सभही अधर्मकारी राजा
विषे शोचना करते हे १३ ॥

**दुर्बलस्य च यच्चक्षुर्मुनेराशीविषस्य च अ
विषह्यतमं मन्ये मास्म दुर्बलमासदः १४**

हे राजन् दुखपीडित जो दुर्बल जन हे उसके दुखभरी दृष्टि
हे विषज्वालाभरी सर्पदृष्टिसमान हे अति असह्य हे अति घो
र हे ताते तुम दुर्बलको पीडा मत करो १४ ॥

**दुर्बलांस्तात बुध्येथा नित्यमेवाविमानितान्
मा त्वां दुर्बल चक्षूंषि प्रदहेयुः सबांधवं १५**

हे तात जौनसे दुर्बल लोक अवमान पायकर दुःखी होते हे
उन्हको तुमने अवश्य दया करके विचारकरणे योग्य हे उन्ह
की रक्षा कर्तव्य हे तुमको दुर्बलोके नेत्रोकी दुखाग्नि संताप
से दग्ध नहीं करे १५ ॥

**नहि दुर्बल दग्धस्य कुले किंचित्प्ररोहति
आमूलं निर्दहत्येव मास्म दुर्बलमासदः १६**

जिन्हके कुलको दुर्बलोके संतापकी अग्नि दग्ध करती हे सो
कुल बहोड अंकुरको नही उदे करता समूलही सो अग्नि उस
को दग्ध करता हे ताते दुर्बल जनोको पीडा मत करो १६ ॥

**अबलं वै बलाच्छ्रेयो यच्चाति बलिवद्बलम्
बलस्याबलदग्धस्य न किंचिदवशिष्यते १७**

सर्वप्रकारके बलसे दुर्बल जनोका संतापबल महाबलवान
हे दुर्बलोके संतापबल करके जो दग्ध होता हे सो शेषवाकी
कछु नही होता १७ ॥

विमानितो हतः क्रुष्ट स्रातारं चेन्न विंदति अ
मानुषकृतनस्तत्र दंडो हंति नराधिपं १८ ॥
हे राजन् दुर्बल जनजो किसीने अवमानकियेहे किसीने मारा
हे और क्रोधकर्कें पीडितकियाहे बहोत दुखसे प्रकारकरतीहे उ
सको रक्षाकरणेहारा राजाआदिककोई प्राप्तनहीहोता उसके म
नमो संहरणिजगतके मानुषमरगयेहे संहरणिजगतनहीमारागा
याहे ऐसे अमानुष जगतकरणेका पापदंड राजाको प्राप्तहो
ताहे सो राजाको अतिपीडाकरतीहे १८ ॥
मास्मतातबलेस्थिता भुंजीथा दुर्बलं जनं मा
त्वा दुर्बल चक्षूंषि दहंत्वाग्नि रिवाश्रयं १९ ॥
हे तात तूं अपनी बलसन्नाविषे स्थितहोकर दुर्बल जनको अ
रक्षासे मतभोजनकरे तो को दुर्बलोके नेत्ररूपी अग्निवनकी
दावाग्नि वनकीन्याई मतदग्धकरे १९ ॥
यानि मिथ्याभि शस्तानां पतंत्यश्रूणि रोदतां
तानिपुत्रान्पशून्घ्नंति तेषां मिथ्याभिशंसनात् २०
हे राजन् मिथ्यादोषपीडितजो दुर्बलजनहे उनके रोदनसे जे
ते अश्रुजलके बिंदुपृथिवीमों पडतेहे सो अश्रुजलके बिंदुमि
थ्यादोषकरणेको तथा राजाके पुत्रोको और पशुसंपदादि सम्
हको दग्धकरदेतेहे २० ॥
यदिनात्मनि पुत्रेषु नचेत्पौत्रेषु नप्तृषु नहि
पापं कृतंकर्म सद्यःफलति गौरिव २१ ॥
हे राजन् जोनसा दुर्बलजनोकी पीडाकाजो पापकर्म हे सो जो
कदाचित् दुर्बलोकी पीडाकर्मका फलपापकारी पुरुषके श
रीरमों नहीभया पुत्रविषे नहीभया पुत्र प्रपौत्र मोनहीभया
गौकी प्रसूति समान तत्कालही नही भयातो २१ ॥
यत्राबलोवध्यमान स्रातारंनाधि गच्छति म
हान्दैवकृतस्तत्र दंडःपततिदारुणः २२
जिसराजाके देशमो अबल जनवध बंधनादिकोंकर्कें पीडित
भयाहे सो त्राता जनको किसीकोनही प्राप्तहोताहे तहां ऐसे म
हाघोर पापकर्मके फलसे महामारी दुर्भिक्षादि महाघोर दंड
प्राप्तहोताहे संहरणिदेशको विनाशकरताहे २२ ॥
युक्तायदाजानपदा भिक्षंते ब्राह्मणाइव अ
भीक्ष्णंभिक्षुरूपेण राजानंघ्नंति तादृशाः २३

हे राजन् जिसराजाके देशमे प्रजालोकदुःखपीडाको पायकर ब्राह्म
णोकी न्याई अपनी रक्षाकी भिक्षाको याचनकरतेहे धनदारादि संपदा
हरणोसे भिन्नरूपसेभीदीनभयेहे सोऐसे दुर्बलाजनहे सो अपने दुः
खसंतापके शस्त्रकोपकर्के राजाके वंशकोभी समूलघात मारदे
तेहे २३ ॥

राज्ञोयदा जनपदे बहवो राजपूरुषाः अ
नयेनोपवर्तंते तद्राज्ञः किल्बिषं महत् २४

जबराजाकेजनपददेशविषे बहोत अधर्मवाले राजाके अधि
कारी पुरुष अनीतिसे प्रजाको शासन करतेहे सोअनीति कर्म
का फलराजाकोही होताहे २४ ॥

यदाप्रज्ञानयंत्यर्था कामादर्थवशेनवा क
पणं याचमानो तद्राज्ञोवैशसंमहत् २५ ॥

जबराजाका अधिकारी पुरुष दुर्बललोक बलवानलोकोकी
पीडासे दुखित होकर्के अपनी रक्षावास्ते पुकार करतेहे उनको
रक्षापालननही करताहे कामक्रोधलोभसे अन्यथाही न्यायको
उलट पलट करताहे सो उसका पापराजाको फलकरताहे २५

महावृक्षोजायतेवर्द्धतेच तंचैवभूतानिसमा
श्रयंति यदावृक्षश्छिद्यतेदह्यतेच तदाश्रया
अनिकेताभवंति २६ ॥

अब अधर्मकारणेहे फलको दृष्टांतपूर्वककहतेहे हे राजन् रा
जारूपी महावृक्ष पूर्वसे कर्मबीजोकर्के उगताहे और वृद्धिकोभी
प्राप्तहोताहे उसके प्राणीजीव अनेक आश्रय करतेहे जब सो रा
जारूपी महावृक्ष पापकर्मके परिपाक कर्के छेदको प्राप्तहोता
हे अथवा दग्ध होताहे तब उसवृक्षके आश्रयकरणेहारे सभ
ही अनाश्रितहोकर्के नाशकोप्राप्तहोतेहे २६ ॥

यदाराष्ट्रेधर्ममग्र्यंचरंति संस्कारंवा राजः
गुणंब्रुवाणाः तैरेवाधर्मश्चरितोधर्ममोहा
त्तूर्णंजह्यात्सुकृतंदुष्कृतंवा २७ ॥

हे मान्धाता राजाजी जब राजाके अधिकारी अतिउग्र अधर्मको
आचरण कर्के आपने महत्वसंस्कारको करतेहे और राजाके प्री
तिगुणको अतिव्याख्यानको करतेहे तिन्होने अधर्मजो कियाहे
धर्ममोहसे उसकर्के सुकृतकात्यागहोताहे और पापकीप्राप्ति
राजाको होतीहे २७ ॥

यत्रपापाज्ञायमानाश्चरंति सतांकलिर्विंदते

तत्रराज्ञः यदाराजाशास्तिनरानशिष्टां स्तदा
राज्यंवर्द्धतेभूमिपस्य २८ ॥
जिसकेराज्यमों पापकारी लोकप्रसिद्धहोकर विचरतेहे और संत
जनोंविषेकलिजो अधर्मसेवाधाको करताहे सो कली दोषराजा
को होताहे जवराजा अधर्मकारी अशिष्टलोकोंविषे दंडनीतिसे शा
सनकरताहे तब राजाका राज्यवृद्धिको प्राप्तहोताहे २८ ॥
यश्चामात्यान्मानयित्वायथार्हं मंत्रेचयुद्धेचन्ट
पोनयुंज्यात् विवर्द्धते तस्यराष्ट्रं न्टपस्यभुंक्ते
महीं चाप्यखिलां चिराय २९ ॥
जोनसा राजा अपने अमात्य लोकोकों यथायोग्य सत्कारकर्के मं
त्रकार्यविषे और युद्धकार्यविषे नियोगकरताहे तबराजाको राज्य
देशपके प्राप्तिवृद्ध संपन्नहोताहे राजा चिरकालपृथिवीको धर्मसे
भोगताहे २९ ॥
यश्चापि सुकृतंकर्म वाचं चैव सुभाषितम्
समीक्ष्य पूजयद्राजा धर्ममाप्नोत्यनुत्तमम् ३०
जो राजा सुकृतकर्मको देखकर्के और सुकृतवाणी सुंदरवाणी
भाषितसुनकर्के सत्कारसे पूजाकरताहे सो राजा उत्तमधर्मफ
लको प्राप्तहोताहे ३० ॥
सं विभज्य यदाभुंक्ते नामात्या नवमन्यते नि
हंतिवलिनंदृप्तं सराज्ञो धर्मउच्यते ३१ ॥ जोरा
जा देवता ऋषि मनुष्योको यथाभागदेकर आपभोजनकरताहे
और धर्मपालनावाले अमात्यलोकोको अवमाननहीकरता जोन
सा अधर्मकारीवलवान पुरुषही उसको दंडनीतिसे वधबंधन
करताहे सो राजाको अपना अवश्य धर्मकर्मकहाहे ३१ ॥
त्रायतेहियदासर्वं वाचाकायेन कर्मणा पुत्र
स्यापिनमृष्येच्च सराज्ञोधर्मउच्यते ३२ ॥
जवसर्वलोकको वाणीकर्के कायकर्के रक्षाकरताहे चोरादि दुष्ट
जनोको दंडकरताहे जवसंग्रामविषे शत्रुगणोको जयकरताहे
सो राजाका धर्मकहाहे ३२ ॥
संविभज्ययदाभुंक्ते न्टपतिर्दुर्बलान्नरान् न
दामवंतिबलिनः सराज्ञो धर्मउच्यते ३३ ॥
जवराजा राष्ट्रको रक्षा करताहे चौरादिदुष्टजनोको दंडकरताहे
अधर्मकारी पुत्रकोभी क्षमानही करता सो राजाको पवित्रकरणेहा
रा धर्मकहाहे ३३ ॥

श्री॰
रा॰ध॰
टी॰
८३

83

यदारक्षतिराष्ट्राणि यदादस्यूनपोहति यदा
जयति संग्रामे सराजो धर्मउच्यते ३४ ॥
जो राजाके देशमो कर्मकर्के अथवा वाणीकर्के कोई पुरुष पापक
र्मकरताहे सो अपना प्रियभी होवे इसको दंडकरणेमो क्षमानही क
रताहे सो राजा धर्म कर्मका साक्षात्स्वरूपधारी कहाहे ३४ ॥
पापमाचरतोयत्र कर्मणाव्याहृतेनवा प्रिय
स्यापि नमृष्येत सराजोधर्मउच्यते ३५ ॥
जबराजा शरणागत दीनजनोको पुत्रके समान पालनकरताहे धर्म
मर्यादाको भेदन नही करता सो राजाकाधर्म कर्म अतिउत्तम कहाहे ३५
यदाशरणिकाद्राजा पुत्रवत्परिरक्षति भि
नत्तिचनमर्यादां सराजो धर्मउच्यते ३६ ॥
जबराजा धर्मम बड़दक्षिणावाले यज्ञोको श्रद्धाकरताहे कामद्वे
षोको अनादरकरके प्रजापालन करताहे सो राजाकोपरम धर्मक
यदाप्तदक्षिणैर्यज्ञै र्यजते श्रद्धयान्विताः होहे ३६
कामद्वेषावनादृत्य स राजो धर्मउच्यते ३७ ॥
जबराजा कृपण अनाथ वृद्धजनोको दुखजनोको निवृत्तिकर्कै दु
खजलवाले नेत्रोके जलको मार्जनकरताहे सभलोकोको हर्ष उप
जावताहे सो राजाको स्वर्गप्राप्तिका धर्मकहाहे ३७ ॥
कृपणानाथवृद्धानां यदाश्रु परि मार्जति ह
र्षं संजनयन्नृणां स राजो धर्मउच्यते ३८ ॥
जो राजा मित्रोकी वृद्धीकरताहे शत्रुजनोके मारकर्कै क्षीणकरता
हे साधुजनोकी रक्षनकरताहे सो राजाको मोक्षसिद्धिका धर्मक
विवर्द्धयतिमित्राणि तथारींश्चापकर्ष होहे ३८
ति संपूजयतिसाधूंश्च स राजो धर्मउच्यते ३९
जो राजा ब्राह्मणोकी पालन करताहे और निम्नभूमिदानदेता हे
प्रतिपीजनोकोअन्यलोको कोभी धनसंपदा दानकर्कै प्रसन्नकर
ताहे सो राजाको परमकल्याणकारी धर्मकहाहे ३९ ॥
निग्रहानुग्रहौ चोभौ यत्रस्यातां प्रतिष्ठितौ अ
स्मिंल्लोके परे चैव राजासप्राप्नुतेफलं ४० ॥
जिसके राज्यमो निग्रह और अनुग्रह यथाविधि प्रतिष्ठित बनेहे
सो राजा इहलोकविषे यशको और स्वर्ग भोगको फलको प्रा
प्तहोताहे ४० ॥

सम्यक्पालयितृश्रीमान् नित्यंभूमिं प्रयच्छति
प्रजयेद्दातिणीन् यत्मान् सराजा धर्म उच्यते ५१
हे महाराजा राजाजो धर्म कर्म करणेहारे लोकोको राजा धर्मराजा
परमेश्वरहोताहे सोई राजा अपने इंद्रियोंके जीतलेताहे कामको
धरहितहोताहे तो महाऐश्वर्यको प्राप्तहोताहे जोनि जैंद्रियन
ही होताजोअग्निरूपहोताहेजे सेअग्निकाष्टोंकोदाहकर्के आप
भी शांतहोताहे तैसे राजाभी प्रजापीडनकर्के आपभी समाप्त
होजाताहे ५१ ॥
यमोराजा धार्मिकाणां मोधाता:परमेश्वर:
संयच्छन्भवति प्राणा नसंयच्छस्तु पावक: ५२
सो राजाजब अपने ऋत्विक पुरोहित आचार्योंकोसत्कारकर्के
मानहूजाकर्के प्रसन्नकरताहे सोराजाका धर्म कर्मकी परम
सिद्धीकाभागी कहाहे ५२ ॥
ऋत्विक पुरोहिता चार्यान् सत्कृत्यानवमन्य
च यदासम्यक् प्रारहूणाति सराजाधर्मउच्यते ५ ३
हे राजन् यमराजा जोहे सोसर्वभूतोको विशेषविचारविनाही स
वभूतोंको संहारकरताहे तैसेराजानेभी सभकोपीडानही कर्न
व्यहे विधिवत् प्रजाको पालनकर्नव्यहे ५३ ॥
यमोयच्छतिभूतानि सर्वाण्येवा विशेषत:
तथा राज्ञानुकर्तव्यं येनयाविधिवत्प्रजा: ५४
जो राजा सदाधर्मपालनाको देखताहे सोसदासहस्राक्ष इंद्रके
समानउपमाको प्राप्तहोताहे जिसधर्मको आपसम्यक विचार
कर्के करताहे हे पुरुष श्रेष्ठसोई परधर्महे ५४ ॥
सहस्राक्षेण राजाहि सर्वथैवोपमीयते सप
श्यतियंधर्म सधर्म:पुरुषर्षभ ५५ ॥
हे राजन् तुम आपभी प्रमादकोत्यागकर क्षमाको बुद्धिज्ञानको
धृतीको शुभमतीको और सर्वभूतोंकी साधु असाधुकर्मजिज्ञासा
को सदाही शिक्षाको अभ्यासको करो ५५ ॥
अप्रमादेनशिक्षेथा: क्षमांबुद्धिं धृतिं मतिं
भूतानां चैवजिज्ञासा साधु साधुच सर्वदा ५६
और सर्वभूतोका संग्रह करणा और दानकरणा मधुर वचनक
हना इन्हका अभ्यासकरणा और पुरवासी लोकोको देशवासी
लोकोकी सदारक्षा करणी यथा सब सभको प्रसन्न करणा ५६

श्री॰
रा॰ध॰
टी॰
८४

84

संग्रहः सर्वभूतानां दानेन मधुरं वचः पौर
जानपदाश्चैव गोप्तव्यास्ते यथासुखं ४७
हे तात जो राजा धर्मविचारमो दक्षनहीहे सो प्रजारक्षाकर
णेको नही समर्थ होता यह राज्यकापालना महाभारीही
राज्यकरणा महादुष्करहे ४७ ॥

नशक्यं दक्षोन्नृपतिः प्रजाःशक्नोति रक्षितुं
भारोहिसुमहांस्तात राज्यंनामसुदुष्करं ४८
राज्यकरणेको दंडवेत्ता सूरमा पुरुषहीरक्षासे करसकताहे जो
राजा दंडनही करजानेऐसे कायर मूढबुद्धिकरकें राज्यकी रक्षा
अवश्यहे ४८ ॥

तद्दंडविन्नृपःप्राज्ञः शूरःशक्नोति रक्षितुं
नहि शक्यमदंडेन क्लीवेनाबुद्धिनापिवा ४ ५
हेमान्यात्ता राजातुम आपभी अमानदू पसंपन्न कुलीनजन्मवा
